* ओड़िशा संस्करण

09 मई, 2023
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 08, अंक 198

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


ममता सरकार ने पश्चिम बंगाल में फिल्म 'द केरल स्टोरी' पर लगायी रोक कहा- हिंसा से बचने के लिए लिया गया फैसला










## निलंबित आइएएस पूजा सिंघल सितंबर तक जेल में 'चक्की पीसेंगी'

- सुप्रीम कोर्ट से भी नहीं मिली जमानत
- 25 सितंबर को होगी अगली सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल को सितंबर तक जेल में 'चक्की पीसनी' पड़ेगी। सुप्रीम कोर्ट से पूजा सिंघल को जमानत नहीं मिली। नतीजतन, उन्हें अभी जेल में ही रहना पड़ेगा। गौरतलब है कि पूजा सिंघल ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दाखिल की थी। न्यायाधीश जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस ए अमानुल्ला की बेंच में पूजा सिंघल की जमानत याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के बाद जमानत नहीं दी। अब अगली सुनवाई 25 सितंबर को होगी। तब इस मामले पर कोई निर्णय की संभावना है।

**4 फरवरी से पूजा सिंघल हैं जेल में :** निलंबित आइएएस पूजा सिंघल पर मनरेगा घोटाला और



मनी लांड्रिंग का आरोप है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने 6 मई 2022 को तत्कालीन खान सचिव पूजा सिंघल के सरकारी और निजी आवास के अलावा उनके पति अभिषेक झा और उनके सीए सुमन सिंह समेत 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। सीए सुमन सिंह के आवास से इडी को 19.31 करोड़ रुपये नगद बरामद हुए थे। इसके बाद पूजा सिंघल से लंबी पूछताछ हुई और आखिरकार 11 मई 2022 को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। इडी ने रिमांड पर लेकर उनसे पूछताछ की। इसके बाद से वह जेल में थीं। पूजा सिंघल इस वर्ष 3 जनवरी को अंतरिम जमानत पर जेल से बाहर आयी थीं। इसके बाद 4 फरवरी को फिर जेल चली गयीं। सुप्रीम कोर्ट ने फिर 10 फरवरी को दो महीने की अंतरिम जमानत की सुविधा प्रदान की थी और वह जेल से निकलीं। दो महीने का समय पूरा होने के बाद फिर जेल में हैं और जमानत की कोशिश कर रही थीं।

### आरोप गठित, चलेगा ट्रायल

पूजा सिंघल के खिलाफ दायर चार्जशीट में उन पर कई गंभीर आरोप लगाये गये हैं। इडी ने इसमें बताया है कि कैसे चतरा, खूंटी और पलामू डीसी रहते हुए पूजा के खाते में सैलरी से 1.43 करोड़ रुपये अधिक आये थे। तीनों जिलों में उनके डीसी के कार्यकाल के दौरान के अलग-अलग बैंक खातों और दूसरे निवेश की जानकारी भी एक जगह जमा की गयी है। इसमें यह भी बताया गया है कि कैसे वह अपनी काली कमाई को खर्च करती थीं। हाल ही में इडी कोर्ट ने पूजा सिंघल सहित अन्य पर आरोप गठित किया है। अब इस मामले में सभी के खिलाफ ट्रायल चलेगा।

## निलंबित आइएएस छवि रंजन पर अब नामकुम के भूखंड में फर्जीवाड़ा का आरोप

- 9.03 एकड़ खासमहाल की जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़ा है मामला
- इडी ने छवि के जमीन संबंधित अन्य निर्णयों की भी जांच शुरू की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में हुए जमीन घोटाले में निलंबित आइएएस अधिकारी और रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन के कारनामों का पिटारा खुलने लगा है। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) अब नामकुम अंचल के पुगड़ू मौजा में खासमहाल प्रकृति की 9.30 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री की जांच करेगी। इस मामले में भी छवि रंजन पर आरोप लग रहे हैं। जानकारी के मुताबिक तत्कालीन डीसी छवि रंजन ने इस जमीन की खरीद-बिक्री गलत बताते हुए तत्कालीन एलआरडीसी और सब रजिस्ट्रार को शोकॉज करते हुए विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा सरकार से की थी। जब खासमहाल भूमि की अवैध खरीद-बिक्री को आधार बनाते हुए उक्त रजिस्टर्ड डीड को रद्द



करने का केस डीसी कोर्ट में किया गया, तो डीसी छवि रंजन ने केस खारिज कर दिया। सूत्रों के मुताबिक इडी अब इस मामले की भी जांच करेगी। इसके अलावा छवि रंजन के डीसी रहते हुए जमीन मामले में दिये गये बड़े निर्णयों की भी जांच होगी।

### सूची से पहले गायब, फिर दर्ज

सूत्रों के मुताबिक पुगड़ू मौजा की खाता संख्या 93, प्लॉट संख्या-543, 544, 545 और 546 की कुल 9.30 एकड़ जमीन की रजिस्ट्री वर्ष 2019 में करायी गयी थी। रजिस्ट्री के लिए इस प्लॉट को खासमहाल सूची से बाहर कर दिया गया था। इस पर तत्कालीन डीसी ने डीसीएलआर और सब रजिस्ट्रार पर कार्रवाई की अनुशंसा की। मामला बढ़ा, तो उक्त प्लॉट को दुबारा खासमहाल जमीन की सूची में दर्ज कर दिया गया।

**प्रतिबंधित है खासमहाल जमीन की खरीद-बिक्री:** जमींदारी प्रथा समाप्त होने के बाद जब्त जमीन खासमहाल सूची में दर्ज की गयी। इसका मालिकाना हक भारत सरकार के पास होता है। 1960 से 1980 के बीच सरकार ने हजारों लोगों को जीविकोपार्जन और शैक्षणिक संस्थानों को लीज पर खासमहाल की जमीन दी थी। इस प्रकृति की जमीन का हस्तांतरण नहीं हो सकता।

**प्रतिबंधित सूची से बाहर जमीन का डाटा इडी मंगायेगी:** सूत्रों के मुताबिक जमीन घोटाले में गिरफ्तार लोगों ने इडी की पूछताछ में कहा है कि डीसी रहते छवि रंजन ने कई खाते-प्लॉट की जमीन को प्रतिबंधित सूची से बाहर करने की अनुमति दी। बदले में मोटी रकम की वसूली की गयी। इडी अधिकारी बतौर डीसी छवि रंजन के दो सालों के कार्यकाल के दौरान प्रतिबंधित सूची से बाहर जमीन का डाटा खंगालने की तैयारी में हैं। जल्द ही रिपोर्ट जिलों से मांगी जायेगी।

## कारोबारी विष्णु अग्रवाल से तीन घंटे तक पूछताछ हुई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लैंड स्कैम मामले में इडी ने सोमवार को कारोबारी बिष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए कार्यालय बुलाया था। वह समय पर इडी कार्यालय पहुंचे। इडी के अधिकारियों ने उनसे तीन घंटे तक पूछताछ की। इसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। सूत्रों के मुताबिक इस दौरान इडी ने विष्णु अग्रवाल से जमीन खरीदने संबंधित कई सवाल पूछे। उन्होंने सवालों का जवाब दिया। चूंकि विष्णु अग्रवाल ने खुद को अस्वस्थ बताया, इसलिए उन्हें ज्यादा कुरेदा नहीं गया।

गौरतलब है कि रांची के चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की रजिस्ट्री निलंबित आइएएस छवि रंजन के रांची उपायुक्त रहने के दौरान हुई थी। चेशायर होम रोड में एक एकड़



जमीन की खरीद-बिक्री में प्रेम प्रकाश को 1.50 करोड़ रुपये मिले थे। फर्जी कागजात का इस्तेमाल करते हुए राजेश राय ने जमीन का पावर इम्तियाज अहमद और भरत प्रसाद को दिया था। पावर मिलने के बाद इन लोगों ने जमीन पुनीत भार्गव को बेची थी। उस समय जमीन 1.78 करोड़ रुपये में बेची गयी थी। बाद में पुनीत भार्गव ने चेशायर होम रोड की इस जमीन को विष्णु अग्रवाल के हाथ में 1.80 करोड़ रुपये में बेच दिया। जांच में इस बात का खुलासा हुआ है कि इस जमीन की खरीद-बिक्री में छवि रंजन और प्रेम प्रकाश की अहम भूमिका थी। उनकी मदद से ही यह डील हुई थी। इन सभी को देखते हुए कड़ी को सुलझाने के लिए इडी ने विष्णु अग्रवाल को पूछताछ के लिए तलब किया था।

सूत्रों के मुताबिक विष्णु अग्रवाल ने अपने ऑपरेशन होने का हवाला दिया है। वह मेडिकल रिपोर्ट लेकर इडी कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों को बताया कि वह अस्वस्थ हैं। हाल ही में उनका ऑपरेशन हुआ है। उन्हें ऑपरेशन की रिकवरी के बाद पूछताछ के लिए आने को कहा गया है। अभी उन्हें अगली तारीख के लिए समन नहीं दिया गया है।

### राजेश, विपिन और लखन से हुई पूछताछ, दिलीप से 10 को होगी

रांची। लैंड स्कैम मामले में सोमवार को राजेश राय, विपिन और लखन सिंह से भी इडी ने पूछताछ की। इन तीनों को भी इडी ने पिछले दिनों समन देकर 8 मई को कार्यालय बुलाया था। ये तीनों इस मामले में गिरफ्तार रिम्स के निलंबित कर्मचारी अफसर अली खान के करीबी हैं। सेना जमीन फर्जीवाड़ा मामले मे इन तीनों की भूमिका भी संदिग्ध है। इडी ने न तीनों से जमीन खरीद-बिक्री के संबंध में भी सवाल पूछे। सूत्रों के मुातिबक तीनों ने कई बातों की जानकारी इडी के अधिकारियों की दी है, जिसके आधार पर इडी तथ्यों को जांच कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करेगी। उधर, इडी ने इस मामले में कोलकाता के जगत बंधु टी स्टेट के दिलीप घोष से पूछताछ की तैयारी में भी लगी है। घोष को समन जारी किया जा चुका है। उन्हें 10 मई को इडी कार्यालय पूछताछ के लिए आना है।

## इडी ने छवि रंजन से दूसरे दिन भी की पूछताछ, सवालों में घिर रहे हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** निलंबित आइएएस छवि रंजन छह दिन के इडी की रिमांड पर हैं। उनसे दूसरे दिन भी पूछताछ जारी रही। सूत्रों के मुताबिक इडी गिरफ्तार सात लोगों के बयानों और छापेमारी में मिले दस्तावेज के आधार पर छवि रंजन से पूछताछ कर रही है। उनसे सेना की जमीन के अलावा उन्य भूखंडों के फर्जीवाड़े के बारे में पूछा जा रहा है। इसके अलावा उनके गोवा ट्रिप और प्राप्त राशि के निवेश के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक छवि रंजन कई सवालों का जवाब नहीं दे पा रहे हैं। कई बार वह खुद के जवाब पर क्रास सवाल करने पर फंस रहे हैं। कई सवालों पर वह चुप्पी साध जा रहे हैं। छवि रंजन लगातार एक बात की रट लगाये हुए हैं कि उन्हें फंसाने की कोशिश की जा रही है। वह सारा दोष मातहत कर्मचारियों पर दे रहे हैं। खुद को निर्दोष बताने में लगे हैं।






### 14वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन समारोह में शामिल हुए सीएम

## एमएसएमइ उद्योगों के लिए सब्सिडी 25 से बढ़ा कर 40 प्रतिशत की जायेगी: हेमंत

- चैंबर ऑफ कामर्स के पास कोई अच्छी योजना हो, तो सरकार को बताये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हमारी सरकार चाहती है कि एमएसएमइ उद्योग को राज्य में बढ़ावा मिले। सरकार औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए वर्तमान में उद्यमियों को 25 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है। उद्योग की बेहतरी के लिए झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कोई अच्छी योजना हो, तो हमारी सरकार एमएसएमइ उद्यमियों के लिए सब्सिडी बढ़ा कर 35 से 40 प्रतिशत तक कर सकती है। मुख्यमंत्री सोमवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में 14वां इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के समापन मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर में देश के उद्यमियों के साथ-साथ विदेशों के उद्यमियों को भी भागीदारी निभाने का मौका मिला है। इस



तरह का आयोजन राज्य में उद्योग को बढ़ाने का बेहतर प्रयास है।

**बेहतरीन उद्योग नीति बनायी:** हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार ने एक बेहतरीन उद्योग नीति बनायी है। आज कई छोटे-बड़े कॉरपोरेट घरानों ने यहां निवेश की इच्छा जतायी है। पिछले दिनों जमशेदपुर में एक बड़े कॉरपोरेट सेक्टर ने औद्योगिक इकाई स्थापित करने के निमित्त शिलान्यास किया है।

**औद्योगिकीकरण का पुराना इतिहास रहा है :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा प्रदेश है, जहां आजादी से पहले से ही और आजादी के बाद भी झारखंड को औद्योगिक इकाइयों का साथ मिला है, चाहे वे औद्योगिक इकाइयां टाटा, बिरला की हों अथवा कोल कंपनियां हों, चाहे अलग-अलग तरीके के औद्योगिक घराने हों। देश में उद्योग के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली एचइसी भी झारखंड में ही स्थापित है। देश का पहली फर्टिलाइजर फैक्ट्री भी झारखंड में ही लगी थी। परंतु, सैकड़ों वर्षों के सफर में झारखंड को औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में जहां खड़ा होना चाहिए था, उसके अनुरूप आज नहीं दिख रहा है। हमारी सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश के लिए लगातार कदम उठा रही है।

### उद्योग को बढ़ावा देने की सभी क्षमता विद्यमान

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य में उद्योग को बढ़ावा देने की सभी क्षमताएं विद्यमान हैं। फिर भी देश में झारखंड पिछड़े राज्यों की श्रेणी में शामिल है। जबकि, देश में कई ऐसे राज्य हैं, जिनके पास उतने संसाधन नहीं हैं, लेकिन आज वे अग्रणी राज्यों में शामिल हैं। झारखंड में प्राकृतिक सुंदरता के साथ-साथ खनिज संपदा और मेहनतकश लोग हैं, फिर भी हम अन्य राज्यों की अपेक्षा औद्योगिकीकरण के मामले में क्यों पिछड़ गये हैं। यह चिंतनीय विषय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किस प्रकार इस राज्य को आने वाले समय में एक बेहतर दिशा देकर देश के अग्रणी राज्यों में शामिल कर सकें, इसके लिए हम सभी को मिल कर प्रयास करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एग्रीकल्चर के क्षेत्र में भी सकारात्मक कार्य करे। सरकार राज्य में औद्योगिक निवेश को लेकर झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के साथ हरसंभव खड़ी रहेगी।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देने को लेकर कई महत्वाकांक्षी योजनाएं लायी गयी हैं। राज्य सरकार की सोच है कि सरकार की योजनाओं का लाभ हर वर्ग और समुदाय को मिले। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उनकी एक लाइव पोट्रेट तस्वीर सप्रेम भेंट की गयी। उन्होंने ट्रेड फेयर में लगी स्टॉल्स का परिभ्रमण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष किशोर मंत्री सहित सभी सदस्य और बड़ी संख्या में उद्यमी मौजूद थे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,000 रु./10 ग्राम
चांदी 80,000 रु./प्रति किलो



# झारखंड में सरकार किसी की हो, सिस्टम को तो यही चलाते हैं

## ■ प्रेम प्रकाश, विशाल चौधरी से लेकर पूजा सिंघल और छवि रंजन के खिलाफ इडी की कार्रवाई ने किया साबित

## ■ मुट्ठी भर भ्रष्ट अधिकारी और सत्ता के दलाल घुन की तरह खा रहे झारखंड को

**करीब 25 साल पहले शिव विश्वनाथन और हर्ष सेठी ने भारत में भ्रष्टाचार की कहानियों पर 'क्रॉनिकल ऑफ करप्शनः फाउल प्ले' नामक एक किताब लिखी थी, जिसमें उन्होंने भ्रष्टाचार को चार तरह से परिभाषित किया है। लेकिन उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि झारखंड में इस तरह का और इस स्तर का भ्रष्टाचार होगा, जिसकी चर्चा मात्र से प्रदेश का सिर शर्म से झुक जायेगा। पिछले एक साल में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा राज्य में की गयी कार्रवाई ने यही साबित किया है कि राज्य में सरकार चाहे इनकी हो या उनकी, यहां का सिस्टम मुट्ठी भर भ्रष्ट अधिकारियों, इंजीनियरों, सत्ता के दलालों और राजनीतिक दलों का चोला पहने कुछ माफिया तत्वों के इशारे पर चलता है। एक के बाद एक आइएएस अधिकारियों की गिरफ्तारी, सत्ता के दलालों के साथ उनके गठजोड़ और इस नापाक गठजोड़ के कारण झारखंड लगातार खोखला होता जा रहा है। विश्वनाथन और सेठी ने भ्रष्टाचार के इस तरीके की परिभाषा नहीं की, क्योंकि यह नये किस्म का भ्रष्टाचार है, जिसमें सीधे राज्य के संसाधनों को क्रूर तरीके से लूटा गया और यहां की गरीब जनता के हकों को रौंद दिया गया। सबसे आश्चर्य की बात यह है कि इन सभी ने लूट-खसोट का साम्राज्य खड़ा किया, लेकिन कभी उसका दोष अपने ऊपर नहीं लगने दिया। भ्रष्टाचार के हर मामले में दोष राजनीतिक नेतृत्व पर लगता रहा। झारखंड में भ्रष्टाचार का यह एकदम नया एंगल है। यह विडंबना ही है कि जिस राज्य का हर दूसरा बच्चा कुपोषित हो, जहां आज भी लोग पीने के पानी के लिए रतजगा करते हों, वहां ऐसे भ्रष्ट अधिकारी अपनी काली कमाई का अश्लील प्रदर्शन करते हैं, राजनेता उन्हें संरक्षण देते हैं और अधिकारी नियम-कायदों के बेपरवाह हो जाते हैं। ऐसे तत्वों के काले कारनामों की पृष्ठभूमि में झारखंड के कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और सत्ता के दलालों के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**



राकेश सिंह

पिछले एक साल के दौरान झारखंड का नाम एक बार फिर घोटालों और संस्थागत भ्रष्टाचार के लिए पूरी दुनिया में चर्चित हुआ। इस चर्चा में खास बात यह रही कि राज्य का राजनीतिक तबका इससे अमूमन अछूता रहा, लेकिन झारखंड को घुन की तरह खाये जा रहे अलग तरह का सिस्टम सामने आया, जिसका प्रभाव किसी भी सरकार के दौर में कम नहीं हुआ। फिर चाहे वह आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल हों या छवि रंजन, राजनीतिक कार्यकर्ता पंकज मिश्रा हों या दाहू यादव, सत्ता के दलाल प्रेम प्रकाश हों, विशाल चौधरी हों या इंजीनियर वीरेंद्र राम, कारोबारी अमित अग्रवाल हों या विष्णु अग्रवाल। ये कुछ ऐसे नाम हैं, जो पिछले एक साल से झारखंड की सुर्खियां बन रहे हैं, लेकिन कोई इस बात पर ध्यान नहीं देता कि इन सभी ने मिल कर एक ऐसा सिस्टम विकसित कर लिया है, जिसे तोड़ पाना किसी भी राजनीतिक दल के लिए असंभव हो गया है।

वास्तव में झारखंड में ऐसे भ्रष्ट अफसरों और सत्ता के दलालों की यह कहानी न पहली है और न अंतिम। करीब 23 साल पहले बनाये गये झारखंड राज्य को भष्टाचार के दानव ने ऐसा दबोचा है कि इसे खत्म करने की ताकत किसी में नहीं है, चाहे कोई सरकार हो या कोई भी राजनीतिक दल। इस दानव को ऐसे अधिकारियों, इंजीनियरों, राजनीतिक कार्यकर्ताओं का चोला पहने माफिया तत्वों और कारोबारियों ने खूब पाला-पोसा। अब, जब इनके काले कारनामे सामने आ रहे हैं, तो झारखंड अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। इतना ही नहीं, इन अधिकारियों और उनके परिजनों को भरोसा है कि इस कार्रवाई से कुछ नहीं होगा। जिस झारखंड में लोग भर पेट खाना खाने के लिए जद्दोजहद में जुटे रहते हैं, वहां अवैध तरीके से कमाये गये धन का इतना अश्लील प्रदर्शन हो सकता है, यह सोच से भी परे है।

### सिस्टम ही बनाता है ऐसे दीमकों को

झारखंड में तैनात पूजा सिंघल और छवि रंजन जैसे अधिकारी, वीरेंद्र राम जैसे इंजीनियर, पंकज मिश्रा और दाहू यादव जैसे सफेदपोश और प्रेम प्रकाश जैसे सत्ता के दलाल और विष्णु अग्रवाल जैसे धनाढ्य कारोबारी जानते हैं कि कितना भी भ्रष्टाचार करें, बाद में बरी हो जायेंगे, क्योंकि हमारी सरकारें ऐसे लोगों को आज तक सजा नहीं दे पायी हैं। झारखंड में ऐसे दीमकों की सूची बहुत लंबी है। यहां यह बता देना लाजिमी है कि जितने भी नाम ऊपर में दिये गये हैं, ये एक दिन में अपना दबदबा कायम नहीं कर पाये हैं, बल्कि सालों साल से इनकी यही करतूत रही है, चाहे वह किसी की सरकार रही हो।

### कम नहीं हैं आइएएस अधिकारी भी

झारखंड में लूट-खसोट के इस खेल में आइएएस अधिकारी भी कम नहीं हैं। राज्य के कई आइएएस अफसरों पर भ्रष्टाचार के आरोप की जानकारी के लिए रिपोर्ट मांगी गयी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गयी। इन अफसरों पर भ्रष्टाचार के मामलों में जांच चल रही है। पिछले एक साल में इडी ने राज्य के दो आइएएस अधिकारियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक पूजा सिंघल हैं, जो मनरेगा घोटाले के अलावा कई और अन्य आरोपों से घिरी हैं। यह वही पूजा सिंघल हैं, जिनकी हर सरकार में तूती बोलती थी। जब मधु कोड़ा राज्य के मुख्यमंत्री थे, तो पूजा सिंघल का दबदबा जगजाहिर था। जब राज्य में रघुवर दास मुख्यमंत्री बने, तब भी पूजा सिंघल का रूतबा कम नहीं हुआ। अ हेमंत सोरेन सरकार में भी उनकी पहुंच जगजाहिर हो गयी है। कहने का तात्पर्य यह है कि किसी भी दल की सरकार हो, पूजा सिंघल ने अपनी तरह से सिस्टम को चलाया। दूसरे आइएएस अधिकारी हैं छवि रंजन, जिन्हें इडी ने जमीन घोटाले के मामले में गिरफ्तार किया है। सरकार में उनका जलवा ऐसा था कि वह कई मंत्रियों तक की नहीं सुनते थे। रांची के कमिश्नर नितिन मदन कुलकर्णी के आदेशों को भी रद्दी की टोकरी में डाल दिया। इससे पहले की सरकार में कोडरमा में डीसी रहते हुए सरकारी पेड़ काटने का मामला उनके खिलाफ दर्ज हुआ, जांच हुई, हो-हल्ला हुआ, लेकिन उनका कुछ नहीं बिगड़ा। वह उसी रौब-दाब में रहे। बाद में तो वह रांची के डीसी बन गये। सत्ता के गलियारों में उनकी धमक ऐसी थी कि उनके सीनियर भी उनसे खौफ खाते थे। अभी कई और आइएएस बेनकाब होनेवाले हैं। हालांकि झारखंड में सुखदेव सिंह जैसे आइएएस अधिकारी भी हैं, जिनका दामन बेदाग रहा है। वे न इस खेमे में हैं और न उस खेम में।













### सत्ता के दलालों ने भी खूब खेल किया

कहा जाता है कि सपनों के टूटने का दर्द बहुत गहरा होता है और यह किसी भी समाज की व्यवस्था के लिए घातक होता है। करीब 23 साल का झारखंड आज अपने सफर के इसी मोड़ पर खड़ा है, जहां उसके पास केवल टूटे हुए सपने हैं और उन सपनों को सहेज कर फिर से उन्हें रंगीन बनाने की चुनौती वर्तमान सरकार के सामने है। याद कीजिए 2011 की 4 अप्रैल की तारीख, जब दिल्ली के रामलीला मैदान में गांधीवादी अन्ना हजारे ने 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' नामक आंदोलन शुरू किया था और देखते-देखते पूरा देश उनके साथ खड़ा हो गया। तब झारखंड किशोरावस्था में था, लेकिन उसने भी अन्ना आंदोलन में साझीदारी निभायी थी। यह उस आंदोलन का परिणाम ही था कि 2014 के विधानसभा चुनाव में राजनीतिक स्थिरता मुख्य मुद्दा बनी। यह मुद्दा कारगर रहा और राज्य में पहली बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। लेकिन उसके बाद झारखंड ने इस स्थिरता की बहुत बड़ी कीमत चुकायी। इस कीमत का पता अब चल रहा है, जब यह सामने आ रहा है कि राज्य का एक आइएएस अधिकारी सत्ता के एक दलाल प्रेम प्रकाश के कार्यालय में बैठ कर सरकारी फाइलें निबटाता है, तो तीसरी श्रेणी का एक कर्मचारी सरकारी दस्तावेज अपने घर में रखता है। प्रेम प्रकाश जैसा व्यक्ति इतना ताकतवर हो जाता है कि पुलिस के हथियार उसके यहां से बरामद होते हैं। प्रेम प्रकाश अचानक चर्चा में नहीं आया है। पिछली सरकार में भी वह आंखों का तारा था। उसकी पहुंचे उस समय तत्कालीन मुख्य सचिव तक थी। इए-पीए तो उसके आगे-पीछे दौड़ लगाते थे।

दरअसल, झारखंड में गड़बड़ियों पर निगाह रखने, उन्हें रोकने और दोषियों को कानून के कटघरे तक लाने के लिए जिम्मेदार सरकार का हर महकमा केवल दिखावे के लिए काम करने लगा। मंत्रिमंडल निगरानी विभाग, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, स्पेशल ब्रांच, सीआइडी और दूसरे ऐसे महकमों का काम जी-हुजूरी और लीपापोती तक सिमट कर रह गया था। हद तो तब हो गयी, जब राज्य के शीर्ष पद पर बैठे अधिकारी क्षणिक लाभ के लिए अर्दली के रूप में दिखने लगे थे। जब जो सरकार रही, उसके कार्यकर्ता के रूप में उनकी भूमिका सामने आने लगी। राज्य में व्यवस्था बनाने की जगह उसे तोड़ने में पूरी ताकत लगने लगी थी। इसका नतीजा वही हुआ, जिसका डर था। काम तो हो रहे थे, लेकिन गड़बड़ियों की जिम्मेवारी कोई भी लेने के लिए तैयार नहीं था। सत्ता के ऐसे दलालों ने झारखंड के सपनों को न केवल बेरहमी से कुचला, बल्कि उसके सुखद भविष्य पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर दिया। मुट्ठी भर नौकरशाहों ने पूरे सिस्टम को अपने इशारों पर नचाना शुरू कर दिया और वे राजनीतिक नेतृत्व को यह समझाने में सफल हो गये कि जनता बेहद खुश है और राज्य विकास के रास्ते पर तेजी से दौड़ रहा है। इन अफसरों को जब भी किसी मामले में फंसने की आशंका होती थी, उसे तत्काल मंत्रिमंडल निगरानी विभाग या सीआइडी के पास भेज दिया जाता था, जिन्हें फाइलों का कब्रगाह बना दिया गया था। ऐसा नहीं है कि पांच साल में कोई काम नहीं हुआ। काम तो हुआ, लेकिन गड़बड़ियां भी बहुत हुईं और सबसे बड़ी गड़बड़ी यह हुई कि इनके लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया गया। कंपनियां आयीं और पैसा बटोर कर निकल गयीं। ठेकेदारों को काम दिया गया, उन्होंने कुछ काम किया, पैसा पूरा लिया और बोरिया-बिस्तर समेट लिया। बिचौलियों और सत्ता के गलियारों में खुलेआम अपना सिक्का चलानेवालों को रोकने-टोकनेवाला कोई नहीं था।

कहा जाता है कि गलत क्या है, इसे जानने से कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन गलत को सही करने से फर्क पड़ता है। झारखंड के पास संसाधन है, इच्छाशक्ति है और वह बहुत आगे जा सकता है। अब इस युवा झारखंड की आंखों में नये सपने उभरने लगे हैं, जिनमें रंग भरना और उन्हें हकीकत में बदलना बड़ी चुनौती है। अब झारखंड के लिए यह तय करने का समय आ गया है कि उसे ऐसे अधिकारियों, सत्ता के दलालों, माफिया तत्वों और कारोबारियों की जरूरत है या नहीं, जिन्हें हर वह सुविधा दी जाती है, जिसके लिए आम झारखंडी तरसता है। अब समय आ गया है, दागदार अधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों से हटाने का, धांधली के लिए दोषी ठहराने का और सबसे अधिक छोटी मछली की जगह बड़ी मछली को जिम्मेदार ठहराने का। जब तक इनके कारनामों पर हथौड़ा नहीं चलेगा, ये झारखंड को घुन की तरह खाते रहेंगे और सिस्टम इनकी मुट्ठी में कराहता रहेगा।

---

### बाबूलाल मरांडी ने जारी किया झारखंड करप्शन का पोस्टर, सोशल मीडिया पर लिखा-

## कवर पोस्टर किरदारों की बस एक झांकी है, इंतजार कीजिए कई नाम अभी बाकी हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में लगातार चल रही इडी की जांच, कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक से पूछताछ और गिरफ्तारी को लेकर विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी हेमंत सोरेन की सरकार को घेर रहे हैं। कभी सवालों के जवाब देने के लिए उन्हें चैलेंज करते हैं, तो कभी जनता से मिलनेवाले जवाब का इंतजार करने को कहते हैं।

अब एक बार फिर बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया पर हेमंत सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने अपने फेसबुक पर एक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में उन्होंने उन 10 लोगों के नाम जारी किये हैं, जो इन दिनों इडी की रडार पर हैं। कुछ को इडी गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, तो कइयों से अब भी पूछताछ कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने इसे 'द झारखंड स्टोरी': करप्शन के किरदार नाम दिया है। उन्होंने लिखा है कि ये कवर पोस्टर किरदारों की बस एक झांकी है। इंतजार कीजिएब्बाकि किरदारों के नाम आने बाकी हैं।



#### ज्योतिषियों की सलाह पर गरीबों को खिचड़ी खिला रहे

बाबूलाल मरांडी ने लिखा है कि झारखंड में लोगों की गाढ़ी कमाई और गरीबों का खून चूसनेवाले कुछ भ्रष्ट अधिकारी, सत्ता संरक्षित और पोषित दलाल-लुटेरे अब इडी की कार्रवाई से बचने के लिए रांची से दिल्ली तक ज्योतिषों के चक्कर काट रहे हैं। सत्ता के संरक्षण में भ्रष्टाचार की मलाई खाने और झारखंड के गरीबों, दलित-आदिवासियों का खून चूसने के बाद अब ज्योतिषियों की सलाह पर गरीबों को खिचड़ी खिला रहे हैं।

#### अधिकारियों को जनता की आह लगी

भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने फेसबुक में लिखा है कि इन भ्रष्टाचारियों पर साढ़े साती नहीं, बल्कि झारखंड की गरीब जनता की आह से वक्र दृष्टि लगी है, जिसका कोई ज्योतिषीय उपाय नहीं है। अब बोया पेड़ बबूल को तो आम कहां से होय। इनका भविष्य सबको पता है। जल्द ही इनका राजयोग अब कारावास योग में बदलने वाला है।

#### पापों का प्रायश्चित करिये

उन्होंने अधिकारियों को सलाह भी दी है। लिखा है कि इनके आगे का समय अब आरामदेह केबिन से निकल कर अब होटवार जेल वाले कमरों में कटेगी। मेरी सलाह मानिए, अब झाड़ फूंक, तंत्र-मंत्र, ज्योतिषियों के जादू-टोना के चक्कर में पड़ने की बजाय अपने पापों का प्रायश्चित करिये। गरीबों की गाढ़ी कमाई लौटाइये। लूटी गयी पाई-पाई का हिसाब के साथ जनता को सच बताइये, तो शायद इसी से पाप का बोझ कुछ हल्का हो जाये।

---

## झारखंड जदयू कोर कमेटी की बैठक में संगठन को मजबूत करने पर मंथन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में जनता दल यूनाइटेड संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुट गया है। इसी कड़ी में बिहार के मंत्री और झारखंड जदयू प्रभारी अशोक चौधरी दो दिवसीय दौरे पर रविवार को रांची पहुंचे। सोमवार को राजकीय अतिथिशाला में कोर कमेटी के सदस्यों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ संगठन की मजबूती को लेकर मंथन किया। निर्णय लिया गया कि 20 से 30 मई के बीच प्रभारी और सह प्रभारी दो चरणों में झारखंड के सभी जिले का दौरा करेंगे। वहीं 15 जून तक नयी कमेटी का गठन किया जायेगा। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पांच प्रमंडल का दौरा करेंगे। वहीं बिहार के सीएम नीतीश कुमार का भी आगमन झारखंड में होगा।



### कांग्रेस के साथ आने से देश भर में मजबूत होगी विपक्षी एकता : अशोक चौधरी

बैठक में अशोक चौधरी ने कहा कि 2024 के चुनाव में झारखंड में जदयू मजबूती के साथ उभरेगा। पुराने साथियों के मार्गदर्शन और नौजवानों की ऊर्जा से झारखंड में संगठन बेहतर करेगा। हमारे नेता नीतीश कुमार विपक्षी एकता को गोलबंद करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा को 2024 के चुनाव में हराने के लिए विपक्षी एकता में सफलता भी मिल रही है। आने वाले समय में इसका विस्तृत स्वरूप देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सभी पार्टी की अपनी विचारधारा होती है। हम अपनी पार्टी की विचारधारा का फैलाव करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस देश की बड़ी पार्टी है। कांग्रेस के साथ आने से देश भर में विपक्षी एकता मजबूत होगी। नेतृत्व कौन करेगा, यह सभी दल मिल कर तय करेंगे।

### बिहार सूफी संतों की धरती, गंगा जमुनी तहजीब को खंडित करने वाले का होगा विरोध

वहीं, बिहार में बाबा बागेश्वर के कार्यक्रम को लेकर हुए विवाद पर अशोक चौधरी ने कहा कि बिहार सूफी संतों की धरती है. यहां आकर कोई गंगा जमुनी तहजीब को खंडित करना चाहेगा, तो यह गलत है

### ये रहे मौजूद

बैठक में झारखंड सह प्रभारी विजय सिंह, सह प्रभारी और बेलहर विधायक मनोज यादव, झारखंड जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो, प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार, धनबाद जिला अध्यक्ष पिंटू सिंह, रेणु गोपीनाथ पन्नीकर समेत अन्य मौजूद रहे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में सफलता, आकस्मिक धन लाभ, सपरिवार भ्रमण के साधन बनेंगे।

**वृष** कर्मश्रेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,उपहार-पुरस्कार की प्राप्ति।

**मिथुन** प्रेम संबंधों में सुधार, भौतिक सुख-संपन्नता की वृद्धि, वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा।

**कर्क** व्यापारिक यात्रा करनी पड़ सकती है, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी. सेहत अच्छा रहेगा।

**सिंह** जॉब में बदलाव होगा, नये दायित्व मिल सकता है, नये वस्त्र-आभूषण की प्राप्ति, मन प्रसन्न रहेगा।

**कन्या** जमीन-जायदाद संबंधी विवाद हल होगा, धन की स्थिति अच्छी होगी।

**तुला** प्रेम-प्रसंग में उलझनें दूर होंगी, बकाये रकम की प्राप्ति, व्यापारिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।

**वृश्चिक** नौकरी-व्यापार में उन्नति, आर्थिक स्थिति बेहतर होगी, स्वजन-मित्रों से सहयोग मिलेगा।

**धनु** कर्मक्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा, पैसे का लाभ होगा।

**मकर** दिन-भर अनावश्यक भाग-दौड़ करनी पड़ सकती है, आय के स्रोत बढ़ेंगे।

**कुंभ** जॉब में अप्रिय प्रसंगों की प्राप्ति, सेहत को लेकर चिंता होगी, जीवन साथी से अनबन होगी।

**मीन** विवाहेत्तर प्रेम संबंधों को लेकर परेशानी हो सकती है, कोई नया काम करने से नुकसान होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# पांच बड़े नक्सलियों ने किया सरेंडर

**आत्मसमर्पण करनेवालों में दस लाख का इनामी भी, समर्पण नीति से प्रभावित होकर किया सरेंडर**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में पांच बड़े नक्सलियों ने सोमवार को आत्मसमर्पण किया। इनमें 10 लाख के इनामी, जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ टिंगू , पांच लाख के इनामी, सब-जोनल कमांडर सहदेव यादव उर्फ लटन, सब - जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सलीम, सब-जोनल कमांडर संतोष भुईया उर्फ सुकन और दस्ता सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया का नाम शामिल है।

**कई बड़े नक्सली कर रहे हैं आत्मसमर्पण**

आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति से प्रभावित होकर ये नक्सली समर्पण कर रहे हैं। हाल ही में भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के झारखंड में रीजनल कमेटी मेंबर और 15 लाख के इनामी नक्सली इंदल गंझू ने भी सरेंडर किया। इनामी रीजनल कमांडर इंदल गंझू जिस पर चतरा, हजारीबाग, पलामू के साथ बिहार के गया और औरंगाबाद में 145 मामले दर्ज थे।

### सरकारी योजनाओं से आकर्षित हो रहे हैं नक्सली

आत्मसमर्पण के बाद नक्सलियों ने बताया था कि कैसे वहे इस रास्ते पर चले। सभी ने यही कहा कि जमीन का विवाद था और इसे लेकर कई नक्सली उसके गांवों में आते थे । इनसे प्रभावित होकर वह इनसे जुड़ गये। पिछले 20 वर्षो से संगठन में शामिल रहे। झारखंड में सरकार की नीतियों से आकर्षित होकर कई बड़े नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। सूत्र यह भी बता रहे हैं कई बड़े दूसरे नक्सली भी संपर्क में हैं और सरेंडर के लिए तैयार हैं।

# ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर से मिले विधायक मथुरा महतो

**जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने सोमवार को राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम से मिल कर अपने विधानसभा क्षेत्र की कई जर्जर सड़कों, पुल-पुलिया की मरम्मत और नवीनीकरण को लेकर चर्चा की। उन्होंने सड़कों की मरम्मत के साथ- साथ पुल-पुलिया की मरम्मत कराने पर जोर दिया। कहा कि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। मिलने आये टुंडी विधायक की बातों को ध्यानपूर्वक सुन मंत्री ने जर्जर सड़कों और पुल-पुलिया की मरम्मत को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।



भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006 (ओडिशा), भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006 (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या 06/पीए/एफओ/2023-24

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, शमन और अनुकूल: असम के दो कृषि-जलवायु क्षेत्रों के चावल परितंत्रों में ऐसी गैसों के बेहतर आविष्कार और प्रबंधन के लिए रणनीतियाँ (ईएपी-295) परियोजना के लिए एक (01) परियोजना सहायक (पीए) तथा एक (01) क्षेत्र संचालक (एफओ)** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार क्रमश: दिनांक **17.05.2023** को आयोति किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशी आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interviews will be held on **Dt. 17.05.2023** for selection of **one (01) Project Assistant (PA) and one (01) Field Operator (FO)** respectively at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack in the scheme **"Greenhouse gas emission, mitigation & adaption: Strategies for better inventory & management of such gases in rice ecosystems of two agro-climate zones of Assam" (EAP-295).** The details regarding essential / desirable qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website : **https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR

# लाखों लोगों को संवैधानिक अधिकारों से होना पड़ रहा है वंचित: डॉ लंबोदर

**लोहरा और बड़ाइक-चिक बड़ाइक समुदाय का अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों के रहनेवाले लोहरा और बड़ाइक-चिक बड़ाइक समुदाय के सदस्य (जिनके खतियान में दर्ज कौम कमार/लोहार, बड़ाइक) हैं। उनका अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहा है। इस संबंध में सोमवार को आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव डॉ लंबोदर महतो, रामगढ़ विधायक



सुनिता चौधरी और केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत की अगुवाई में सामाजिक प्रतिनिधि जितेन बड़ाइक, संवद बड़ाइक, शेखर लोहरा, रविंद्र करमाली, करण करमाली, महावीर कर्मकार सहित अन्य ने कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के प्रधान सचिव से मुलाकात की। जाति प्रमाण पत्र निर्गत होने में हो रही परेशानी पर आजसू की ओर से बताया गया कि कार्मिक विभाग के पत्रांक- 5575 दिनांक-10.04.17 के आधार पर संथाल परगना प्रमंडल के विभिन्न जिलों में रहनेवाले व्यक्ति जिनके खतियान में कौम के स्थान पर कमार, लोहार और मडैया दर्ज है, उनके समुदाय के सदस्यों को उन्हें स्थानीय जांच के आधार पर लोहरा जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। कार्मिक विभाग के पत्रांक संख्या-355 दिनांक 19.07.06 के आधार पर जिनके खतियान में कौम के रूप में लोहार दर्ज है, उन्हें स्थानीय जांच के आधार पर लोहरा जनजाति का प्रमाण पत्र दिया जा रहा है, वहीं रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों में निवासरत जिनके खतियान में कौम कमार दर्ज है, उन्हें स्थानीय जांच के आधार लोहरा जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। इसी प्रकार झारखंड राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत बड़ाइक चिक बड़ाइक एक परिवार, एक ही जाति और एक ही समुदाय के होने के बावजूद जिनके खतियान में चिक बड़ाइक दर्ज है, उनको अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र निर्गत होता है। लेकिन जिनके खतियान में बड़ाइक दर्ज है, उनको जाति प्रमाण पत्र निर्गत होने में कठिनाई हो रही है।



## मंत्री बादल ने आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन और सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख द्वारा प्राप्त आर्थिक सहायता राशि का ड्राफ्ट झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव मनोज सहाय पिंकू ने कोडरमा नगर पंचायत के लाभुकों के बीच वितरित किया। ड्राफ्ट वितरण कार्यक्रम में कोडरमा कांग्रेस नगर पंचायत अध्यक्ष राजू सिंह और निवर्तमान कोडरमा नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि संजीव सलूजा मुख्य रूप से उपस्थित हुए। ज्ञात हो कि कृषि मंत्री के कोडरमा आगमन पर सर्किट हाउस में जरूरतमंद महिलाओं ने मंत्री से भेंटकर सहायता की गुहार लगाई थी जिनका विस्तृत ब्यौरा तात्कालिक कोडरमा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहाय ने मंत्री कोषांग में जमा कराया था। इन्हीं लाभुकों को माननीय मंत्री के वैवेकिक कोष से प्राप्त सहायता राशि का ड्राफ्ट सुपुर्द किया गया। लाभुक महिला सामंती देवी ने इसके लिए मंत्री का धन्यवाद दिया जबकि प्रदेश सचिव सहाय एवं कोडरमा कांग्रेस नगर पंचायत राजू सिंह ने विश्वास जताया कि आगे से जरूरतमंदों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का प्रयास करता रहूंगा। मौके पर सुबोध सिंह, वीरेंद्र कुमार,गणेश कुमार अभिषेक सिंह उपस्थित रहे।

## तालाब जीर्णोद्धार कार्य को जनहित में रद्द करने की मांग

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के खरियोडीह पंचायत के ग्रामीणों ने उपायुक्त कोडरमा को एक लिखित ज्ञापन सौंपा है, जिसमें खरियोडीह के खाता नंबर 83 प्लॉट नंबर 1500 में स्वीकृत तालाब जीर्णोद्धार सह गहरीकरण कार्य को जनहित में रद्द करने की मांग की है। इस संबंध में भूमि संरक्षण विभाग पदाधिकारी को भी ज्ञापन सौंपा गया है। लिखित ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि तालाबनुमा स्थल से सटा हुआ लोगों की घनी आबादी क्षेत्र है जहां अनुसूचित जाति के गरीबों का टोला भी इसी तालाब स्थल से सटा हुआ है। वहां आने जाने का मुख्य रास्ता तालाब का मेढ है, जिस पर पीसीसी बना हुआ है, इसके दूसरे हिस्से में मेढ से सटा आंगनवाड़ी केंद्र कोड संख्या 77 अवस्थित है। जिसमें छोटे छोटे नन्हे बच्चों का पठन पाठन और खेलने की जगह है। आवेदन में देवनारायण रविदास, संतोष रजक, जगन्नाथ कुमार, नसीम अंसारी, मीना देवी, परमेश्वर पंडित, जलालुद्दीन अंसारी, ज्योती देवी, पप्पू रजक सहित दर्जनों ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं।

## बजरंग दल का हनुमत शक्ति जागरण कार्यक्रम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। बजरंग दल 9 मई 2023, दिन मंगलवार को पूरे देश में कुमति निवार सुमति के संगीश सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से हनुमत शक्ति को जागृत कर कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों तथा देश विरोधी और हिंदू विरोधी मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान करेगा। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि क्या इन सारे नेताओं को नहीं दिखाई देता कि बजरंग दल देश भर में गौ रक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्म स्थल की रक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे सेवा कार्य में लगा हुआ है। उन्होंने सभी कार्यकर्ता गण और सनातन धर्मावलंबी से इस पुनीत आयोजन में सादर आमंत्रित किया है।

## योगाचार्य ने बच्चों को हंसते खेलते योग सिखाया



जयनगर (आजाद सिपाही)। पतंजलि परिवार योगा समिति हरिद्वार के तत्वावधान में नि:शुल्क एक दिवसीय योगा शिविर का जयनगर प्रखंड के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोसमाडी में आयोजन किया गया। योगाचार्य सुषमा सुमन ने बच्चों को हंसते खेलते हुए योगा का परामर्श और शरीर को स्वस्थ रखने की कला बताया। गया साथ में लंबाई बढ़ाने के लिए और अपने पूर्वज का संस्कार बताते हुए कि हमारे पूर्वज 100 साल तक जीवित रहते थे, स्वस्थ रहते थे, खान-पान मजबूत रहता था। दूध, दही, गुड, चना, बेल का शरबत गर्मी के समय में लेते थे। इससे शरीर मजबूत भी होता है। प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि बच्चे बहुत उत्साह से गायत्री मंत्र पूरा किये। योग के प्रति बच्चे आकर्षित हो रहे हैं और 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का तैयारी जोर शोर से हो रहा है। शिविर में प्रधानाध्यापक सुरेश प्रसाद गुप्ता, जितेंद्र यादव, समाजसेवी रामदेव मोदी उपस्थित थे। सुरेश प्रसाद गुप्ता ने शिविर समापन पर योग क्रांति जोड़ी की सराहना की।

## स्कूल में पैरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। असनाबाद स्थित स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के प्रांगण में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि सेवा भारती के सचिव आलोक कुमार सिन्हा, शिक्षक संजीव कुमार पाठक व अन्य ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मीटिंग के द्वारान विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा नर्सरी से फोर के छात्र-छात्राओ के माता पिता, अभिभावक शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक कुमार सिन्हा ने बताया कि विद्यालय द्वारा यह प्रयास काफी ही सराहनीय है और माह में कम से कम एक बार शिक्षक पेरेंट्स मीटिंग होना अनिवार्य किया जाना चाहिए। मीटिंग मे मुख्य रूप से गणेश कुमार साव, महेश राणा, गौरी देवी, प्रमिला देवी, पूनम देवी, चंपा देवी, दीपक मल्होत्रा आदि उपस्थित थे।

## नेशनल ओलंपियाड में तीन छात्रों को मेडल



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। नेशनल ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 3 छात्रों को मेडल मिला है। विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने बताया कि ब्लूम्स इंडियाज बिगेस्ट ओलंपियाड में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 2 छात्रों को गोल्ड और एक छात्र को सिल्वर मेडल मिला है। उन्होंने बताया कि साइंस ओलंपियाड में अंशराज को गोल्ड मेडल, राजवीर मोदी को सिल्वर मेडल और रिजनिंग ओलंपियाड में राजनंदनी को गोल्ड मेडल मिला है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार, एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा, डिप्युटी डायरेक्टर विनोद कुमार और प्राचार्य नवीन कुमार ने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर उनका हौसला बढ़ाया। बच्चों ने यह परीक्षा शिक्षक किशोर कुणाल की देखरेख में दी थी। दूसरी ओर छात्रों की सफलता पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार, दीपक सर्राफ, सुभय कुमार, आशुतोष गौतम, रजनी बाला समेत अन्य शिक्षकों ने बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## रेड क्रॉस दिवस पर दस लोगों ने किया रक्तदान



कोडरमा (आजाद सिपाही)। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर कोडरमा ईकाई के द्वारा स्वैच्छिक रक्त दान शिविर का आयोजन कोडरमा ब्लड बैंक मे किया गया। इस दौरान दस रक्त दाताओं के द्वारा रक्त दान किया गया। मौके पर डॉक्टर सुजित राज, डॉक्टर आरके दीपक, अरविंद सेठ, जफर इकबाल, प्रियरंजन के अलावा ब्लड बैंक व रेड क्रॉस के सदस्य उपस्थित थे।

## नगर पंचायत डोमचांच की योजना को लेकर बैठक



कोडरमा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत योजना चयन को लेकर बैठक हुई। बैठक में नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत योजनाओं का चयन को लेकर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने दक्षिणी पंचायत में स्थित सांस्कृतिक भवन के दर में संशोधन करने को कहा। वार्ड 10 में नये दुकान बनाने हेतु स्थल चयन को लेकर निर्देश दिया। साथ ही नगर पंचायत डोमचांच अंतर्गत सभी साफ-सफाई वाहनों में वीटीएस अधिष्ठापन करने की बात कही। नगर पंचायत वार्ड 9 में गिरीडीह रोड गौरी कॉम्पलेक्स के समीप बाइक पार्किंग के बंदोबस्ती करने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार जैसल, सांसद प्रतिनिधि, नगर प्रबंधक, कनीय अभियंता व अन्य मौजूद थे।

# हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होने से आक्रोशित लोगों ने थाना घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



टाटीझरिया। इचाक प्रखंड के लुंदरू निवासी 55 वर्षीय महावीर महतो पिता ईश्वर महतो की 12 अप्रैल को खैरा - करमा से शव बरामद की गयी थी। जिसमें मृतक के परिजनों व गांव वालो ने वही के तीन लोग पर हत्या कर देने का आरोप लगाया था। मृतक के परिजन व वहां के ग्रामीणों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर हजारीबाग पूलिस अधीक्षक के कार्यालय भी गए लेकिन अभी तक कोई प्रतिक्रिया नही हुई जिसको लेकर सोमवार को मृतक के मां, पत्नी, पूत्र के अलावे ईचाक प्रखंड के पूनाई, लुंदरू, देवकुली, करियातपूर, बसरिया, और टाटीझरिया प्रखंड के झरपो, भराजो, अमनारी के दर्जनों ग्रामीण लगभग 25 दिन बीत जाने के बाद भी महावीर महतो के हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं होने के विरोध में टाटीझरिया थाना का घेराव कर विरोध जताया. इस दौरान मृतक की मां मो देवा, पत्नी मोसोमात बिंदा, पूत्र खगेन्द्र प्रसाद, सुरेन्द्र प्रसाद परिजन व ग्रामीण पुलिस पर लापहरवाही बरतने का आरोप लगाकर जमकर प्रशासन के विरोध में नारेबाजी भी की। घेराव के दौरान स्वजन ग्रामीणों के साथ थाना के मुख्य गेट पर बैठ गए थे व हत्यारों को गिरफ्तार करो सहित पुलिस कर्मियों के खिलाफ जमकर नारे लगाए। वे नारे लगा रहे थे कि पुलिस निष्क्रिय है। नहीं तो अब तक हत्यारे सलाखों के पीछे होते। अपराधियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं किए जाने से लोग आक्रोशित हैं। इस दौरान जिला परिषद् चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, गांडेय के पूर्व विधायक जयप्रकाश वर्मा, कांग्रेस नेता आरसी प्रसाद, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद, कांग्रेस नेता दिगंबर प्रसाद मेहता, भाजपा नेता सुनिल मेहता, प्रणव मेहता, युवा नेता गौतम कुमार सहित अन्य ने थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार को आरक्षी अधीक्षक व उपाधीक्षक के नाम ज्ञापन पत्र सौंप कर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

इस प्रदर्शन में घायल मृतक महावीर महतो के साढू देवकुली निवासी गिरधारी महतो ने कहा की हमलोग यहां इंसाफ के लिए पहुंचे थे। शांतिपूर्वक हमलोग प्रदर्शन कर रहे थे। हम थोडा सा भीड़ से अलग हुए तब तक हंगामा होने लगा हम सब को थाना गेट से हटा रहे थे। तभी अचानक मेरे माथे पर पूलिस द्वारा डंटा से हमला कर दिया गया। जिससे मेरा माथा फट गया। नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज करवाया गया। टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि निर्दोष कोई फंसे नही और जो दोषीवार होगा बचेगा नही हर हाल में गुनेहगार मेरे हाथ से बच नही पायेंगे। मामले की तहकीकात चल रही है, जो आरोपी होंगे उसको बख्शा नहीं जायेगा ।

### श्री श्री 1008 शिव गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ की कलश यात्रा में शामिल हुईं विधायक

# धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में होता है सकारात्मक ऊर्जा का संचार : अंबा प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



बड़कागांव। प्रखंड क्षेत्र के नापोखुर्द पंचायत अंतर्गत ग्राम डोकाटांड़ में 8 जून से 16 जून तक चलने वाले 9 दिवसीय श्री श्री 1008 शिव गौरी परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महायज्ञ के उपलक्ष में दिन सोमवार को कलश यात्रा निकाली गयी। कलश यात्रा में लगभग 1700 महिलाओं व बालिकाओं ने कलश धारण किया। मौके पर स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रही तथा कलश यात्रा के दौरान महिलाओं और बालिकाओं के साथ गांव का भ्रमण किया। इस दौरान डोकाटांड़ से नापोखुर्द, बरबनिया होते हुए बदमाही नदी पहुंचकर सभी ने पूरे विधिवत तरीके से पूजा अर्चना की तथा जल उठा कर नागदेवतरी होते हुए वापस यज्ञ मंडप तक पहुंचे। इस दौरान महिलाएं पारंपरिक पीत वस्त्रों में सिर पर कलश धारण कर चलती रहीं।

अंबा प्रसाद ने कहा कि इस तरह के भव्य महायज्ञ के भक्ति आयोजन से पूरे क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। क्षेत्र में यज्ञ होने से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो जाता है व जहां तक मंत्रोच्चारण की ध्वनि पहुंचती है वहां तक पूरा वातावरण शुद्ध हो जाता है।

मौके पर मुख्य रुप से प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, मुखिया गणेश साव, पंचायत समिति सदस्य गणेश साव, समाजसेवी चंद्रिका साव, चंदर साव, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, त्रिवेणी प्रसाद गुप्ता, शंकर साव, दीपक साव, दशरथ साव, हरि साव, सुखदेव साव, सुनील कुमार, दुलारचंद कुमार, सुरेंद्र कुमार, जीवलाल साव, बोधन साव, अखिलेश प्रसाद नायक, जगत नंदन साव, कैलाश साव, बिंदु साव समेत हजारों की संख्या में महिला-पुरुष मौजूद थे।

### तीन दिवसीय गायत्री विराट महायज्ञ के लिए भूमि पूजन

# गायत्री विराट महायज्ञ से क्षेत्र शुद्ध होता है : जेपी पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता



चरही। चुरचू प्रखंड के लारा में सोमवार को प्रातः 8:00 आयोजित होने वाले गायत्री 9 कुंडी विराट महायज्ञ लारा स्कूल मैदान प्रांगण में 15 मई से 17 मई तक होगा जिसके लिए सोमवार को यज्ञ स्थल पर भूमि पूजन और यज्ञ ध्वजारोहण गायत्री शक्तिपीठ हजारीबाग के श्याम जी के द्वारा पूजन करवाया गया और ग्रामीणों के द्वारा भक्ति भाव के साथ भगवे ध्वजा को लेकर ढोल झताशा नगाडे के साथ नगर भ्रमण किया गया इस कार्यक्रम में क्षेत्र मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए यज्ञ में शामिल होने लारा पहुंचने पर लारा वासियों के द्वारा विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का भव्य तरीके से फुल माला पहना कर और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया गया जयप्रकाश भाई पटेल ने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए बताया है कि गायत्री महायज्ञ विश्व का कल्याण हेतु सर्वश्रेष्ठ माना गया है और खास करके गायत्री महायज्ञ से मनुष्य के अंदर की ऊर्जा का विकास होता है।

वही यज्ञ के संयोजक सह सांसद प्रतिनिधि अनूप भाई वर्मा ने बताया कि यज्ञ गायत्री शक्तिपीठ हजारीबाग के देखरेख में कराया जा रहा है जिस यज्ञ को सफल बनाने के लिए गायत्री शक्तिपीठ हरिद्वार के द्वारा यज्ञ कराने के शक्तिपीठ की टोली हजारीबाग की पावन धरती लारा में आएंगे

समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार चंद्रवंशी, सचिव शिव कुमार चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष खगेश राम, कोषाध्यक्ष जुगल चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, समेत सैकड़ों लोगों ने आज की पूजा में भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शामिल हुए चंद्रदेव कुमार शर्मा, योगेश राम भुइयां, रामदेव राम, बलदेव रावाणी, धनेश्वर राम, मुखलाल राम, राम प्रसाद राम, सुभाष गोप, आनंद गोप, पिंटू राम, अजय कुमार, कालो देवी, शांति देवी, गीता देवी, मालती देवी, मंजू देवी, बेनी राम, संजय राम, विनोद राम, सुभाष राम, महेश चंद्रवंशी, केशव चंद्रवंशी, राजेंद्र चंद्रवंशी, सरिया देवी, कालो देवी, श्रीदेवी, आरती देवी, सावित्री देवी, रामजीवन राम, प्रकाश राम चंद्रवंशी, सुखदेव राम, चंद्रवंशी, मीना देवी, धनेश्वरी देवी, कलावती देवी, लीलावती देवी, समेत सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं और ग्रामीण शामिल हुआ।

## एंबुलेंस और अल्टो कार में जोरदार टक्कर, चार घायल

**टाटीझरिया ( आजाद सिपाही)। विष्णुगढ़ एनएच - 522 मुख्य सड़क बन्हे के पीछे सोमवार शाम लगभग साढे पांच बजे अल्टो कार ( जेएच-02 ए वी-9102 ) व एंबुलेंस ( जेएच-01सीजी-2047 ) आपस में टकरा गई। घटना में अल्टो चालक पप्पु कुमार उनकी पत्नी रिंकी देवी सहित उसके दो छोटे बच्चे और एंबुलेंस ड्राइवर, एक पहले से डीस्चार्ज मरीज, एक महिला व एक पूरूष सवार घायल हो गए। अल्टो कार में सवार लोग अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होकर देवघर से अपने घर हजारीबाग लौट रहे थे। वही एंबुलेंस में सवार मरीज अस्पताल से डीस्चार्ज मिलने पर उसको रांची से मरकच्चो देवनगर बगोदर छोडने जा रहे थे। एक्सीडेंट होने पर एंबुलेंस ड्राइवर का दहिना पैर टुट गया है। सूचना पर टाटीझरिया थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार ने घटना स्थल पर पहुंच कर तत्परता दिखाते हुए थाना के निजी वाहन से घायलों को विष्णुगढ़ अस्पताल पहुंचाया।**

### एक साथ 240 विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, 74 शिक्षक पाये गये अनुपस्थित

# सात बजे से प्रारंभ हुआ अभियान, उपायुक्त ने तीन विद्यालयों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



हजारीबाग। उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सोमवार को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों के समय सारणी के अनुसार शिक्षकों की उपस्थिति की जांच को लेकर जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा प्रातः 7 बजे से औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित टीम में सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ तथा जिलास्तरीय अधिकारियों समेत कुल 42 सदस्यों को व्यापक स्तर पर एक साथ औचक निरीक्षण के आदेश दिये थे।

कई श्रोतों से प्राप्त शिक्षकों की अनुपस्थिति की शिकायत पर उपायुक्त ने समेकित रूप से इस कार्य को अंजाम दिया। इसी क्रम में आज उपायुक्त ने भी तीन विद्यालय आनंदा प्लस टू हाई स्कूल, मध्य विधालय नूरा एवं राजकीयकृत श्री कृष्ण आरक्षी बाल उच्च विधालय हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयों में स्वीकृत पद, कार्यरत पद, निरीक्षण के समय उपस्थित शिक्षकों की संख्या, अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों का नाम एवं पदनाम और अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित शिक्षकों की अवधि की गहन जांच की।

आज संपन्न हुए औचक निरीक्षण कार्यक्रम में विभिन्न प्रखंडों के कुल 240 विद्यालयों की जांच की गई जिसमें 74 शिक्षक अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये गए।

उपायुक्त ने कहा की राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की अहम भूमिका होती है लेकिन कई शिक्षक अपने दायित्वों के निर्वहन में रुचि नहीं रखते हुए विद्यालयों में नहीं आते है, वैसे गैरजिम्मेवार शिक्षकों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। जिला के सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई के स्तर में गुणात्मक सुधार के लिए उपायुक्त निरंतर प्रयासरत है।

## पुलिस ने गुम मोबाइल को उनके मालिक तक पहुंचाया



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग जिलांतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्र में एक साल में गुम हुए 34 मोबाइल को हजारीबाग पुलिस ने आपरेशन भरोसा के तहत ढूंढ कर उनके वास्तविक मालिक तक पहुंचाने का काम किया है। सोमवार को एसपी मनोज रतन चौथे ने पत्रकारों के समक्ष मोबाइल को उनके वास्तविक मालिक को सौंपा। इस दौरान श्री चौथे ने बताया की एक साल के अंदर गुम हुए मोबाइल जिसे उनके मालिक ने थाना में सन्हा करवाया था उसे आपरेशन भरोसा के तहत टेक्निकल सेल के सहयोग से ढूंढा गया है। इससे पूर्व भी कई दर्जन मोबाइल को आपरेशन भरोसा के तहत ढूंढ कर उनके वास्तविक मालिक तक पहुंचाया गया है। मिले 34 मोबाइल वास्तविक उपभोगकर्ता का सत्यापन कर पुनः वापस सुपूर्द किया गया है। प्राप्त किये गये मोबाइल की कुल कीमत लगभग पांच लाख पचास हजार दो सौ पचासी रूपया है। मौके पर एएसपी कुमार देवाशीष, सी सी आर डीएसपी आरिफ एकराम, कोर्रा प्रभारी उत्तम तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में अशोक कुमार की मौत



इचाक (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के एन एच 33 स्थित सिरसी में रविवार देर शाम कार और बुलेट में टक्कर हो गई थी, जिसमे बुलेट सवार चतरा जिले के पिंडरा गांव निवासी अशोक कुमार सिंह पिता महेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। ग्रामीण और स्थानीय पुलिस के सहयोग से घायल अशोक कुमार सिंह को इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## नवनामांकित भैया- बहनों का नैपुण्य वर्ग संपन्न



कोडरमा (आजाद सिपाही)। कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में नवनामांकित भैया बहनों का नैपुण्य वर्ग आयोजित किया गया। इस वर्ग का शुभारंभ कोडरमा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव दिनेश सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर राजनंदिनी ने कविता पाठ कर सबो का मन मोह लिया। समापन समारोह में उपस्थित अध्यक्ष नारायण सिंह ने भैया बहनों का उत्साह वर्धन करते हुये कहा कि हमारे भैया बहन किसी भी विद्या में किसी से पीछे ना रहे यही हमारी सोच है और इसी हेतु इस प्रकार के कार्यक्रम किए जाते हैं । शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर अभिभावक आलोक पांडे आचार्य प्रदीप कुमार, रामानुज पांडे, डॉ धीरेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, विजय मिश्रा, विरेंद्र प्रसाद, वीरेंद्र मिश्रा, धीरज कुमार पांडे, सुनील कुमार, दीपक कुमार विश्वकर्मा, संजय महतो पवन शर्मा, मुरलीधर कुमार, विजय कुमार तिवारी, विपिन कुमार, चंद्रशेखर कुमार, मुन्ना सिंह, श्वेता श्रीवास्तव, रानी प्रसाद, शर्मिष्ठा शाहा, रिमझिम कुमारी, अर्चना सिन्हा, अनीता ठाकुर व गीतांजलि शर्मा आदि उपस्थित थे।

## चट्टीबारियातू में रुद्र महायज्ञ, तैयारियां जोरों पर

केरेडारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड के चट्टीबारियातू पंचायत में श्री श्री 1008 रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की शुरूआत 30 मई को कलश यात्रा के साथ होगी और 7 जून को इसकी पूणाहूति के साथ समापन किया जायेगा। ग्रामीणों में महायज्ञ को लेकर काफी उत्साह देखा जा रहा है। इसे लेकर चट्टीबारियातू, बारियातू, नावाडीह, हरिजन मुहल्ला समेत सभी प्रभावित क्षेत्रों के ग्रामीणों के बीच लगातार बैठकें की जा रही हैं। कोविड - 19 महामारी की वजह से महायज्ञ का आयोजन नहीं किया जा सका था। क्षेत्र में चौथी बार यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसे सफल बनाने हेतु यज्ञ कमिटी का गठन किया जा चुका है तथा विभिन्न प्रकार की तैयारियां कई दिन पहले से ही शुरू कर दी गई हैं। इस दौरान पूर्व मुखिया प्रतिनिधि सुंदर गुप्ता, पूर्व पंसस प्रतिनिधि विनोद नायक व मनोज गुप्ता, भोला गुप्ता, गुरूचरण प्रसाद गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिमन्यु गुप्ता, बालगोविंद सोनी, योगेंद्र महतो, करम साव, नरसिंह सिंह, छोटन सिंह, तालेश्वर गुप्ता, दुर्गादत्त गुप्ता, अमेरिका साव, पंकज गुप्ता, गणेश गुप्ता, अनूज दूबे, विकाश गुप्ता, संतोष नायक, बलराम सोनी, अनिल गुप्ता, संजय गुप्ता, कपिलदेव गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, भीम महतो, इंद्रनाथ पासवान और दर्जनों प्रबुद्धजन मौजूद थे।

## अवैध कोयला लदे दो ट्रक जप्त

पदमा (आजाद सिपाही)। एनएच 33 इटखोरी मोड़ के समीप गुप्त सूचना के आधार पर पदमा सीओ मोजाहिद अंसारी ने अवैध कोयला लदा दो ट्रक संख्या जेएच 02डब्लू 4232 और जेएच 02 टी 7189 को जप्त करते हुए पदमा थाना में मामला दर्ज किया। थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह ने बताया की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए दोनो चलको को जेल भेजा जायेगा। जानकारी के अनुसार ट्रक से इन दिनो भारी मात्रा में कोयल की तस्करी की जा रही है।

## ब्राजील की लीना का संजय मेहता के आवास पर आगमन



बरही (आजाद सिपाही)। ब्राजील की लीना का आगमन सामाजिक कार्यकर्ता सह आप पार्टी से चुनाव लड़ चुके संजय मेहता के बरही स्थित आवास पर हुआ। लीना एक यात्री है जो दुनिया का भ्रमण कर रही है। उन्होंने पिछले छः सालों में 59 देशों का भ्रमण किया है। लीना फिलहाल भारत के दौरे पर है। वह भारत के अलग-अलग राज्यों के कला, संस्कृति, जीवनशैली से रु-ब रु हो रही है। संजय मेहता को यात्रियों के अंतराष्ट्रीय नेटवर्क के माध्यम से यह सूचना मिली थी कि लीना बरही के रास्ते कोलकाता जा रही है। फिर उन्होंने संपर्क साधा और अपने आवास पर आतिथ्य सत्कार किया। दाल, भात, साग, चोखा, चटनी का स्वाद चखा लीना ने झारखंडी भोजन का स्वाद चखा। उन्होंने झारखंड के भोजन की काफी प्रशंसा की। उन्होंने दाल, भात, चोखा, चटनी, साग के स्वाद की खुलकर तारीफ की। उन्होंने गर्मी में तरबूजे का भी आनंद लिया।

## विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष छात्रों ने दिया धरना



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन के समक्ष बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व धर्मेंद्र कुमार, जीवन कुमार यादव, अभिषेक राज कर रहे थे। इस दौरान उपस्थित छात्रों ने बताया की यूनिवर्सिटी में जब से सीबीसीएस सेमेस्टर सिस्टम 2015 में लागू हुआ तबसे छात्रों को कोर पेपर के साथ केवल एक जेनरिक पेपर की पढ़ाई सत्र 2019 तक के छात्रों को कराई गई। जिसका परिणाम यह हुआ कि अब स्नातक व बीएड कर चुके छात्र शिक्षक नियुक्ति, टीजीटी, लैब असिस्टेंट व अन्य ऐसे नियुक्तियों से वंचित हो जा रहे है, जिसमे सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन की योग्यता रखी गई है। साथ ही बीएड पाठ्यक्रम में केवल एक ही मैथड पेपर की पढ़ाई की जा रही, जबकि अन्य यूनिवर्सिटी में 2 मैथड पेपर से पढ़ाई होती है। इन्ही मुद्दों को लेकर प्रशासनिक भवन के समक्ष छात्रों ने जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्य द्वार को जाम कर दिया। छात्रों ने बताया की उपरोक्त मांग को 20 फरवरी से अधिकारियों के समक्ष रखा जाता रहा, लेकिन कोई कार्यवाई नहीं हुई, जिसके पश्चात सोमवार को धरना के लिए सभी छात्र विवश हुए। परीक्षा नियंत्रक द्वारा छात्रों की मागों पर सहमति के पश्चात धरना को समाप्त किया गया। धरना प्रदर्शन को समाजसेवी मुन्ना सिंह ने भी समर्थन दिया। धरना में मुख्य रूप से धर्मेंद्र कुमार, जीवन यादव, अभिषेक राज, बंटी कुमार, देव विकास, अंजय कुमार, प्रद्युमन कुमार, आलोक कुमार, फैजान, चंदन कुमार, गुलाम, दामोदर कुमार, दीपक मेहता, विकास कुमार, मुकेश कुमार, राज किशोर, अनिल कुमार समेत कई छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कोहिनूर ज्वेलर्स से पंद्रह लाख के जेवर और नगदी की डकैती, जांच में जुटी पुलिस

# चार नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर घटना को दिया अंजाम


ज्वेलर दुकान के कर्मचारी के बयान पर पुलिस कर रही जांच

**आजाद सिपाही संवाददाता**









**रामगढ़।** शहर के थाना चौक स्थित कोहिनूर ज्वेलर दुकान में डकैती की घटना बेहद संदेहास्पद साबित हो रही है। जेवर दुकान के मालिक के अनुसार लगभग 15 लाख से अधिक की संपत्ति की लूट चार नकाबपोश अपराधियों ने कर ली। लेकिन जांच के दौरान जो बातें स्पष्ट हो रही हैं, उससे यह साबित हो रहा है कि वहां महज 50 से 60 हजार की संपत्ति की लूट हुई है। इसकी सच्चाई क्या है यह तो जांच के बाद ही पुलिस स्पष्ट कर पायेगी।

### जेवर दुकान के मालिक का दावा, 15 लाख से अधिक की लूट

इस पूरे प्रकरण में कोहिनूर ज्वेलर्स के मालिक हार्दिक वडेरा ने बताया कि चार नकाबपोश अपराधियों ने उनकी दुकान पर धावा बोला था। दो अपराधी हेलमेट पहनकर दुकान के अंदर घुसे थे और दो अपराधियों ने मास्क पहना हुआ था। अपराधियों ने घुसते ही अपना रिवाल्वर निकाल लिया और कर्मचारियों को धमकाना शुरू कर दिया। उनमें से एक अपराधी दुकान मालिक की कुर्सी की तरफ से अंदर घुसा और उसने लगभग 15 लाख रुपए के जेवर और नगदी लूट कर ली। इसके बाद अपराधी वहां से भाग निकले।

### पुलिस का दावा, 50 से 60 हजार की चांदी लूट ले गये अपराधी

इस पूरे प्रकरण में जांच के बाद रामगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि अपराधी महज 50 से 60 हजार तक की चांदी लूट कर ले जाने में सफल हुए हैं। उन्होंने बताया कि दुकान के एक कर्मचारी आकाश कुमार सिंह ने कैमरा के सामने जो बयान दिया है उससे स्पष्ट हो रहा है कि दुकान मालिक के द्वारा झूठ बोला जा रहा है। आकाश कुमार सिंह कई महीनों से उस दुकान में बतौर कर्मचारी काम कर रहा था। उसने यह बताया कि अपराधी जब दुकान में घुसे तो उन लोगों ने सिर्फ चांदी के जेवर को ही अपना निशाना बनाया। जिसकी कीमत 50 से 60 हजार तक की हो सकती है ।

### लूट की वारदात से आभूषण व्यवसाई दहशत में

कोहिनूर ज्वेलर्स में डकैती की घटना का आभूषण व्यवसाई संघ ने कड़ी निंदा की है। इस घटना से आभूषण व्यवसायी में काफी रोष है। संघ के अध्यक्ष कृष्ण कुमार ने कहा कि वारदात के बाद सभी व्यवसाय दहशत में हैं।

### चैंबर ने जताया आक्रोश, रामगढ़ बंद का किया एलान

इस प्रकरण में रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने अपना आक्रोश जिला पुलिस प्रशासन के खिलाफ जताया है। कोहिनूर ज्वेलर्स में दिनदहाड़े लाखों रुपए की हुई डकैती का चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल एवं अन्य सदस्यों ने जोरदार विरोध किया। इस तरह की घटना से जिला के व्यापारियों में भय का वातावरण बना हुआ है। रामगढ़ जिला में जिस तरह से अपराधिक घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है उसको लेकर व्यापारी रामगढ़ से अपने व्यापार को पलायन करने का विचार कर रहे हैं। कुछ दिन पूर्व एल आई सी कार्यालय के पास दिनदहाड़े अपराधियों ने गोली मारकर 29 लाख का लूट लिया। जिसका अभी तक कोई उद्भेदन नहीं हुआ है। नेपाल यादव पर भी दिनदहाड़े जानलेवा हमला हुआ। इस प्रकार की घटनाओं से व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ है। जिला पुलिस प्रशासन मात्र एक दो घटनाओ का उद्भेदन करके अपनी पीठ थपथपा रही है। अगर 48 घंटों के अंदर पुलिस प्रशासन द्वारा इस घटना का उद्भेदन नहीं किया गया तो रामगढ़ बंद का आह्वान किया जायेगा।

भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक–753006, ओड़िशा, भारत
ICAR-NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753006, (ODISHA), INDIA

**Advertisement No.: 05/AFO/2023-24**

Walk-in-interview will be held on **22.05.2023** for selection of **one (01) Agricultural Field Operator (AFO)** at the ICAR-NRRI, RCRRS, Naira, Andhra Pradesh in the scheme **"Evaluation of Dammu®: Propargite 50% + Bifenthrin 5% SE for bio-efficacy (against Lepidopteran, Hemipteran and Mite pests), phytotoxic effect and impact on natural enemies in Coastal Rice Ecosystem" (EAP-385).** The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in ICAR-NRRI website **https://icar-nrri.in.**

**PRINCIPAL INVESTIGATOR**

**JHARKHAND STATE OPEN UNIVERSITY**
(Established by the Government of Jharkhand & Recognised as per Jharkhand Act, 12, 2021)
Opp. Faculty of Forestry, Birsa Agriculture University, Kanke, Ranchi, Pin-834006
Email- registrarjsou@gmail.com, Ph.No.-8929006645

**EXPRESSION OF INTEREST**

Expression of Interest is invited from the eligible, registered and reputed Firms, Company, Publishers for Content development of the Study/Course materials and Courses of Study for the Certificate, Diploma and P.G. Diploma courses in Open and Distance Learning (ODL) for Jharkhand State Open University, Kanke, Ranchi.

| S. No. | Course | Subject | Duration |
|---|---|---|---|
| 1. | Certificate | e-commerce, Legal Awareness, Rural Development, Media Management, Mass Communication, Amanat and Surveying | 06 Months |
| 2. | Diploma | Computer Application, Management, GIS, Banking and Insurance, Counselling, Digital Marketing, Health Sanitary Inspector, Bedside Assistant, Project Management, Marketing Management, Naturopathy, Yoga, Nursery Teacher Training, Rural Management | 12 Months |
| 3. | P.G. Diploma | Management, HR, Rural Development, IT, Computer Application | 18 Months |

Interested Firms, Company, Publishers, Organisations are required to submit their Expression of Interest in the sealed envelope (Technical and Financial Bid) on or before 16.05.2023 in the office of Registrar, J.S.O.U., Kanke, Ranchi.

Please contact to the Registrar, J.S.O.U., Kanke, Ranchi for any further information in this regard.

Memo No. : JSOU/R/2023/228
Date : 08/05/2023

By order of the Vice-Chancellor
Registrar
Jharkhand State Open University, Ranchi

## कॉलेज में पर्यावरण संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग एनएसएस प्रकोष्ठ के निदेर्शानुसार रिभर साईड भुरकुंडा स्थित जुबिली कॉलेज एनएसएस इकाई दो के तत्वावधान में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और मिशन लाईफ पर कार्यशाला का आयोजन हुआ। विषय प्रवेश कराते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. अर्जुन कुमार मिश्रा ने कहा कि मिशन लाईफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी क महतवाकांक्षी योजना है, जिसकी शुरूआत गुजरात के केवड़ीया से की गई है। इस योजना के अंतर्गत तीन बातें रिड्यूश (कमी करना), रियूज (पुनः उपयोग करना) व रिसाईक्लिंग पर फोकस करना है। इसका तात्पर्य यह है कि हमें अपने जीवन में ऐसा बदलाव लाना है, ताकि कार्बन उत्सर्जन कम से कम हो। मुख्य वक्ता अरूण कुमार सिंह झा ने कहा कि हमसबों का यह दायित्व है कि कम से कम सिंगल युज प्लास्टिक का उपयोग कर जल संरक्षण पर जोर दें, तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। विशिष्ट वक्ता डॉ. महेंद्र कुमार पांडेय ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षित रखना हमसबों का नैतिक कत्त्रव्य है। अध्यक्षीय भाषण देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एनके तिवारी ने कहा कि हमसबों की पर्यावरण के प्रति जागरूकता ही पर्यावरण संरक्षण का कारगर उपाय है। मौके पर जुही, जागृति, रिया, अजय, तुषार, अंजली, कविता, मुस्कान, सुमन, श्रुति, रागिनी, ईशा, प्रीति, मेहक, महेंद्र, पुरूषोत्तम, खुशी, सुशील, अमित आदि ने भी अपनी-अपनी बातों को रखा। कहा गया कि हमें अपने जीवन के क्रियाकलाप एवं जीवनशैली में बदलाव लाना है, तभी पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. विभा राय, मनोज दास, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. एसएस पांडेय, डॉ. बालमुकुंद सिंह, प्रो. मनोज कुमार, सुशील, भूषण वर्मा आदि का विशेष योगदान रहा।

## डीसी ने विकास कार्यों की समीक्षा की, दिये कई निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को डीसी माधवी मिश्रा ने जिला समाहरणालय के सभागार में समीक्षा की। इस दौरान डीएमएफटी के तहत संचालित योजनाओं की समीक्षा के क्रम में डीसी ने विभागवार संबंधित अधिकारियों से अबतक हो चुके कार्यों एवं शेष कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत नियमित रूप से स्थल निरीक्षण कर ससमय योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। वही, डीसी ने विभिन्न अधिकारियों एवं कार्यपालक अभियंताओं को उनके उनके विभाग से संबंधित योजनाएं जिन्हें डीएमएफटी के माध्यम से पूर्ण किया जाना है से संबंधित मांग प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

### अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की ली जानकारी

राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा के दौरान डीसी ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी ली। डीसी ने मामलों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए। विभिन्न परियोजनाओं में भूमि अधियाचना एफआरए, एनओसी संबंधित मामलों की समीक्षा के क्रम में डीसी में राजस्व कार्यालय एवं संबंधित अंचल अधिकारियों से इस संबंध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। वहीं उन्होंने जमीन अधिग्रहण के उपरांत ससमय मुआवजे का भुगतान लाभुकों को करने और विभिन्न परियोजनाओं को भूमि उपलब्ध कराने के तहत कार्य पूर्ण करने सहित अन्य निर्देश दिये। डीसी ने विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिये जा रहे लाभ की समीक्षा करते हुए प्रभारी पदाधिकारी सामाजिक सुरक्षा शाखा सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नियमित रूप से जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सर्वे कराकर सभी योग्य लाभुकों को पेंशन के लाभ से आच्छादित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा बैठक के दौरान डीसी ने फसल राहत व सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए हो रहे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को कार्य पूर्ण करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। **बैठक में ये थे उपस्थित :** समीक्षा बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों, अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने एनीमिया विशेष जांच कैंप का किया शुभारंभ



**चतरा (आजाद सिपाही)।** डीसी अबु इमरान के निर्देश में जिले के स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी में 08 से 20 मई तक एनीमिया के मरीजों के जांच हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोमवार को अभियान के पहले दिन डीसी अबु इमरान ने सदर अस्पताल में लगाये गए एनीमिया जांच कैंप को द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उक्त मौके पर अपने संबोधन में उन्होंने कहा यह कार्यक्रम 8 से 20 तक जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी में चलाया जा रहा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर श्याम नंदन सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी, उपाधीक्षक डॉक्टर मनीष, प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश रजक, प्रभारी चिकत्सक पदाधिकारी, जिला महामारी विशेषज्ञ डॉक्टर आशुतोष कुमार, डॉक्टर सिंड्रेल बालमुचू समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## रतवे में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पेयजल व स्वच्छता विभाग रामगढ़ के निदेर्शानुसार ग्राम स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा अभियान रतवे स्थित राजकीय उत्कृमित उच्च विद्यालय मे आयोजित की गयी। जहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपनों को साकार करने को लेकर जलसहिया रेणु कुमारी के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को स्वच्छता जागरूकता के तहत शपथ दिलाया गया। साथ ही, बच्चों के बीच स्वच्छता जागरूकता को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। जिसमे खुले मे शौच से मुक्त की स्थिति मे स्थायित्व प्रदान करने, सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त करने, शादी-विवाह या कोई भी उत्सव मे मिट्टी और पते से बने सामग्री का उपयोग करने व जल को प्रदूषित होने से बचाने की बात शामिल है। मौके पर मुखिया आसमा खातून, जलसाहिया रेणु कुमारी, सुनीता देवी, गीता देवी, बसंती देवी, देवन्ति देवी, सोनी कुमारी, प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश, शिक्षक खुर्शीद अंसारी, सुनील महतो, बनेश्वर महतो, इम्तियाज अंसारी, मनोज महतो, संजय महतो नन्दकिशोर प्रसाद शामिल रहे।

## सरिया चोरी मामले में एक को भेजा जेल



**बरकाकाना (आजाद सिपाही)।** सरिया चोरी के मामले में बरकाकाना ओपी ने कारवाई करते हुए एक को भेजा जेल। जानकारी के अनुसार बीते दिनों जिंदल स्टील प्लांट से निकली हुई सरिया से हेहल में सरिया की लगातार चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता रहा है। जांच के दौरान हेहल निवासी बालक सिंह की संलिप्तता पायी गई, जिसके बाद बरकाकाना ओपी ने कारवाई करते हुए आरोपी को भेजा जेल। वही जांच के दौरान कुछ लोगो से थाना में पूछताछ जारी है, पूछताछ के लिए एक मालवाहक चारपहिया वाहन चालक को भी थाना परिसर में पूछताछ की गई। बरकाकाना ओपी प्रभारी शशि प्रकाश ने बताया जांच जारी है, जांच के दौरान संभवतः और लोगो की गिरफ्तारी की जा सकती हैं।

## अधिकारीयों ने बुचा बांध परिसर की भूमि का किया निरीक्षण

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू ब्लॉक मोड़ स्थित बुचा बांध परिसर के खाली पड़े भूमि का निरीक्षण सोमवार को पीवीयूएनएल के अधिकारियों के द्वारा किया गया। इस मौके पर जमीन की मापी की गई। मौके पर पीवीयूएनएल के अधिकारियों में प्रखर सक्सैना, समरेश और संतोष शामिल थे। मापी करने से यह जानकारी हुई की पीवीयूएनएल के द्वारा बनाए जाने वाले सामुदायिक भवन 25 मीटर लंबा और 20 मीटर चौड़ा भूमि की आवश्यकता होती है। परंतु बुचा बांध परिसर में मैं लंबा चौड़ा भवन बनाने के लिए भूमि कम पड़ रही है। इसलिए 15 मीटर लंबा एवं 10 मीटर चौड़ा जगह को चिन्हित कर आगे की कार्रवाई करने की बात पीवीयूएनएल के अधिकारियों के द्वारा कहीं गई। मौके पर पतरातू मुखिया गिरिजेश कुमार, सरोज प्रसाद, मनोज साहू, उदय अग्रवाल, सुशील सिंह, सुभाष साहू, महानंद सिंह, रवि दत्ता, महिंद्र गोप सहित अन्य लोग शामिल थे।

## रजरप्पा मंदिर में मुंडन संस्कार को लेकर उमड़ी भीड़



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** उत्तर भारत का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ स्थल रजरप्पा मंदिर में सोमवार को जेठ महीना की चतुर्थी तिथि का शुभ मुहूर्त होने के कारण सोमवार को देश के विभिन्न प्रदेश और पास पड़ोस के जिला से हजारों श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर पहुंचे और पूजा अर्चना किया की कथा बच्चों का चुल मुंडन संस्कार का शुभ मुहूर्त होने के कारण सैकड़ों बच्चे का मनोकामना पूरी के लिए मुंडन किया गया जिससे पूरा मंदिर क्षेत्र में काफी चहल-पहल रहा उधर शादी विवाह का मुहूर्त होने के कारण भी मंदिर पर क्षेत्र में जगह जगह पर ढोल और शहनाई की गूंज बजती रही झारखंड प्रदेश का सुप्रसिद्ध सिद्ध पीठ धार्मिक स्थल होने के कारण अपनी मनोकामना पूरी के लिए देश प्रदेश के विभिन्न कोने से लोग विशेष मुहूर्त और तिथि पर अपनी मुराद लेकर आते हैं मां भगवती के मंदिर में मत्था टेकते और विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं सोमवार को सुबह 4:00 से श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहा रजरप्पा मंदिर क्षेत्र के विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए रजरप्पा थाना क्षेत्र के स्थानीय पुलिस बल को लगाया। जिससे श्रद्धालुओं को पूजा अर्चना करने में सहूलियत मिल सके प्रशासन के द्वारा जगह जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। मां छिन्नमस्तिका दरबार में पूजा अर्चना को लेकर श्रद्धालुओं ने बकरे की बलि चढ़ाई तो किसी ने नारियल की बलि चढ़ा कर रक्षा सूत्र बधाई और अपनी मनोकामनाएं पूरी की।

## श्री अग्रसेन स्कूल में लगा नेत्र जांच शिविर




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुरकुंडा।** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में सोमवार को बच्चों एवं शिक्षकों के लिए नेत्र जांच शिविर लगाया गया। शिविर का उदघाटन प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान व चिकित्सीय टीम ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में शार्प साइट आई हॉस्पिटल रांची के चिकित्सकों ने आंखों की जांच की। इस दौरान आशीष प्रकाश, प्रकाश कुमार यादव, विकास कुमार सोनी, अफरोज आलम ने आंखों की जांच करते हुए आंखों की सही देखभाल की जानकारी दी। साथ ही बताया कि ज्यादातर बच्चों की आंखों में कोई कमी नहीं मिली। कुछ में ड्राईनेस की समस्या पायी गई। मौके पर प्राचार्य विवेक कुमार प्रधान ने कहा कि आजकल बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल व कंप्यूटर पर व्यतीत हो रहा है। ऐसे में आंखों पर इसके पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर बच्चों की आंखों की जांच होने से किसी भी प्रकार की संभावित परेशानी से बचा जा सकता है। इसी उद्देश्य के साथ स्कूल प्रबंधन ने जांच शिविर का आयोजन किया है। आगे भी इस प्रकार के नियमित जांच शिविर लगाए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने में नाजिया तौहिद, सोनम खातून, प्रकाश ओझा आदि का विशेष योगदान रहा।

## बाइक और पिकअप में सीधी टक्कर, युवक की मौत



**चतरा (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के संघरी घाटी में सोमवार को पिकअप और मोटरसाइकिल के बीच सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। घटना की जानकारी जैसे ही सदर थाना पुलिस को हुई। पुलिस मौके पर पहुंचकर घायल युवक को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हालांकि मृतक युवक की पहचान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। वैसे दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल के नंबर के आधार पर वाहन जोरी के पिंडराकोला गांव निवासी राजेंद्र गंझू पिता डोमन गझू की बताई जा रही है।

## ग्रामीणों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक जेपी पटेल से मुलाकात की



**कुजू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ नप क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को लेकर भाजपा रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी के नेतृत्व में ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल माण्डू विधायक जेपी पटेल से हजारीबाग स्थित आवास पर मुलाकात किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए पहल करने का अनुरोध किया। वही, विधायक ने तत्काल संज्ञान में लेते हुए रामगढ़ डीडीसी को पत्र प्रेषित किया। प्रेषित पत्र में रामगढ़ नप क्षेत्र के दिगवार वार्ड नंबर चार में गिरी तालाब के पास चबूतरा का निर्माण व सूरज कुमार के जमीन में चापानल का निर्माण, दिगवार वार्ड नंबर 5 में रविदास घाट में शेड का निर्माण व जगदीश महतो के जमीन में चापानल का निर्माण कराने की बात कही। मुलाकात करने वालों में कुलदीप कुशवाहा, विजय गिरी, जगदीश महतो शामिल रहे।

## अमन श्रीवास्तव गिरोह ने रामगढ़ पुलिस को दी चुनौती

# मतकमा चौक से अमझरिया तक बन रही सड़क का काम रुकवाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रामगढ़।** जिले में अमन श्रीवास्तव गिरोह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए रामगढ़ पुलिस को लगातार चुनौती दे रहा है। 2 मई को हरदेव कंस्ट्रक्शन से रंगदारी मांगने के लिए उनके साइड पर गोलीबारी करवाने के बाद भी अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोग रुके नहीं। सोमवार को एक बार फिर इस गिरोह के दो सदस्यों ने भदानीनगर ओपी क्षेत्र के में बन रहे सड़क का निर्माण कार्य रुकवा दिया है। उस गिरोह के सदस्यों ने मतकमा चौक से अमझरिया तक बन रही सड़क को रुकवाने के लिए जमकर रंगदारी की। यह काम मां छिन्नमस्तिका इंटरप्राइजेज कंपनी के द्वारा किया जा रहा था। सोमवार को सड़क के कालीकरण कार्य में लगे मजदूरों को अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्यों ने जमकर मारपीट की और फिर उन्हें काम से भगा दिया। उन लोगों ने जाते-जाते कहा कि उन्हें इस काम में रंगदारी देनी ही पड़ेगी। इस वारदात के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल कायम हो गया है।

### पुलिस को एक बार फिर मिली चुनौती

एक तरफ रामगढ़ पुलिस ने हरदेव कंस्ट्रक्शन पर गोलीबारी करने वाले शार्प शूटरों को गिरफ्तार कर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उसके ठीक दूसरे दिन अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोगों ने एक दूसरे साइट पर काम रुकवा कर यह बता दिया कि वे रामगढ़ पुलिस कि हर चुनौती का सामना कर सकते हैं। पुलिस और अमन श्रीवास्तव गिरोह की कार्रवाई यह बता रही है कि दोनों अपना वर्चस्व कायम करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। अमन श्रीवास्तव के गुर्गों ने एक बार फिर पुलिस को एक बड़ी चुनौती देकर यह साबित करने की कोशिश की है कि उनके अंदर किसी का भी डर नहीं है। पुलिस चाहे किसी को गिरफ्तार कर ले, वे लोग अपनी माफिया गिरी बंद नहीं करेंगे।

### मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गई है: ओपी प्रभारी

इस प्रकरण में भदानी नगर ओपी प्रभारी राजदीप ने बताया कि 2 लोग हथियार के साथ सड़क निर्माण स्थल पर पहुंचे थे। उन लोगों ने कुछ कर्मचारियों के साथ मारपीट की। साथ ही किसी श्रीवास्तव गिरोह को मैनेज करने की बात भी कही। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, साथ ही जल्द ही पुलिस गिरफ्त में होंगे अपराधी।

## जनता दरबार में पहुंची विधायक अंबा प्रसाद



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान के लिए प्रत्येक सोमवार को पतरातू पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित में जनता दरबार लगाया जा रहा है जिसमें विधायक सीधे आम जनों के संपर्क में पहुंचकर ग्रामीणों के समस्या का समाधान करने का कार्य कर रही हैं। सैकड़ों की संख्या में मौजूद ग्रामीण अपनी समस्या बारी बारी से विधायक के समक्ष रखा इस दौरान जो भी मूलभूत समस्या जनता ने रखी उसे विधायक में सूचीबद्ध कर आश्वस्त किया कि बहुत जल्द सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं तत्काल समाधान होने वाले समस्याओं को मौके पर से ही दूरभाष के माध्यम से संबंधित विभाग के अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। मौके परविधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह,अंजन प्रसाद, रमेश बेदिया, दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार सहित सैकड़ों महिला-पुरुष मौजूद थे।

# चार्ल्स तृतीय की ताजपोशी

आखिर चार्ल्स तृतीय के रूप में इंग्लैंड को अपना नया राजा मिल गया। 74 साल की उम्र में शनिवार को हुई चार्ल्स की ताजपोशी हालांकि आठवीं सदी से चली आ रही परंपरा की ही अगली कड़ी है, लेकिन यह भी सच है कि इस बीच न तो इस ताज में पहले वाली बात रही और न यह परंपरा ही पूरी तरह से पहले वाले रूप में कायम रह सकी। चार्ल्स से पहले महारानी एलिजाबेथ की बात करें तो उनका जीवन काल ही इन बदलावों का गवाह कहा जा सकता है। जब 1926 में उनका जन्म हुआ, ब्रिटेन दुनिया का ऐसा साम्राज्य था, जिसमें सूरज कभी अस्त नहीं होता था। हालांकि, 1952 में जब उनकी ताजपोशी हुई, तब तक इस साम्राज्य का ज्यादातर हिस्सा स्वतंत्र होकर नियंत्रण से निकल चुका था। और, जब 2022 में उनका देहावसान हुआ, तब तक ब्रिटेन न सिर्फ ब्रेग्जिट के फैसले के कारण यूरोप से अपने जुड़ाव के फायदे खो चुका था बल्कि एक समय के अपने उपनिवेश भारत से भी पिछड़कर दुनिया की छठे नंबर की अर्थव्यवस्था बन चुका था। पश्चिमी दुनिया में भी वह दूसरे विश्वयुद्ध के बाद से अमेरिका का पिछलग्गू बना हुआ है और यूरोप का भी नेतृत्व आज फ्रांस और जर्मनी जैसे देशों के हाथों में है। बहरहाल, जहां तक ताजपोशी पर लोकतांत्रिक परंपराओं के प्रभावों की बात है तो उसकी झलक ताजपोशी के ठीक बाद कहे गए किंग चार्ल्स के शब्दों में दिखती है। किंग चार्ल्स ने कहा, 'मैं सेवा कराने के लिए नहीं, बल्कि सेवा करने के लिए आया हूं।' जिस राजा को एक समय देवता का रूप माना जाता था, प्रजा का संरक्षक, उसका पालक समझा जाता था, वह कहे कि मैं सेवा करने आया हूं तो यह लोकतांत्रिक मूल्यों की रोशनी में उस संस्था में आये बदलावों का ही प्रमाण है। इन सबसे अलग, स्त्री-पुरुष संबंधों के बदलते मानकों और उनसे जुड़े आधुनिक मूल्यबोध का असर ताजपोशी के दौरान क्वीन कैमिला को मिली अहमियत में देखा जा सकता है। हाल तक इस बात को लेकर अनिश्चितता बनी हुई थी कि किंग चार्ल्स की तलाकशुदा पत्नी कैमिला को प्रिंसेस कहा जायेगा या कोई और उपाधि दी जायेगी। ध्यान रहे, इंग्लैंड के लोग अपने व्यक्तिगत जीवन में भले शादी और तलाक जैसे मसलों पर उदार रुख रखते हों, जब बात राजमहल और राजा या रानी की आती है, तब वे पारंपरिक सोच से निर्देशित होते नजर आते हैं। सौ साल भी नहीं हुए जब इंग्लैंड के राजा एडवर्ड अष्टम को तलाकशुदा महिला से शादी के ही कारण राजगद्दी छोड़नी पड़ी थी। ऐसे में तलाकशुदा महिला से शादी करने के बावजूद न केवल चार्ल्स को ताज पहनाया गया, बल्कि उनकी पत्नी को बाकायदा क्वीन का दर्जा दिया गया, जो इस बात का एक और उदाहरण है कि इंग्लैंड का क्राउन समय के साथ बदल रहा है। अपने इसी लचीलेपन की बदौलत लोकतांत्रिक परंपराओं का ध्वजवाहक माने जाने वाले एक देश में राजतंत्र की यह परंपरा न केवल कायम है, बल्कि सिर-आंखों पर ली जा रही है।


**चार्ल्स से पहले महारानी एलिजाबेथ की बात करें तो उनका जीवन काल ही इन बदलावों का गवाह कहा जा सकता है। जब 1926 में उनका जन्म हुआ, ब्रिटेन दुनिया का ऐसा साम्राज्य था, जिसमें सूरज कभी अस्त नहीं होता था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**केरल से सीरिया भेजे जाने के मामले अनेक हैं। यूं तो धर्मांतरण की समस्या पूरे देश में है, लेकिन केरल, आंध्र और तेलंगाना समेत दक्षिण के राज्यों में ज्यादा। केरल का आइएसआइएस कनेक्शन तो अलग है। इसको समझने के लिए पहले केरल के सामाजिक ढांचे को भी समझना होगा। वर्ष 2017 में अमेरका ने जब आइएसआइएस के गढ़ खुरासान प्रांत पर इस आतंकी संगठन को निशाना बनाते हुए मदर ऑफ बम, जीयूबी-46-बी गिराया तो जो लोग मरे उनमें 13 भारतीय भी थे। इनमें से भी कई केरल के थे।**

# 'द केरल स्टोरी' कुछ आगे की कहानी भी है

अकु श्रीवास्तव




फिल्म अब सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं है, वह और भी बहुत कुछ कहती है, जिसका एक पक्ष भी हो सकता है। ऐसा पक्ष जो कुछ को रास न आये। इसलिए फिल्म पर विवाद होता है। पिछले साल विवादों में आयी 'द कश्मीर फाइल्स' के बाद बीते हफ्ते 'द केरल स्टोरी' आई। फिल्म का धर्म परिवर्तन एक विषय है और दूसरा आइएसआइएस के उद्देश्य के काम आने और महिलाओं को सीरिया तथा अफगानिस्तान भेजे जाने का।

केरल से सीरिया भेजे जाने के मामले अनेक हैं। यूं तो धर्मांतरण की समस्या पूरे देश में है, लेकिन केरल, आंध्र और तेलंगाना समेत दक्षिण के राज्यों में ज्यादा। केरल का आइएसआइएस कनेक्शन तो अलग है। इसको समझने के लिए पहले केरल के सामाजिक ढांचे को भी समझना होगा। वर्ष 2017 में अमेरका ने जब आइएसआइएस के गढ़ खुरासान प्रांत पर इस आतंकी संगठन को निशाना बनाते हुए मदर ऑफ बम, जीयूबी-46-बी गिराया तो जो लोग मरे उनमें 13 भारतीय भी थे। इनमें से भी कई केरल के थे। मरने वालों में एक डाक्टर, एक स्कूल कर्मचारी, दो साल का बच्चा और उनकी गर्भवती पत्नियां भी शामिल थीं। केरल के कन्नूर में उन दिनों अब्दुल रशीद अब्दुल्ला एक उपदेशक के रूप में सक्रिय था, वह समुदाय के लोगों को कट्टरपंथी बना कर उन्हें अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट में शामिल होने के लिए प्रेरित कर रहा था। अब्दुल्ला खुद एक इंजीनियर था और अपनी नौकरी छोड़कर आइएसआइएस के लिए काम करने लगा था। उसने 2014 में नरेंद्र मोदी के रूप में हिंदुत्व की जीत को अपने समुदाय को गुमराह करने के लिए मोहरा बनाया।

**फिल्म बताती है कि योजनाबद्ध तरीके से दूसरे धर्म की लड़कियों से निकटता बढ़ा कर उनका शोषण किया जाता है।**

**धर्म परिवर्तन के कुछ आंकड़े 2012 में केरल विधानसभा एक पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी ने सदन में दिये थे। सदन में उनका बयान था कि वर्ष 2006-12 के बीच केरल में 2667 महिलाओं का धर्मांतरण किया गया। यानी तत्कालीन मुख्यमंत्री भी मान रहे थे कि महिलाओं का धर्मांतरण किया जा रहा है।**

उसने कन्नूर के लोगों को डराया कि सरकार संविधान को बदल कर मुसलमानों का उत्पीड़न करेगी। अब थोड़ा और पीछे चलते हैं, जहां से सुदीप्तो सेन की फिल्म 'द केरल स्टोरी' अपनी लाइन पकड़ती है। 24 जुलाई 2010 को नयी दिल्ली में एक पत्रकार सम्मेलन में केरल के कम्युनिस्ट नेता और तत्कालीन मुख्यमंत्री वीएस अच्युतानंदन एक बयान देते हैं।

वह राज्य में पीएफआइ की गतिविधियों को एक चेतावनी बताते हुए कहते हैं कि इस संगठन का उद्देश्य अगले 20 साल में केरल को मुस्लिम बहुल क्षेत्र में बदल देना है। गैर-मुस्लिमों को पैसे का लालच देकर धर्मांतरण के लिए विवश किया जा रहा है। 'द केरल स्टोरी' को एक सत्यकथा होने का दावा किया जा रहा है और इसे सैंसर बोर्ड ने 'ए' प्रमाणपत्र दिया है। फिल्म के आने के पहले दावा किया गया कि केरल में 32,000 महिलाओं का इस्लाम में धर्मांतरण करा कर देश से बाहर भेजा गया।

धर्म परिवर्तन के कुछ आंकड़े 2012 में केरल विधानसभा एक पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी ने सदन में दिये थे। सदन में उनका बयान था कि वर्ष 2006-12 के बीच केरल में 2667 महिलाओं का धर्मांतरण किया गया। यानी तत्कालीन मुख्यमंत्री भी मान रहे थे कि महिलाओं का धर्मांतरण किया जा रहा है। फिल्म बताती है कि योजनाबद्ध तरीके से दूसरे धर्म की लड़कियों से निकटता बढ़ा कर उनका शोषण किया जाता है। अंततः इस्लाम कबूल करने के लिए तैयार किया जाता है।

फिल्म निर्देशक सुदीप्तो का दावा है कि कुछ लोग सिर्फ फिल्म का इसलिए विरोध कर रहे हैं ताकि वास्तविक कहानी बाहर न आने पाये। उनका यह भी दावा है कि फिल्म के लिए 7 साल तक रिसर्च किया गया। एक हफ्ते पहले इस फिल्म को जेएनयू में भी दिखाया गया और 2-3 दिन से तो कर्नाटक के चुनाव प्रचार में भी इसकी खूब चर्चा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इसका रैलियों में उल्लेख कर रहे हैं। फिल्म का विरोध कांग्रेस ने किया और मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया।

कोर्ट ने भी रोक लगाने से मना कर दिया और उल्लेख किया कि फिल्म सैंसर बोर्ड से पारित होने के बाद इसे रोकने का कोई अर्थ नहीं। इससे फर्क नहीं पड़ता कि फिल्म एक किस्से पर आधारित है या 32 हजार पर। बस तथ्य गलत नहीं हों। मेरठ में आज से 20 साल पहले भी मैंने ऐसी स्थितियों को देखा है, जब लड़कियों के स्कूलों और कॉलेजों के आगे अपना नाम गुड्डू, बबलू बताने वाले लड़के खड़े रहते थे। महंगी बाइक, गले में भारी सोने की चेन और खूब रुतबा दिखाते हुए ये लड़के अपने आपको किसी फिल्मी हीरो से कम नहीं समझते थे।

उनका पहला उद्देश्य या निशाना वे लड़कियां होती थीं जो छोटे कस्बों या गांवों से आती थीं। तय है कि इन लड़कियों को पैसे के प्रदर्शन से फंसाकर घुमाना आसान होता था और ये अपनी यौन इच्छाएं पूरी करने में समर्थ हो जाते थे। इसका दूसरा चरण तब शुरू होता था, जब लड़की शादी के लिए कहती थी तो उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जाता था। उनके पास इसके अलावा कोई चारा नहीं होता था। यह हाल अन्य राज्यों में भी है जहां समुदायों में आर्थिक अंतर है।

हैदराबाद, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पूर्वोत्तर सब जगह ऐसे उदाहरण मिल जायेंगे। खबरों का भंडार ऐसा मिल जायेगा। हैदराबाद तो ऐसी घटनाओं का केंद्र रहा है जहां से अरब के रईसों से ऐसी लड़कियों की शादी की जाती। कुछ वर्ष पहले तक तो इनमें नाबालिग लड़कियों को ले जाने की खबरें भी खूब होती रही हैं। इसीलिए जो इस फिल्म का तथ्य और आंकड़ों को ही मुद्दा बना रहे हैं, उन्हें भी यह सोचना चाहिए कि अगर कोई एक घटना भी सही है तो क्या वह फिल्म की कहानी नहीं हो सकती?

जो इस फिल्म का विरोध कर रहे हैं, माना जा सकता है कि वे धोखे देकर प्यार और फिर धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करने की प्रवृत्ति के हक में हैं। मेरा मानना है कि यह सिर्फ हिंदू- मुस्लिम का मामला नहीं। सभी धर्मों की कच्ची समझ वाली लड़कियां ऐसे दुष्चक्र में फंस सकती हैं। सतर्कता के लिए निगाह रखना जरूरी है और अगर ऐसा हो रहा है, तो कानूनी तौर से ज्यादा सामाजिक तौर पर सतर्कता के व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है।

## जमशेदपुर की खबरें

# सरकार की कठपुतली बन कर कार्य नहीं करे प्रशासन: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** कदमा के शास्त्रीनगर क्षेत्र में पिछले दिनों हुए सांप्रदायिक उपद्रव मामले में प्रशासन ने निर्दोष भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर बिना जांच किये दर्जनों गलत धाराओं को जोड़कर गिरफ्तार करने और जेल भेजे जाने को लेकर भाजपा ने सोमवार को जिला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आहूत प्रदर्शन में झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा समेत जमशेदपुर के तमाम बड़े नेता व हजारों कार्यकताओं ने हेमंत सरकार के तानाशाही रवैये के खिलाफ हुंकार भरी। इस दौरान सभी नेताओं ने एक स्वर में जिला प्रशासन की पक्षपाती पुलिसिया कार्रवाई को गलत बताते हुए इसका कड़ा विरोध किया। धरना-प्रदर्शन में कार्यकताओं ने भाजपा एवं हिंदूवादी नेताओं के सम्मानपूर्वक रिहाई एवं हेमंत सरकार के खिलाफ स्लोगन वाले पोस्टर हाथों में लेकर विरोध दर्ज कराया। मौके पर दीपक प्रकाश ने कहा कि समाज एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में लगे निर्दोष भाजपा कार्यकताओं को प्रशासन ने राज्य सरकार के इशारे पर जेल में डालने का जो कृत्य किया है, वो पूर्वाग्रह की पराकाष्ठा है। भाजपा कार्यकताओं ने जिला प्रशासन के दमन के आगे जेल जाना स्वीकार किया परंतु झुकना स्वीकार नही किया। उन्होंने कहा कि झामुमो-कांग्रेस और राजद की गठबंधन सरकार ने पिछले साढ़े तीन वर्षों से बहुसंख्यक समाज के सभी पर्व-त्यौहार पर बंदिश लगाने की साजिश की है। दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार अगर इसी प्रकार से हिन्दू समाज की भावनाओं को दबाने का कार्य करेगी तो हिन्दू समाज अन्याय को सहन नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन बताएं कि कदमा मामले में जिन लोगों को छोड़ा गया, उन्हें किसके इशारे पर छोड़ा गया। तुष्टीकरण की राजनीति करने वाली कांग्रेस ने बजरंग दल की तुलना पीएफआई से करने के साथ बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात कर करोड़ों हिंदुओं और राम भक्तों की धार्मिक भावनाओं को आहत किया है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता के साथ प्रशासन ने जिस तरह से तानाशाही कार्रवाई की है उससे सारा शहर आक्रोशित है। कदमा मामले में ज्ञापन देने गए नेताओं को प्रशासन ने पूर्वाग्रह से ग्रषित होकर जेल भेज दिया। यह पहली बार होगा जब न्याय की मांग करने वाले को जेल भेज दिया गया। ऐसी कार्रवाई कांग्रेस सरकार के आपातकाल की याद दिलाती है। भाजपा प्रदेश मंत्री सह जमशेदपुर महानगर प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू ने कहा कि कदमा मामले में भाजपा नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं पर विद्वेषपूर्ण कार्रवाई कर संविधान के रक्षा का संकल्प लेने वाली प्रशासन ने संविधान की धज्जियां उड़ा दी। कहा कि सरकार आते जाती रहती है, भाजपा नेताओं को अपराधी की भांति गिरफ्तार कर जेल में डालने वाली प्रशासन को झामुमो-कांग्रेस सरकार के कार्यकर्ता की भूमिका से बाहर आना होगा।



भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुँजन यादव ने कहा कि जिला प्रशासन और हेमंत सरकार भाजपा कार्यकताओं को कमजोर समझने की भूल ना करें। भाजपा कार्यकर्ता शांत है तो इसका ये मतलब नही की शांत स्वभाव हमारी कमजोरी है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं एवं हिंदूवादी नेताओं के सम्मानपूर्वक और बिना शर्त रिहाई तक भाजपा का आंदोलन जारी रहेगा। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन साकची पश्चिम मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय ने किया। धरना-प्रदर्शन के दौरान पूर्व सांसद आभा महतो, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, देवेंद्र सिंह, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, मिथिलेश सिंह यादव, नीरज सिंह, विकास सिंह, कुलवंत सिंह बंटी, भरत सिंह, अनिल सिंह, डॉ राजीव, निर्भय सिंह, जटाशंकर पांडेय, संजीव कुमार, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह, पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, मनोज राम, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, अमित अग्रवाल, ज्योति अधिकारी, धर्मेंद्र प्रसाद, बिनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, मोचीराम बाउरी, सुबोध झा, अमिताभ सेनापति, काजू शांडिल, श्वेता कुमारी, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, बबलू गोप, अजय सिंह, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, राजेश सिंह, बरजंगी पांडेय, फातिमा शाहीन, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बौबी, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, अप्पा राव, संतोष कुमार, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, महावीर सिंह, शशांक शेखर, रमेश विश्वकर्मा, गणेश मुंडा, संजीत प्रसाद, दिलीप पासवान उपस्थित थे।

# संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के विद्यार्थियों को मिला कंप्यूटर इंजीनियर एपी सिंह का मार्गदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला के संत नंदलाल स्मृति विद्या मंदिर के मल्टीमीडिया में सोमवार को विद्यालय के करियर मार्गदर्शन विभाग द्वारा कक्षा बारहवीं (कंप्यूटर साइंस) के विद्यार्थियों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसनजीत कर्मकार ने संसाधक हिंदुस्तान कॉपर के पूर्व कंप्यूटर इंजीनियर एपी सिंह का अभिवादन कर किया। विद्यालय प्रबंधक डॉ प्रसनजीत कर्मकार ने बच्चों को यह भी बताया कि आज के तकनीकी युग में एआइ का एक विशेष महत्व है।

एआइ हमें भविष्य के लिए नयी दिशा प्रदान करता है। सत्र को आगे बढ़ाते हुए शिक्षक प्रभारी अनूप कुमार पटनायक ने एपी सिंह का परिचय विद्यार्थियों से करवाया। तत्पश्चात संसाधक एपी सिंह ने विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि यह एक एडवांस प्रोग्रामिंग है, जिसका उपयोग हम करेक्शन, कैलकुलेशन, डाटा लिंक करने के लिए करते हैं, जिसमें मेमोरी का उपयोग सर्वाधिक होता है। उन्होंने बताया कि क्वांटम कंप्यूटर एआइ के लिए उपयुक्त है।



श्री सिंह ने अपने विस्तृत ज्ञान और विशेषज्ञता के साथ छात्रों को एआई के विषय को समझाया। उन्होंने उसकी आवश्यकता और आधुनिक दुनिया में इसके उपयोग के बारे में भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने छात्रों से बातचीत की और कई प्रश्नों के उत्तर दिये।

विद्यालय की प्राचार्या नीलकमल सिन्हा, प्रबंधक डॉ प्रसनजीत कर्मकार एवं उप शैक्षणिक प्रभारी सुमीता भट्टाचार्य ने संसाधक एपी सिंह को शॉल, स्मृति चिन्ह व विद्यालय की वार्षिक पत्रिका अंकुर देकर सम्मानित किया।

विद्यालय प्राचार्या नीलकमल सिन्हा ने बच्चों को बताया कि वर्तमान युग में एआइ के बिना जीवन की कल्पना करना कठिन है एआइ हमारे कार्यों को सहज व सरल बनाता है। सत्र के अंत में प्राचार्या ने इतनी महत्वपूर्ण जानकारी विद्यार्थियों से साझा करने के लिए एपी सिंह को धन्यवाद दिया। साथ ही उपस्थित समस्त विद्यार्थियों व शिक्षकों को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद किया। सत्र को शिक्षक प्रभारी, अनुप पटनायक ने संचालित किया एवं इसकी कोऑर्डिनेशन सुमिता भट्टाचार्य ने किया।

# आदित्यपुर नगर निगम में नये डस्टबिन बदलने से पूर्व उपाध्यक्ष ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 32 रोड नंबर 17- 18 के बीच पूर्व में रखे गए अति जर्जर डस्टबिन बदलने से स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। सोमवार को मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों की परेशानियों पर न्याय मिलने से आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह ने प्रशासक अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम के गिरिजा शंकर प्रसाद व सफाई प्रभारी सिटी मैनेजर लेमानसू कुमार को बधाई दी।मौके पर श्री सिंह ने पुराने और अति जर्जर डस्टबिन को बदलने पर खुसी जाहिर करते हुए कहा प्रातः 8 बजे सफाई कर्मियों की टीम द्वारा रोड 17-18 मुख्य मार्ग के किनारे फैले गंदगी के अंबार की सफाई की गई। नगर निगम द्वारा पुराने जर्जर डस्टबिन को हटाकर नया डस्टबिन रख दिया गया। इससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने प्रशासक अपर नगर आयुक्त, आदित्यपुर नगर निगम के प्रति आभार प्रकट किया। मौके पर आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह, एसएन यादव, अधिवक्ता संजय कुमार, पूर्व पार्षद सतीश मिश्रा, देव प्रकाश, अरविंद कुमार, विजय पंडित, संतोष महतो सहित अन्य उपस्थित रहे'




# बार घोटाला में हाइकोर्ट ने केस आइओ को केस डायरी के साथ किया तलब

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन में हुई वित्तीय अनियमितता की जांच की मांग को लेकर अधिवक्ता राजेश जायसवाल की जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की अदालत में सोमवार को सुनवाई हुई। अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद दर्ज प्राथमिकी की जांच कर रहे पुलिस पदाधिकारी (केस आइओ) को केस डायरी के साथ 19 जून को अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित होने का आदेश दिया है। पूर्व में मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा था। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार द्वारा कहा गया कि जमशेदपुर जिला बार एसोसिएशन की जो मूल संचिका है, वह सीए के पास है। वह दे नहीं रहा है। मामले की अगली सुनवाई 19 जून को होगी।

**कार्यक्रम :** ठाकुर दयाल देव इंटर कॉलेज भवन का उद्घाटन, प्रतिमा का अनावरण और डिग्री कॉलेज भवन का हुआ शिलान्यास

# यह डिग्री कॉलेज भविष्य के लिए विवि की नींव है : कुलपति

**यह डिग्री कॉलेज भी इंटर कॉलेज की तरह फलेगा-फूलेगा : जिला सत्र न्यायाधीश**

**आज एक ऐसे महाविद्यालय की नींव रखी जा रही है, जिसकी सख्त जरूरत थी : वीडी राम**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** नगर पंचायत क्षेत्र के अधौरा ग्राम स्थित ठाकुर दयाल देव माणिक राज इंटर महाविद्यालय भवन का उदघाटन, प्रतिमा का अनावरण तथा शारदा महेश शर्मिष्ठा देव डिग्री कॉलेज के भवन का शिलान्यास मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुलपति प्रो. डॉ रामलखन सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह, नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय पलामू के कुल सचिव राकेश कुमार सिंह, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम व विधायक भानु प्रताप शाही के कर कमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। अतिथियों ने इंटर महाविद्यालय के भवन का उदघाटन फीता काटकर, प्रतिमा का अनावरण, डिग्री महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। इसके बाद अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। इसके बाद मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों द्वारा माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं ने अतिथियों के स्वागत में 'स्वर से स्वर मिलाकर गायें स्वागत गान' स्वागत गीत प्रस्तुत किया।

उक्त समारोह को संबोधित करते हुये कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ राम लखन सिंह ने कहा कि झारखंड प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा है। राज्य में डिग्री कॉलेजों की संख्या कम है। शिक्षकों की संख्या भी कम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की स्थिति में सुधार के लिये अधिक से अधिक डिग्री कॉलेज व विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में शिक्षक छात्र का अनुपात सही होना चाहिये। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में डिग्री कॉलेज खोला जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज नहीं बल्कि भविष्य के लिये विश्वविद्यालय की नींव है। उन्होंने कहा कि जो लोग भी शैक्षणिक संस्थाएं खोलते हैं, उनमें समाजिक सेवा का भाव होना चाहिये। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिये जो भी कार्य होगा उनके स्तर से उसमें विलम्ब नहीं होगा।

नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि इसी सत्र से इस डिग्री महाविद्यालय में पढ़ाई शुरू हो जायेगी। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के लिये जो कुछ संभव होगा मदद मिलेगी।

जिला सत्र न्यायाधीश राजेश शरण सिंह ने कहा कि शिक्षा समाज की नींव है। उन्होंने कहा कि यह डिग्री कॉलेज भी इंटर कॉलेज की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय में उत्कृष्ट शिक्षा दी जा रही है तभी लोग आकृष्ट हो रहे हैं।

पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि आज एक ऐसे महाविद्यालय की नींव रखी जा रही है, जिसकी सख्त जरूरत थी। उन्होंने कहा कि अलखनाथ पांडेय ने शिक्षा के क्षेत्र में जिले को एक अलग पहचान दिलायी है लेकिन श्री देव ने उससे बढ़कर इस क्षेत्र को पहचान दिलाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के विकास के लिये सरकार के साथ साथ अन्य लोग भी आगे आयें तभी इस क्षेत्र का विकास होगा।

विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि शारदा महेश प्रताप देव ने इस महाविद्यालय को खोलकर मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि श्री देव ने शिक्षा के क्षेत्र में बरगद का पेड़ लगाने का काम किया है। इस कार्य के लिये इस क्षेत्र की जनता आपको हमेशा याद रखेगी। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय के लिये हमें जो भी जिम्मेवारी मिलेगी उसे पूरा करेंगे। महाविद्यालय के सचिव व संस्थापक शारदा महेश प्रताप देव ने कहा कि जिस बड़ी सेवा की कल्पना कर इस क्षेत्र में आया था, नहीं कर सका उसका अफसोस है, लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में आज भी कार्य कर रहा हूं। आज इंटर महाविद्यालय अपने पैरों पर खड़ा है। इसके बाद डिग्री महाविद्यालय के लिये प्रयास किया, जिसके लिये भवन जरूरी है। आज भवन का शिलान्यास हुआ। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के बीच बीच मे महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मौके पर शिवधारी राम, अशोक सिंह, विजय सिंह, रविन्द्र प्रताप देव, प्रशांत सहाय, रघुराज पांडेय, कमलेश्वर पांडेय, रामानंद पांडेय, विकास पांडेय, प्रो. महमूद आलम, प्रो. कमलेश कुमार, कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, मुकेश चौबे सहित बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग, महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य धनन्जय कुमार सिंह ने किया।

## गढ़वा जिला में नीट परीक्षा सफलता पूर्वक संपन्न : सिटी कोऑर्डिनेटर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के आरके पब्लिक स्कूल तथा बीपी डीएवी स्कूल में एनटीए द्वारा आयोजित नीट परीक्षा का सफल संचालन किया गया। मेडिकल में नामांकन लेने के लिए इस परीक्षा का आयोजन देश भर में 7 मई को किया गया। इस बार देश भर में इस परीक्षा में 22 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल हुए। जिसमें गढ़वा जिले में आरके पब्लिक स्कूल और बीपी डीएवी स्कूल में 701 बच्चों का सेंटर दिया गया, जिसमें 20 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। इस परीक्षा का सफल संचालन सिटी कोऑर्डिनेटर प्रियंका बर्मन द्वारा किया गया। जिन्होंने दोनों स्कूल के कोऑर्डिनेटर का कार्य बखूबी निभाया। इनके साथ इस कार्य में आरके पब्लिक स्कूल से केंद्राधीक्षक जय प्रकाश नारायण और निरीक्षक शिवपूजन सिंह तथा बीपी डीएवी स्कूल से केंद्राधीक्षक अजय चौबे तथा निरीक्षक विनोद कुमार पाठक तथा दोनों स्कूलों के सारे अनुभवी शिक्षक और शिक्षिकाएं शामिल हुए। इनके कड़े निरीक्षण में बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिया गया और सारा कार्य ससमय पूरा किया गया। प्रधानाचार्या सह सिटी कोऑर्डिनेटर श्रीमती प्रियंका बर्मन ने कहा कि यह बहुत ही गर्व का विषय है कि एनटीए द्वारा हमारे जिले को इतनी बड़ी परीक्षा के संचालन के लिए दोबारा चुना गया। पहली बार 2022 में जिले में पहला केंद्र आरके पब्लिक स्कूल तथा भवनाथपुर डीएवी को बनाया गया था। इस बार एनटीए ने सिटी कोऑर्डिनोर को यह अधिकार दिया कि वो एक और सेंटर का चुनाव करें और इसी कारण उन्होंने डीएवी भवनाथपुर की जगह डीएवी गढ़वा का चुनाव किया। इसका फायदा छात्रों को हुआ कि उन्हें परीक्षा देने के लिए कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं पड़ी। इसे सफल बनाने में दोनों स्कूलों के सारे शिक्षक और शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उन्होंने फिर कहा, अगर सारे शिक्षक उनके साथ कदम से कदम मिलाकर नहीं चलते तो इतना बड़ा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न नहीं हो सकता था। उन्होंने नीट परीक्षा के सफलतम संचालन का पूरा श्रेय अपनी पूरी टीम को दिया है।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVSION, DALTONGANJ.**

**CORRIGENDUM**

Tenders Postponed vide PR No.-292876 (Building) 22-23*D has been Group No.- 1 to 26 reinvited.

Date of Receipt of the tenders will be 11.05.2023 Time 1:00 PM and the Opening of the tenders will be 12.05.2023 Time 3:30 PM

Rest will be as usual.

Executive Engineer,
Building Division, Daltonganj.

PR 296768 (Building)23-24*D


## डिमांड के नाम पर पैसा लेन-देन का वीडियो वायरल होने पर कार्यमुक्त हुआ कंप्यूटर ऑपरेटर

**मेराल (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय में संविदा पर कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा मनरेगा कार्य में डिमांड लगाने के नाम पर पैसा लेन-देन करते हुए वीडियो वायरल होने पर बीडीओ ने तत्काल कंप्यूटर ऑपरेटर को कार्य मुक्त कर स्पष्टीकरण की मांग की है। मामले में बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने बताया कि वीडियो वायरल होने पर प्रथम दृष्टया कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद कुमार को तत्काल कार्य मुक्त करते हुए 24 घंटा के अंदर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। उन्होंने कहा है कि स्वयं उपस्थित होकर स्पष्टीकरण नहीं दिया जाता है तो अग्रेतर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी को सूचित कर दिया जाएगा। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता अमरेश उरांव द्वारा बताया गया कि पैसा लेन करते का जो वीडियो वायरल हुआ है वह गलत है। वायरल वीडियो में कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद कुमार से मैं पांच सौ रुपए का खुला पैसा ले रहा था। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। अरविंद से मेरी अच्छी दोस्ती है कोई कार्य नहीं चल रहा है जिसका डिमांड लगाने के लिए पैसे का लेन-देन करेंगे। वायरल वीडियो के संबंध में कंप्यूटर ऑपरेटर अरविंद कुमार ने बताया कि वीडियो में दिखाया गया व्यक्ति अमरेश उरांव है जिससे मेरी दोस्ती है। उनके मुझसे 500 रुपए का चेंज मांगने पर उन्हें मैं खुला दे रहा था। जिसका किसी ने वीडियो बनाकर गलत आरोप लगाते हुए मुझे फंसाने की साजिश की है।

## श्री सर्वेश्वरी समूह ने मरीजों के बीच किया ब्रेड-बिस्कट का वितरण

**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा गोसाईबाग (नगरउंटारी) द्वारा रविवार को 19 सूत्री कार्यक्रम के तहत अनुमंडलीय अस्पताल, कुपोषण उपचार केंद्र, सिटी हॉस्पिटल, गुलाब हॉस्पिटल व डॉ सिद्धनाथ प्रसाद के क्लीनिक में पहुंचकर मरीजों के बीच ब्रेड एवं बिस्किट, बेना पंखा, का वितरण किया गया। मौके पर डॉ कुतबुद्दीन अंसारी, डॉ संतोष कुमार, संजीव कुमार, नागेंद्र प्रसाद, मनोज प्रताप देव, परमानंद कुमार, राजेंद्र यादव, नवनीत कुमार, पप्पू कुमार, अनिल कुमार, धर्मेश कुमार, शशि कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## गायत्री परिवार ट्रस्टी के बड़े भाई के निधन पर शोक व्यक्त



**रमना (आजाद सिपाही)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के उपजोन ट्रस्टी सदस्य सह विशुनपुरा बाजार निवासी रामजी प्रसाद गुप्ता के बड़े भाई घूरा प्रसाद गुप्ता (70) का निधन रविवार शाम हो गया। जिनका अंतिम संस्कार सोमवार को स्थानीय नदी घाट में कर दिया गया। रौनियार वैश्य परिवार के जिला कार्यकारी अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद गुप्ता ने कहा कि घूरा प्रसाद के निधन से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। प्रमंडलीय उपाध्यक्ष अशोक प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने वाले घूरा प्रसाद का निधन काफी पीड़ा दायक है। वहीं नगर अध्यक्ष हीरालाल प्रसाद गुप्ता, संगठन मंत्री दामोदर प्रसाद गुप्ता, सचिव उदय प्रसाद, जिला सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, गौरीशंकर प्रसाद, भोला प्रसाद, मुरली प्रसाद, उमेश प्रसाद गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुन्ना प्रसाद, चंद्रिका प्रसाद, राधेश्याम प्रसाद, संजय प्रसाद गुप्ता, महेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, बबलू गुप्ता, कन्हैया गुप्ता आदि ने गहरा शोक जताया है।

# इलाज के लिए मंत्री ने दिया आर्थिक सहयोग

**झामुमो रंका प्रखंड अध्यक्ष एवं 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष ने परिजनों को सौंपी राशि**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** अनुमंडल प्रखंड क्षेत्र के सिरोईखुर्द पंचायत के झामुमो पंचायत सचिव अनिल यादव की अत्यधिक तबीयत खराब रहने और पैसा के अभाव में इलाज नहीं करा पाने की खबर सुनते के साथ रंका प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता एवं 20 सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय ने झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री सह गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के सौजन्य से 10 हजार रुपए की तत्काल सहायता राशि परिजनों को प्रदान की।

बताते चलें कि अनिल यादव की अत्यधिक तबीयत खराब रहने के चलते पैसे के अभाव में इलाज नहीं करा पा रहे थे। किसी तरह कर्ज लेकर के गढ़वा चौधरी नर्सिंग हॉस्पिटल में भर्ती हुए हैं। इस मौके पर अमीन अख्तर, बंसी प्रसाद गुप्ता, श्रवण कुमार, धीरज कुमार ने उनका स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

आशीष कुमार गुप्ता ने अनिल यादव के परिवार वालों को आश्वस्त किया कि किसी भी हाल में झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड परिवार आपके साथ खड़ा है। माननीय मंत्री का आशीर्वाद उन पर है। इसलिए घबराने की आवश्यकता नहीं है। ऐसे जनप्रतिनिधि को पाकर उनके परिवार वालों के खुशी के आंसू छलक पड़े। परिवार जनों के द्वारा कहा गया कि जिस आशा और विश्वास के साथ उन्हें हम लोग एक-एक वोट देकर विधायक बनाया आज उसका सार्थक रूप देखने को मिल रहा है। ऐसे जनप्रतिनिधि को पाकर हम सभी धन्य हैं। जो हर एक के सुख-दुख में अपने कार्यकर्ताओं एवं जनता के प्रति हमेशा उदारपूर्वक साथ रहते हैं तथा हर एक के सुख-दुख में साथ खड़े रहते हैं। परिजनों ने मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर को धन्यवाद देते हुए दिल से आभार व्यक्त किया है।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** ढबरिया गांव निवासी एक युवक की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों के साथ साथ गांव के लोग भी मर्माहत हैं। कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ढबरिया गांव निवासी उदय चन्द्रवंशी के 26 वर्षीय पुत्र मुकेश चन्द्रवंशी की एक सड़क हादसे में मौत हो गई। यह घटना सोमवार की सुबह तकरीबन 11 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह अपनी बाइक से घरेलू सामान की खरीदारी करने कांडी बाजार जा रहा था। इसी दौरान वह अपने घर से कुछ ही दूर पहुंच पाया था कि मुख्य सड़क पर असंतुलित होकर बाइक के साथ गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए मझिआंव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अस्पताल ले जाया गया। लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक शादीशुदा युवक था। वह अपने पीछे पत्नी व तीन बच्चों को छोड़ गया है। मृतक की पत्नी के गर्भ में उसका छह माह का बच्चा भी पल रहा है।

**OFFICE OF THE ELECTRICAL EXECUTIVE ENGINEER**
**ELECTRIC WROKS DIVISION, RANCHI**
**Energy Department, Govt of Jharkhand.**

**Very Short Notice Inviting e-quotation**
**Notice No-Energy/EWD/Ranchi/04/23-24**

Quotation through e-tender are invited for rate of Item/materials annexed as Annexure-1 for framing estimate from Reputed Manufacturers/ authorize agency/ Departmental registered contractor. The Item/Material Rate conforming to specifications shall be submitted online in the website Https://Jharkhandtenders.gov.in. Details are available on the above e-tender portal. The quotationer may download the documents from the website and quote their rate online from 16/05/2023 at 11:00 hrs. to 22/05/2023 at 14:00 hrs. The quotation will be opened on 23/05/2022 at -14:00 Hours.

The quotation is invited to ascertain and assess the Item/Material Rate at par with lowest market rate for framing of Estimate.

Electrical Executive Engineer
Electric Works Division,
Ranchi.

PR 296807 Energy(23-24)D

# भवनाथपुर सीएचसी में मरीजों को दी गयी एक्सपायरी दवा

**इलाज कराने आये मरीजों को एक्सपायरी दवा मिलने से हुआ मामले का खुलासा**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में अस्पताल कर्मी की लापरवाही से मरीजों को लगभग नौ माह पूर्व एक्सपायर हुई दवा वितरण किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। सोमवार को इसका खुलासा तब हुआ जब यहां इलाज कराने आये जिरहुला निवासी मरीज अशोक मेहता पिता रामप्यारे मेहता और परती कुशवानी निवासी सरिता देवी पति भोला ठाकुर को एक्सपायरी दवा दी गई। अशोक मेहता ने दवा दिखाते हुए कहा कि जो दवा हमें दी गयी है उसका जुलाई माह 2022 में ही इसकी एक्सपायरी तिथि है। अशोक मेहता की तबीयत खराब थी वह अपना इलाज कराने अस्पताल में आया था। जहां पर उपस्थित चिकित्सक के द्वारा उसका चेकअप किया गया तो उसको टाइफाइड निकला। डॉक्टर के द्वारा दवा लिखने पर दवा लेने गया तो दवा लेने के बाद अवलोकन किया तो पाया कि जुलाई 2022 में ही एक्सपायरी तिथि थी। इस संबंध में पूछे जाने पर दवा वितरण कर्मी अजित कुमार ने एक्सपायरी दवा बांटने की बात पूर्णतया निराधार बताते हुए कहा कि एक मरीज द्वारा मुझसे जबरन विटामिन की दवा मांगी जा रही थी जो कि केवल आयुष्मान मरीज के लिए उपलब्ध है। मरीज द्वारा किसी दूसरे व्यक्ति को आधे घंटे बाद बुलाकर इस तरह की शिकायत की गई जो पूर्णतया निराधार है।

वहीं इस मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि अस्पताल द्वारा एक्सपायरी दवा नहीं दी गयी है। बाहर से दवा लाकर कुछ लोगों द्वारा हंगामा किया गया है।

## सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना शिविर आज

**रंका (आजाद सिपाही)।** भारतीय स्टेट बैंक के सौजन्य से रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय स्थित रंकाकला पंचायत भवन में 9 मई मंगलवार को सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ अधिक से अधिक संख्या में प्राप्त करने हेतु शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में भारतीय स्टेट बैंक के पदाधिकारी भाग लेंगे और लोगों को बीमा और पेंशन का लाभ देंगे। जिसमें प्रधानमंत्री दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन योजना का लाभ उठा सकते हैं। इसके लिए लाभुक व्यक्ति को बैंक में खाता होना अनिवार्य है। इस अवसर पर एसबीआई ने सभी गरीब, मजदूर, किसान एवं अन्य लोगों से शिविर में सामाजिक सुरक्षा बीमा एवं पेंशन योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा**

**आवश्यक सूचना।**
**(लापता सुमेश चौधरी उम्र–19)**



डंडा थाना सनहा सं0–13/23 दिनांक–07.03.2023 के लापता सुमेश चौधरी उम्र–19 वर्ष, पिता–अशोक चौधरी, अपने घर स बिना बताये कहि चला गया है। उक्त लापता व्यक्ति का काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता सुमेश चौधरी, उम्र–19 वर्ष, पिता–अशोक चौधरी, सा0+पो0+थाना–डंडा जिला–गढवा, राज्य–झारखण्ड के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) गढ़वा के मो0नं0–9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0– 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

**हुलिया:–**
रंग–सावला, लम्बाई– लगभग 5 फीट, भाषा– हिन्दी, स्थानीय

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा

**PR 296805 Police(23-24)#D**

**कार्यक्रम :** एआइएमआइएम प्रखंड कार्यालय रंका में सदस्यता कार्यक्रम आयोजित

# झामुमो के दर्जनों नेता-कार्यकर्ताओं ने थामा एआइएमआइएम का दामन

**मुसलमान, दलित आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का भविष्य केवल एआईएमआईएम पार्टी के हाथ में ही सुरक्षित है : जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रंका।** एआइएमआईएम प्रखंड कार्यालय रंका में एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार रजक एवं प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी सह गढ़वा रंका विधानसभा प्रभारी डॉ. एम.एन. खान के नेतृत्व में झामुमो के दर्जनों नेता-कार्यकर्ताओं ने एआईएमआईएम की सदस्यता ली। पार्टी कार्यालय मे सभी को प्रखंड अध्यक्ष इबरान अंसारी ने स्वागत कर एआईएमआईएम की सदस्यता दिलायी।

मौके पर जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि मुसलमान, दलित आदिवासियों और पिछड़े वर्गों का भविष्य केवल एआईएमआईएम पार्टी के हाथ में ही सुरक्षित है। इसलिए जो भी इस पार्टी को छोड़ कर दूसरे दलों में हैं उनसे भी मेरा निवेदन है कि आप अपनी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करें। ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी में पुनः सबको शामिल करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है।

आज पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में हसनैन अंसारी, शमशाद अंसारी, राकेश कुमार रवि, अख्तर अली, सद्दाम हुसैन, गुलराज अंसारी, दीपक कुमार सिंह, अनीस अंसारी, आमिद अंसारी, वकील अंसारी, नजबुल्लाह अंसारी, नजबुद्दीन अंसारी के साथ दर्जनों समर्थकों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बैठक में सोशल मीडिया प्रभारी मजहर हुसैन, प्रखंड महामंत्री मोबिन अंसारी, प्रखंड युवा कोषाध्यक्ष खुशदिल अंसारी, प्रखंड सचिव मुंतजिर आलम, प्रखंड युवा सचिव कामेश कुमार रवि, मानपुर पंचायत युवा अध्यक्ष जुबैर अंसारी, मानपुर मीडिया प्रभारी मजीद अंसारी, दूधवल पंचायत कोषाध्यक्ष कामिल अंसारी आदि मौजूद थे।

**कार्यालय, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा**
**पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा**
**दूरभाष:(06526)222932, फैक्स:224599**
**ई–मेल: ssaloh@rediffmail.com ,lohardagassa@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा लोहरदगा जिला अन्तर्गत मान्यता प्राप्त तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय/महाविद्यालय को बार–बार स्मारित करने के बावजूद भी ई–विद्या वाहिनी के पोर्टल पर **Child U-DISE Mandatory Data** के प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। विदित हो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(च) के अनुसार सभी प्रकार के विद्यालयों/महाविद्यालयों को स–समय भारत सरकार/सक्षम प्राधिकार को आँकड़ां उपलब्ध कराना अनिवार्य होता है। उक्त सभी विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक को अंतिम रूप से स्मारित करते हुए निदेश दिया जाता है कि दिनांक 10.05.2023 तक आवश्यक रूप से ई–विद्या वाहिनी अन्तर्गत **Child U-DISE Mandatory Data** का त्रुटि रहित प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगें।

निर्धारित समयावधि में प्रविष्टि का कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों/महाविद्यालयों के मान्यता रद्द करने तथा गैर मान्यताप्राप्त निजी विद्यालयों का यू–डायस कोड रद्द करते हुए बंद करने हेतु नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा

PR 296766 Lohardaga(23-24).D

दो लोडेड देसी कट्टा, कारतूस और मोबाइल बरामद, एरिया कमांडर कृष्णा यादव उर्फ सुल्तान के लिए करते थे काम

# पीएलएफआइ के तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**कुडू के मकांदू और भंडरा में दहशत फैलाने वाले नक्सली धराये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को सफलता मिली है। कुडू थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई में हथियार के साथ पीएलएफआई के तीन उग्रवादी गिरफ्तार हुए हैं। ये सभी एरिया कमांडर कृष्णा यादव गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं। पुलिस को लंबे समय से इनकी तलाश थी। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कौशल कुमार यादव उम्र करीब 19 वर्ष पिता अरुण यादव, ग्राम-बलसोकरा, थाना-चान्हो जिला-रॉची, दिपक कुमार यादव उम्र करीब 23 वर्ष पिता सुदर्शण गोप, ग्राम उतका थाना कैरो, जिला-लोहरदगा, कुशल यादव उर्फ आकाश यादव उम्र 23 वर्ष पिता-नगदु यादव, ग्राम-सिरम, थाना-बालूमाथ, जिला-लातेहार के रूप में किया गया है। इनके पास से पुलिस ने दो लोडेड देशी कट्टा, कुल 06 (छ) जिंदा कारतूस, एक रेडमी कम्पनी का मोबाईल, एक टेक्नो कम्पनी का मोबाईल बरामद किया है।

इस संदर्भ में सोमवार को एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह ने पत्रकारों को बताया कि दिनांक 08.04.2023 को कुडू थाना के ग्राम-मकान्दु स्थित केशर / माइन्स में प्रतिबंधित नक्सल संगठन पी० एल०एफ०आई० के कमाण्डर कृष्णा यादव अपने हथियार बंद दस्ता सदस्यों के साथ लेवी की मांग करने तथा नहीं मिलने पर माइन्स में कार्यरत एक पोपलेन मशीन / एक डी०जी० मशीन में आग लगाकर क्षतिग्रस्त करने का अंजाम दिया गया था उसके अलावा कैरो, भण्डरा सिमाना में नहर निर्माण में कार्यरत मजदूरों से मोबाईल छिन्तई की गई तथा लेवी नहीं मिलने तक कार्य बंद रखने की धमकी देकर पोस्टर बाजी किया गया था जिसको लेकर कुडू थाना कांड सं0-47 / 2023 दिनांक 08.04, 2023 धारा-147/148/149/341 / 323/506/435/427/385 / 387 भा०द०वि० एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट एवं भण्डरा थाना कांड सं0-21/2023, दि०-08/04/2023, धारा 147/148/149/341/323/379/396/387/506 भा0द0वि0 एवं 17 सी०एल०ए० एक्ट दर्ज किया गया था। जिसके पश्चात कुड़ थाना क्षेत्र के इंट भट्टे एवं क्रेशर / माइन्स के आस-पास प्रतिदिन निगरानी पिकेटिंग एवं एम्बुश लगाया जा रहा था। जिसमें दिनांक 07/05/2023 को रात्री समय करीब 01:30 बजे कुडू थाना के पुलिस पदाधिकारी / सशस्त्र बल के द्वारा पिकेटींग कि गई थी। जिसमें दो संदिग्ध हथियार बंद व्यक्ति को पकड़ा गया था। पकड़ाये संदिग्ध का नाम पता पूछने पर अपना नाम क्रमश कौशल कुमार यादव व दिपक कुमार यादव बताया। दोनों अपराधी ने बताया कि वे पी०एल०एफ०आई० कमाण्डर कृष्णा यादव के लिए काम करते थे।

कृष्णा यादव के कहने पर क्रेशर एवं माइन्स में दहशत फैलाने के इरादे से आये थे। तलाशी के क्रम में दोनों अपराधी के पास से दो लोडेड देशी कट्टा एवं 04 (चार) जिन्दा कारतुस तथा लोडेड हथियार को खाली करने उसमें एक एक गोली लोड कुल 06 (छ) जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। बरामद सामानों को विधिवत जप्ती सूची बनाकर जब्तकिया गया है। पकड़ाये अभियुक्त के बतायेनुसार एक अन्य अपराधी कुशल यादव उर्फ आकाश यादव को भी गिरफ्तार किया गया। तीनों अपराधी का अपराध स्वीकारोक्ति बयान लिया गया है।

**छापामारी दल में ये अधिकारी जवान थे शामिल**

छापामारी दल में वरीय पुलिस उपाधीक्षक (अभियान) लोहरदगा दीपक कुमार पाण्डेय, एसडीपीओ वशिष्ट नारायण सिंह, कुडू थानेदार विश्वजीत कुमार सिंह, अभिनव कुमार पु०अ०नि० (तकनिकी शाखा), लोहरदगा, प्रेम प्रकाश, स०अ०नि०, कुडू थाना, सेट के सशस्त्रबल एवं जिलाबल के जवान शामिल थे।

# दो लाख का इनामी एरिया कमांडर नक्सली काजेश गंझू गिरफ्तार

**लुकईया मोड़ पर पुलिस पर किए गए हमले में भी शामिल था माओवादी काजेश गंझू**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव में बीती रात चंदवा पुलिस ने माओवादी के दो लाख का इनामी एरिया कमांडर काजेश गंझू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में एसपी अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर एक एसआईटी का गठन कर छापामारी किया गया। इस अभियान छापामारी के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए चंदवा थाना क्षेत्र के हेसला गांव से माओवादी के एरिया कमांडर काजेश गंझू उम्र करीब 21 वर्ष पिता हरिशचंद्र ग्राम हेसला, थाना चंदवा, जिला लातेहार को लोडेड देसी कट्टा एवं जिन्दा गोली के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। एसपी ने बताया कि काजेश गंझू माओवादी का एरिया कमांडर है और रविन्द्र गंझू दस्ते का सक्रिय सदस्य है। काजेश गंझू के विरुद्ध लातेहार, गुमला और लोहरदगा हत्या, आगजनी, रंगदारी और पुलिस के ऊपर किये गये हमलों के तहत 24 कांड दर्ज है। काजेश गंझू चंदवा थाना अंतर्गत लुकईया मोड़ पर पुलिस पर किये गये हमले में भी शामिल था। काजेश गंझू के लोडेड देशी कट्टा और जिंदा गोली के बरामदगी के संबंध में चंदवा थाना काण्ड संख्या- 108/2023 दिनाक 08.05 2023 धारा 25 (1-अ)/26 (2) आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएल एक्ट अंकित कर जेल भेजा रहा है। एसपी ने आगे बताया कि लातेहार में नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से लातेहार पुलिस के द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महानिदेशक और पुलिस महानिरीक्षक झारखण्ड के दिशा निर्देश में लातेहार पुलिस के द्वारा लातेहार लोहरदगा के सीमावर्ती क्षेत्र और बूढ़ा पहाड़ में पुलिस को इस विशेष अभियान में काफी सफलता मिली है। इस विशेष अभियान में माओवादियों को काफी नुकसान पहुंचा है। जिसमें नक्सलियों के कई बंकर ध्वस्त किए गये और काफी संख्या में गोला बारुद और हथियार, गोली, बरामद किया गया और आगे भी अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में कई माओवादी गिरफ्तार हुए और कई आत्मसमर्पण भी किये और कई मारे भी गये है। लातेहार पुलिस के इस विशेष अभियान से माओवादी अपने गढ़ से निकलने के लिए विवश हो गए है।

इस मौके पर एसडीपीओ संतोष मिश्रा, चंदवा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुअनि जमील अंसारी, नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, कुंदन कुमार और चंदवा सैट 202 के जवान शामिल थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर ऑनलाइन प्रतियोगिता का होगा आयोजन

लोहरदगा। विश्व पर्यावरण दिवस-2023 के अवसर पर राष्ट्रीय पर्यावरण स्वास्थ्य अनुसंधान संस्थान (आईसीएमआर-एनआईआरएच), भोपाल द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर सफलता की कहानियां के विषय पर ऑनलाईन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता 1-31 मई 2023 तक खुली रहेगी। 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी भारतीय नागरिक प्रतियोगता में भाग लेने के लिए पात्र है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विजेता प्रतिभागी को पांच हजार रुपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को तीन हजार रुपए और तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले प्रतिभागी को दो हजार रुपए का पुरस्कार राशि दी जाएगी। प्रतियोगिता में पंजीकरण के लिए लिंक का अनुसरण करें।उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ आरएन तिवारी द्वारा दी गयी।

# सरकारी योजना का लाभ जनता को मिले ये सुनिश्चित करें अधिकारी और कर्मी: वित्त मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** सूबे के वित्त राज्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र में संचालित सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा बैठक हेतु प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। यहां पर अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बुड़ायं सारू के नेतृत्व में मंत्री का स्वागत किया गया। तत्पश्चात मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव का स्वागत कर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बीडीओ सह सीओ की अगुवाई में ले जाया गया जहां पर वित्त राज्य मंत्री के द्वारा बारी बारी से सभी विभागीय पदाधिकारी और कर्मियों से क्षेत्र में संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए समीक्षा किया गया। वित्त राज्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जनता को शत-प्रतिशत मिले इसे हर हाल में तमाम अधिकारी और कर्मी सुनिश्चित करें उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने में हर वक्त तत्पर रही है। इस दौरान मंत्री के द्वारा आपूर्ति विभाग समाज कल्याण विभाग मनरेगा, आवास, पशु चिकित्सा, शिक्षा, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना सहित अन्य तमाम विभागों की ओर से क्षेत्र में संचालित योजनाओं का समीक्षा करते हुए लंबित पड़े योजना को यथाशीघ्र पूर्ण करते हुये नये योजना के चयन हेतु तेजी से कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के समक्ष किस्को से सेमरडीह होते हुए बानपुर तक बनायी जा रही कालीकरण पथ के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ख्याल रखते हुए तेजी से कार्य कराये जाने डहरबाटी नाली के निर्माण कार्य कराये जाने उर्दू उच्च विद्यालय चरहु को प्लस टू कराये जाने और बालू उठाव में हो रही समस्या का समाधान कराने सहित अन्य मुद्दों पर लिखित आवेदन देकर पहल कराये जाने की मांग रखी गयी जिसपर उचित पहल किये जाने का आश्वासन मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के द्वारा दिया गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का कमान किस्को थाना प्रभारी पोलीकार्प टोप्पो के नेतृत्व में संभाला गया था।



**समीक्षा बैठक में इनकी रही उपस्थिति**

बैठक में राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि अशोक यादव, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी अमित कुमार बेसरा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष हाजी सकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, बीडीओ सह सीओ बुड़ायं सारू, कांग्रेस कमिटी अध्यक्ष युनूस अंसारी, किस्को प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सामुल अंसारी, पेशरार प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह, प्रमुख सुचित्रा भगत, बीस सूत्री उपाध्यक्ष पुनिता उरांव, शेख सादिक, मोहम्मद आजम, उल्फत अंसारी, असलम अंसारी, मुखिया राजू उरांव, जयवंत कुजूर, मनीष कुजूर सहित अन्य विभागीय पदाधिकारी और कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुष्कर्म का 13 वर्षो से फरार आरोपी गिरफ्तार

पेशरार/लोहरदगा(आजाद सिपाही)। जिले के अति जंगलवर्ती पेशरार थाना पुलिस ने दुष्कर्म के लाल वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल। गिरफ्तार आरोपी तीन वर्ष से फरार चल रहा था। दुष्कर्म के आरोपी संजय यादव, पिता लीरवा यादव, को पेशरार के मेरम गांव से गिरफ्तार किया गया। पेशरार थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी संजय यादव 13 वर्ष से फरार चल रहा था। जिसे रविवार को उसके घर में छापामारी कर गिरफ्तार कर लिया गया। जिसका धारा 376 भा० द० वि० दर्ज कर लोहरदगा न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## 12 मई को लोहरदगा आयेगी झारखंड विधानसभा की विशेष समिति

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उप सचिव, झारखण्ड विधानसभा, रांची पत्रांक 982/वि0स0 दिनांक 04.05.2023 के अनुसार दिनांक 12.05.2023 को झारखण्ड विधानसभा की विशेष समिति (प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण) का लोहरदगा भ्रमण का कार्यक्रम दिनांक 12.05.2023 को है। समिति का आगमन: 05.30 बजे अपराह्न-लोहरदगा परिसदन होगा। वहीं 06.00 बजे अपराह्न: लोहरदगा परिसदन में उपायुक्त सहित जिला के क्षेत्रीय पदाधिकारियों के अलावे जिले के मुख्य नियोक्ता संबंधित कंपनी के सक्षम प्रतिनिधि और चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ विशेष समिति की बैठक तत्पश्चात स्थल निरीक्षण।

## चलाया गया वाहन जांच अभियान

सेन्हा-लोहरदगा(आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना के समीप सोमवार को जांच के क्रम में बाइक चालक को बिना हेलमेट या लाइसेंस के पकड़े जाने पर 15 बाइक चालक तथा चार पहिया वाहन से लगभग 18 हजार जुमार्ना राशि वसूली की गयी।

## जेइइ मेंस परीक्षा में सफलता प्राप्त करनेवाली छात्राओं को उपायुक्त ने किया सम्मानित

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा की तीन छात्राओं को समाहरणालय सभागार में शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिंह देकर सम्मानित किया। एकलव्य आवासीय विद्यालय कुजरा, लोहरदगा की तीन छात्राओं ललीता कुमारी, स्वाति कुजूर और किरण तिर्की ने इस वर्ष आईआईटी जेईई, मेंस की परीक्षा पास की है। तीनों छात्रायें 04 जून 2023 को होनेवाली आईआईटी जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गयी हैं। छात्राओं को सम्मानित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि आप सभी को इंजीनियरिंग की पढाई के लिए बेहतर कॉलेज का चुनाव करना चाहिये, क्योंकि कॉलेज चुनने का अवसर सिर्फ एक ही बार मिलेगा। उपायुक्त द्वारा सहायक जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि तीनों छात्राओं समेत जिला के अन्य छात्र-छात्राओं, जिन्होंने आईआईटी जेईई-मेंस की परीक्षा पास की है, उनके लिए विशेष क्रैक कोर्स की व्यवस्था विज्ञान भवन, लोहरदगा में की जाय।

## 27 नंबर पुल के पास पर्यटकों से नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने की लूटपाट

कुडू - लोहरदगा (आजाद सिपाही)। कुडू थाना क्षेत्र के 27 नं पुल जाने के रास्ते में नकाबपोश हथियारबंद अपराधियों ने एक बार फिर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया है। लुटेरों ने हजारों रुपये नगद, 3 मोबाइल, गले का चेन, लॉकेट समेत अन्य सामग्रियों की लूट की है। करीब एक माह में दूसरी बार हुई लूट की वारदात से पर्यटकों में भय व्याप्त है। लूट पीड़ित लातेहार जिले के चंदवा थाना अंतर्गत आन गांव निवासी रिशु प्रसाद ने कुडू पुलिस को दिये अपने आवेदन में बताया कि वह रविवार 7 मई को दोपहर करीब 2:30 बजे अपने दो दोस्त प्रिंस कुमार और अभय कुमार के साथ 27 नं पुल घूमने जा रहा था। महादेव मडा धाम से थोड़ी दूर आगे पहुंचा तो जंगल से निकले चार नकाब पोशों ने पिस्तौल दिखाकर बाइक को रोकने को कहां। जैसे ही उसने बाइक रोकी लुटेरे गाड़ी की ओर दौड़े और पिस्तौल की नोक पर तीनो से मोबाइल, गले मे पहने हुए चैन, लॉकेट, पैसा और बाइक की चाभी लूट कर वापस जंगल मे चले गये।

# लोहरदगा में टीपीसी ने लेवी वसूली का चिपकाया पोस्टर, व्यवसायी के घर फायरिंग

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर थाना क्षेत्र के पश्चिमी सीमावर्ती गांव निगनी गागूपारा हरिजन टोली निवासी गुलाब ईट भट्ठा मालिक उपेंद्र साहू के घर पर टीपीसी नक्सली संगठन द्वारा हस्तलिखित पोस्टर चिपकाया गया। इंट व्यवसाई के घर पर फायरिंग किया गया। घटना रविवार मध्य रात्रि की है। टीपीसी के पोस्टरबाजी और फायरिंग से गांव में भय व दहशत व्याप्त है। सदर थाना में घटना को लेकर टीपीसी संगठन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। टीपीसी के द्वारा चिपकाया गया हस्तलिखित पोस्टर में ईट व्यवसाई उपेंद्र साहू से 5 लाख की लेवी की मांग की गई है। लेवी नहीं देने पर टीपीसी द्वारा 24 घंटे के भीतर गोली मारने की धमकी दिया गया है। पोस्टर दक्षिणी सब जोन कमेटी टीपीसी के अजय जी द्वारा जारी किया गया है। रविवार रात गांव में शादी समारोह था रात करीब 11 बजे उपेंद्र साहू के घर पर पोस्टर चिपकाकर फायरिंग किया गया। शादी समारोह होने के कारण ग्रामीणों को इसकी भनक नहीं लगी। सुबह पोस्टर व गोली का खोखा देख पुलिस को सूचना दिया गया। ईट व्यवसाई उपेंद्र साहू से फोन के माध्यम से टीपीसी संगठन के नाम पर 5 लाख की लेवी की मांग की जा रही थी। इसे देने में उपेंद्र साहू ने असमर्थता व्यक्त किया। बताया गया कि, संगठन द्वारा 2लाख पर सौदा निर्धारित किया गया।



## रेलवे की ओर से अधिग्रहित भूमि के मुआवजा के लिए शिविर का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बारियातू ।** उपायुक्त के निर्देश पर भुअर्जन पदाधिकारि ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय स्थित सभागार मे रेलवे में गये भूमि के भू-रैयतो को मुआवजा और कागजात सत्यापन को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के संबंध में जानकारी देते हुए बीडीओ सह सीओ प्रतिमा कुमारी ने बताया कि टोरी शिवपुर रेल लाइन मे अधिग्रहित चेडरा, अमरवाडीह-फुलवसीया, बनवार व मनातु। ग्राम के दर्जनों भू रैयतों की जमीन रेलवे द्वारा अधिग्रहण किया गया है। जिसे ध्यान में रखते हुए भू रैयतों का मुआवजा, कागजात की सत्यापन एवं समझौता को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें एक दर्जन से अधिक भू रैयत शामिल हुए। जहां उनके द्वारा दिये गये कागजात की जांच की गई।सभी भु रैयतों को मुआवजा लेने हेतु अपने अपने भाइयों और परिवार वालों से समझौता कर एक सप्ताह के अंदर शपथ पत्र कार्यालय में जमा करनें को कहा गया। ताकि समय पर अधिग्रहण भूमि का मुआवजा दिया जा सके। इस मौके पर जिला भुअर्जन अमीन अजय विश्वकर्मा, अंचल निरीक्षक सुरेश राम,हल्का कर्मचारी लाल बिहारी उरांव, मो शोएब , प्रकाश गंझु, किशुन गंझु, महावीर गंझु, मो अय्युब ,सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सूरज देव यादव को प्रदेश युवा राजद सचिव बनाया गया



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के युवा राजद नेता सूरज देव यादव को झारखंड प्रदेश युवा राजद का प्रदेश सचिव बनाया गया। लातेहार जिला के तमाम राजद परिवार सूरज देव यादव बधाई दिया है। और पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद दिया है। वहीं सचिव बनाने पर सूरज देव यादव ने पार्टी नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव के साथ-साथ युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव को आभार प्रकट करते हुये कहा है। कि पार्टी मुझे जो जिम्मेवारी दी है। मैं पार्टी के गाइडलाइन के अनुसार मैं अपने पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करूंगा। बधाई देने वाले में विनय कुमार लव कुमार कौशल कुमार विजय कुमार अंकित कुमार अशोक यादव मनोज यादव युवा राजद के साथी खुशी का माहौल है।

## लैंपस में सदस्यता को लेकर बैठक आयोजित

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड कार्यालय के सभागार में लैंपस के माध्यम से किसानों को जोड़ने हेतु सदस्यता वृद्धि अभियान को लेकर कृषि सहकारिता विभाग सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी अनुज कुमार शरण के मौजूदगी में बैठक की गयी आयोजित। अनुज कुमार शरण ने कहा कि लैंपस के माध्यम से लोगों को जोड़ने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा। एक तरह से कहे तो सीधी तौर पर किसानों को मिलने वाली लाभ के बारे में भी इससे जुड़ने के बाद लोगों को डायरेक्ट मिलेगी। इस दौरान मौके पर मंगरा लैंपस के अध्यक्ष ब्रह्मदेव सिंह ननदेव सिंह ज्वाला प्रसाद वीरेंद्र साहू मनोज कुमार गुप्ता समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पारिवारिक विवाद में गयी पति की जान, पत्नी ने टांगी से मार कर की हत्या

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। सेन्हा थाना क्षेत्र के बूटी पंचायत के बुटी छोटका टोली में पारिवारिक विवाद में गई पति की हत्या पत्नी ने टांगी से मारकर कर दिया। मृतक की पहचान 55 वर्षीय दिलेश्वर उरांव के रूप में की गयी है। बताया गया कि घटना रविवार देर रात की है। दंपति में विवाद के बाद पत्नी एतमनी देवी ने टांगी से मार कर अपने पति की हत्या कर दिया। पुलिस आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आरोपी पत्नी एतमनी देवी तीन साल से अपने बेटी दामाद के घर घाघरा में रहती थी। एक महीना पहले अपने पति के घर आ कर रहने लगी थी। उसका पति से बराबर झगड़ा होता था। रविवार रात पति नशे में घर पहुंच झगड़ा करने लगा। जिसके बाद विवाद बढ़ता चला गया और पत्नी ने घर में रखा टांगी से पति के सिर पर हमला कर दिया। जिससे मौके पर ही पति की मौत हो गई। फिलहाल पुलिस हत्या के आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर जरूरी कार्रवाई कर रही है।

**बेरमो की खबरें**

# एनडीए में 33वां रैंक लाने वाले हर्ष को विधायक ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददता




**आईईएल।** गोमिया के छात्र हर्ष कुमार ने एनडीए की परीक्षा में देश भर में 33वां रैंक लाकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। हर्ष की इस कामयाबी पर सोमवार 8 मई को विधायक लंबोदर महतो हर्ष के घर पहुंचे और बुके देकर बधाई दी। विधायक ने कहा कि हर्ष ने गोमिया का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रौशन किया है। हर्ष की ये उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, विधायक प्रतिनिधि विपिन कुमार नायक, महेंद्र पासवान, संदीप कुमार स्वर्णकार, शैलेश रवानी सहित कई लोग मौजूद थे। गोमिया निवासी राजेश जयसवाल उर्फ पिंकू जयसवाल ने नौवीं के बाद तिलैया सैनिक स्कूल में दाखिला लिया। 12वीं की परीक्षा अच्छे नंबर से पास की और सितंबर 2022 में एनडीए की परीक्षा में शामिल हुआ। इस एनडीए की परीक्षा में कुल 538 अभ्यर्थी सफल हुए। जिसमे हर्ष ने दश भर में 33वां रैंक लाकर अपना लोहा मनवाया।

## सांसद के निर्देश पर युवती की शादी के लिए की आर्थिक मदद

नावाडीह (बेरमो) (आजाद सिपाही)। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के निर्देश सांसद प्रतिनिधि सुरेश महतो ने युवती की शादी के लिए आर्थिक सहयोग किया। चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत नार्रा पंचायत के बौरवाडीह में भाजपा के वरिष्ठ नेता सह आरएसएस संघ के सदस्य हुलास महतो के पुत्री का विवाह होना है। इसी को देखते हुये सांसद के निर्देश पर प्रतिनिधि ने विवाह के लिए आर्थिक सहयोग किया। मोके पर चन्द्रपुरा सांसद प्रतिनिधि मिथलेश महतो, विजय महतो उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर सदस्यों के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट ।** आगामी 13 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसीजेएम विशाल गौरव ने तेनुघाट अधिवक्ता संघ के सदस्यों के साथ बैठक की । श्री गौरव ने बताया कि आगामी 13 मई को माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं जिला जज बोकारो रंजना अस्थाना के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जायेगा। जिसमें आप सभी एनआई एक्ट, जीआर के मुकदमा सहित अन्य मामलों के निष्पादन करवाने में अपने मूवक्किल को कह कर मामलों का निष्पादन करवा सकते हैं। इस मौके पर बीरेंद्र प्रसाद, सुभाष कटरियार, नरेंद्र सिंह, पंकज सिंह, सोमेश सिन्हा सहित अधिवक्ता मौजूद थे।

## बीडीओ ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में सोमवार को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ अरविंद कुशल एक्का से स्वास्थ्य कार्यों से संबंधित जानकारी ली। साथ ही नियमित रूप से उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने एवं शत प्रतिशत टीकाकरण को लेकर सीएचओ और एएनएम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं बीडीओ ने कहा कि मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और आप सभी स्वास्थ्य कर्मी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। लोगों के स्वास्थ्य संबंधित जांच, टीकाकरण, मरीजों को मिलने वाली आयुष्मान कार्ड की सुविधा सहित अन्य लाभों की भी जानकारी दें। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बीटीटी सीमा कुमारी, बबीता देवी सहित कई सीएचओ, एनएम सहिया उपस्थित थे।

## बजरंग दल सिमडेगा जिले के सभी स्थानों पर आज करेगा हनुमत शक्ति जागरण

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** बजरंग दल मंगलवार को देश भर में कुमति निवार सुमति के संगी सामूहिक श्री हनुमान चालीसा के माध्यम से हनुमत शक्ति का व्यापक जन जागरण कर कांग्रेस सहित आतंकियों के पैरोकार अन्य संगठनों व देश विरोधी हिंदू द्रोही मानसिकता की सद्बुद्धि हेतु भगवान बजरंगबली का आह्वान पर सिमडेगा के सभी मन्दिर में हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। गौरतलब हो कर्नाटक कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र और उसके बाद राजस्थान, छत्तीसगढ, हिमाचल प्रदेश, व महाराष्ट्र सहित झारखंड राज्य के कांग्रेसी व कुछ अन्य हिंदू द्रोही नेताओं द्वारा बजरंग दल को प्रतिबंधित करने व इस देशभक्त संगठन की तुलना पीएफआई जैसे देशद्रोही, आतंकी व हिंसक संगठन से करना बहुत ही अपमानजनक है। हिंदू समाज इस तरह के अपमान का लोकतांत्रिक ढंग से उसका विरोध करेगा। विहिप जिलाध्यक्ष ने कहा बजरंग दल देश भर में गौरक्षा, कन्या रक्षा, रक्तदान, मठ मंदिर व धर्मरक्षा के साथ धर्मांतरण रोकने जैसे अनेक प्रकार के सेवा कार्यों में लगा है। ऐसे संगठन को प्रतिबंधित करने का मांग करना दुर्भाग्यपूर्ण है। समस्त हिंदू जनमानस 9 मई को अपने नजदीक के मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ कर देशद्रोही मानसिकता वाले लोगों का प्रतिकार करें।

## आयुष्मान भारत कार्ड बनाने को लेकर मुखिया ने प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ की बैठक



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बलीगढ़ पंचायत सचिवालय के सभागार कक्ष में मुखिया ललिता कुमारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य सहिया वार्ड सदस्य जेएसएलपीएस के महिलाओं एवं प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने को लेकर सोमवार को एक महत्वपूर्ण बैठक की गई। बैठक में उपस्थित बीटीटी अनुज कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार के द्वारा संचालित महत्वकांक्षी योजना से लाभ लेने हेतू आयुष्मान भारत कार्ड बनवाया जा रहा है। जिससे लोगों को पांच लाख का बीमा सहित चिन्हित अस्पतालों में निःशुल्क इलाज किया जाएगा। वहीं उपस्थित स्वास्थ्य सहिया, जलसहिया, आंगनबाड़ी सेविका एवं डीलरों को कहा गया कि राशन कार्ड में नाम शामिल सभी व्यक्ति से मिलें और आयुष्मान भारत कार्ड बनवाने को लेकर प्रेरित करें। मौके पर उपस्थित मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता, समाजसेवी रमेश राम, सभी वार्ड सदस्य, सभी स्वास्थ्य सहिया, प्रज्ञा केंद्र संचालक नरेंद्र अनमोल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भंडरिया के टेनटांड़ टोला को आदर्श पीवीटीजी ग्राम के लिए चयन होने पर चलाया गया सफाई अभियान



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** भंडरिया के टोला टेनटांड़ को जेएसएलपीएस के उड़ान परियोजना के तहत आदर्श पीवीटीजी ग्राम बनाने के लिए चयन किया गया है तथा उक्त क्षेत्र में सफाई अभियान चलाया गया। सफाई अभियान में वाईपी-उड़ान शिवम शेखर पति के नेतृत्व में सभी स्थानीय निवासी, बीएमएमयू के स्टाफ, बीपीओ-ईपी, डीईओ, सीसी, एफटीसी, एलएचसीआरपी एवं कैडर एमसीएम बीरेंद्र कोरवा, जेंडर सीआरपी, एडब्ल्यू, आईएफसी समन्वयक, आईएफसी मास्टर ट्रेनर व जेआरपी हाथ में कुदाल झाड़ू लेकर शामिल थे। उन्होंने अपने महत्वपूर्ण श्रमदान से ना सिर्फ ग्राम की सफाई की बल्कि ग्रामीणों को स्वच्छ रहने के लिए प्रेरित करते हुए उचित मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व बच्चों में बिस्किट बांटकर उनको प्रोत्साहित भी किया गया।

## नगड़ी प्रखंड के लद्दा एडचोरो में 12 पड़हा जेठ जतरा का किया गया आयोजन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के लद्दा एडचोरो में सोमवार को 12 पड़हा जेठ जतरा का आयोजन किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जेठ जतरा हमारी संस्कृति का हिस्सा के साथ-साथ हमारी पहचान है। जतरा हमारी संस्कृति हमारी अनमोल विरासत है। जतरा में नगड़ी प्रखंड प्रमुख मदुवा कच्छप, प्रभात तिर्की, सहाबीर लोहरा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने संत उर्सुला की छात्रा से कराया सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का उद्घाटन

# नॉलेज इज पावर, नॉलेज से ही आप अपना भविष्य संवार सकते हैं : डीसी

**उपायुक्त ने अधिकारियों को परिसर में जल्द कैफेटेरिया और जिम शुरू करने का भी निर्देश दिया**

आजाद सिपाही संवाददाता





**बसिया।** प्रखंड के कोनबीर में सोमवार को सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का उद्घाटन उपायुक्त सुशांत गौरव ने संत उर्सुला कॉन्वेंट की दसवीं की छात्रा रितु कुमारी से फीता कटवाकर एवं छात्राओं द्वारा दीप प्रज्वलित कर करवाया।

मौके पर उपस्थित जिले के उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि नॉलेज इज पावर, नॉलेज से ही आप अपना भविष्य संवार सकते हैं। आप अपने नॉलेज को जितना शेयर कीजियेगा उतना बढ़ेगा। यह पुस्तकालय जनता की संपति है। आज हम इसे जनता को समर्पित कर रहे हैं। इसे आप को सजाना संवारना और चलाना है। जैसा ऊर्जा भरियेगा वैसा यह चलेगा। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि कुछ समय उपरांत पहले तल्ले में एक हॉल बनेगा। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी यहां समय दें और बच्चों को राजनीति समेत अनेक जानकारियों से अवगत कराने का कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को परिसर में जल्द कैफेटेरिया और जिम शुरू करने का भी निर्देश दिया।

अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जो समाज से मिलता है तो हमें भी चाहिए कि हम भी समाज को कुछ वापस करें। उन्होंने कहा कि जिन अनाथ बच्चियों को निशुल्क पुस्तकालय में पढ़ने का अवसर प्रदान किया जायेगा उनका शुल्क हम सभी पदाधिकारी वहन करेंगे। कार्यक्रम को जिला परिषद अध्यक्ष किरण माला बाड़ा समेत अनेक अतिथियों ने भी संबोधित किया।

मंच संचालन बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता ने किया। छात्रा सुमंती किंडो ने अनुमंडल कार्यालय में चल रहे पुस्तकालय में पढ़ने को लेकर अपना अनुभव साझा किया। उसने बताया कि पुस्तकालय में पढ़ने की बदौलत उसका मार्क्स 60 प्रतिशत से बढ़कर 88 प्रतिशत हो गया।

मौके पर सीओ रविन्द्र कुमार पांडेय, उपप्रमुख इंदुमती देवी, मुखिया संघ की अध्यक्ष एमलेन कुल्लू, मुखिया अमृता देवी, विकास इंदवार, प्रमुख जगरानी तिग्गा, कांग्रेस नेता चैतु उरांव, ब्रदर सुशील टोपनो, अंजनी मिश्रा, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, एमआई के कार्यपालक अभियंता, शिक्षक अंजनी मिश्रा, रोशन कुमार समेत छात्र-छात्रायें, प्रबुद्धजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने डेयरी फार्म का भी किया उद्घाटन

उपायुक्त सुशांत गौरव द्वारा पुस्तकालय उद्घाटन के उपरांत बसिया प्रखंड के बम्बियारी पाहनटोली में महिला मंडल के द्वारा संचालित प्रयास डेयरी फार्म का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता सुधीर कुमार गुप्ता, महिला मंडल की सदस्य समेत प्रखंड पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस कर्मी उपस्थित थे।

## हिंडाल्को टीबी और कुपोषण से प्रभावित पंचायतों में स्वास्थ्य कैंप लगाये : सीओ

**घाघरा अंचल कार्यालय में सीओ ने की सीएसआर संबंधित कार्यों की समीक्षा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** अंचल कार्यालय में सोमवार को सीएसआर की बैठक अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में हिंडालको खनन क्षेत्र में हो रहे कार्य की जानकारी ली गई। इस बाबत अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज ने हिंडालको के पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि टीबी और कुपोषण से प्रभावित पहले पांच पंचायत आदर रुकी विमरला सरांगो, दिरगाव पंचायत के चिन्हित मरीजों को लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन करना है। साथ ही बंद पड़े भैंसबथान स्कूल की रिपेयरिंग जल मीनार का रिपेयरिंग मई महीने तक पूरा करने की बात कही। ताकि एक जून से वहां स्कूल चालू किया जा सके। साथ ही सरांगो रुकी पंचायत के स्वास्थ्य केंद्र का जीर्णोद्धार एक हफ्ता के अंदर करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कृषक के क्षेत्र में गोंदली रागी की खेती का बीज उपलब्ध कराने, हड़डूबा गांव में पीने का पानी, पहुंच पथ तक सड़क मररमती व सोलर लाइट लगाने का कार्य एक हफ्ता के अंदर कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा प्रस्तावित प्याऊ का कार्य शुरू करने का भी निर्देश दिया। खराब पड़े जल मीनार मरम्मत की भी बात कही। साथ ही कृषि पदाधिकारी और बीटीएम को लेमन ग्रास प्रोसेसिंग और उसके मार्केट की जानकारी एक सप्ताह में उपलब्ध कराने की बात कही। जलहन, चूल्हा माटी, घुघरूपाट में लाह की खेती के लिए प्रस्ताव भी आया। जिसमें पाट क्षेत्र की मिट्टी की जांच करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी बीडीओ विष्णु देव कच्छप, कृषि पदाधिकारी विनोदानंद पाठक, शिक्षा विभाग की बीपीओ पुष्पा टोप्पो, चिकित्सा प्रभारी अरविंद कुशल एक्का, मुखिया राजेश बढ़ाईक, चांदनी उरांव सहित कई पंचायत के मुखिया पंचायत कर्मी उपस्थित थे।

## पति ने की पत्नी की टांगी से मार कर हत्या, गिरफ्तार

**घटना के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है : थाना प्रभारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के भीतर सेरका गांव निवासी दिलेश्वर खेरवार ने अपनी 35 वर्षीय पत्नी रंथी देवी की टांगी से वार कर हत्या कर दी।

घटना की सूचना पर बिशुनपुर थाना के एएसआई दशरथ कुमार घटनास्थल पहुंचे जहां मृतक की बॉडी का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दिलेश्वर ने गांव की ही रंथी देवी से अंतर्जातीय प्रेम विवाह किया था। जिसके उपरांत महिला के पांच बच्चे हुए। परंतु दिलेश्वर हमेशा दारू के नशे में अपनी पत्नी को कहता था कि मैं अपनी जाति में शादी करता तो ज्यादा खुश रहता। यह कहकर अक्सर लड़ाई झगड़ा दोनों के बीच हुआ करता था। संभवतः यह झगड़ा सोमवार को दोपहर 1:00 बजे के लगभग बढ़ गया और घर में रखी धारदार टांगी से अपनी पत्नी के जबड़े में वार कर दी। जिससे टांगी जबड़ा फाड़ते हुए गर्दन तक जा पहुंची। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

इधर मृतका का बेटा पवन खेरवार ने बताया कि दोपहर 1:00 मेरी मां और पिताजी घर के ढाबे में बैठकर मेरी बड़ी बहन की शादी विवाह की बात कर रहे थे। इसी दौरान मैं नहाने के लिए नदी की ओर गया था, जहां से लौट कर देखा तो मेरी मां घर के अंदर रूम में खून से लथपथ गिरी पड़ी है और मेरे पिता घर से गायब थे। जिसकी सूचना मैंने गांव वालों को दी। उस वक्त मेरी बहनें भी घर पर नहीं थीं। उसने कहा मेरी मां को मेरे पिता ने मार डाला। अब वह जेल जाएंगे। मेरे नीचे एक भाई व तीन बहनें भी हैं। अब हम लोगों का भविष्य का क्या होगा।

इधर घटना उपरांत परिजन सहित गांव वालों का रो-रोकर बुरा हाल था। थाना प्रभारी कुंदन कुमार ने कहा कि आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना के संबंध में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

**राहत :** रातू प्रखंड प्रमुख ने अनाज वितरण कर की शुरुआत

# छह माह से बंद ग्रीन राशन कार्डधरियों को मिलेगा अनाज

**रातू फुटकलटोली और सिमलिया में कार्डधारियों को मिला राशन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रातू।** झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े सभी कार्डधारियों को झारखंड सरकार ने ग्रीन राशन कार्डधारियों को अनाज का पैकेट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रखंडों में अनाज का आवंटन भी कर दिया गया है। छह माह से बंद ग्रीन राशन कार्ड धारियों को प्रति व्यक्ति पांच किलो चावल का पैकेट वितरण किया जाना है। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार ने सभी जनवितरण दुकानदारों को निर्देश दिया है कि चावल का पैकेट जैसे ही प्राप्त हो उसकी सूचना दुकानदार अपने सभी कार्डधारियों को दें और अनाज का वितरण शुरू करें। राशन का वितरण ई- पॉस मशीन से किया जाएगा। राशन वजन करने की जरूरत नहीं है। प्रति पैकेट जो पांच किलो का है उसे कार्ड में जुड़े व्यक्ति की संख्या के अनुसार पांच रुपया प्रति पैकेट की दर से देना है। रातू के सिमलिया व फुटकलटोली पंचायत के जनवितरण दुकानदार अनीसा खातून व मोबिन अंसारी के द्वारा सोमवार को अपने दर्जनों ग्रीन राशन कार्डधारियों को अनाज उपलब्ध कराया है। प्रखंड प्रमुख संगीता देवी व फुटकलटोली पंचायत की मुखिया प्रभा तिर्की ने प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मनोज कुमार की मौजूदगी में लाभुकों को अनाज का पैकेट देकर इसकी शुरुआत की। रातू के अन्य पंचायतों के जनवितरण दुकानों तक ग्रीन कार्डधारियों का अनाज भेज दिया गया है। फिलहाल लाभुकों को नवंबर माह का राशन उपलब्ध कराया जायेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### कुरूमगढ़ थाने की पुलिस ने भाकपा माओवादी के मुख्य सहयोगी को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरूमगढ़ थाने की पुलिस ने भाकपा माओवादी के मुख्य सहयोगी गुमला थाना अंतर्गत हेठजोरी गांव निवासी रामकेश्वर उरांव पिता जतरू उरांव को गिरफ्तार कर गुमला जेल भेज दिया। मौके पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने जानकारी देते हुए बतलाया कि अभियुक्त पांच वर्षों से नक्सली संगठन में रहकर उनके मुख्य सहयोगी के रूप में काम कर रहा था। इसके खिलाफ कुरूमगढ़ थाना में कांड संख्या 3/21 के अलावे अन्य तीन मामले दर्ज हैं। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर कुरूमगढ़ पुलिस ने छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

### ब्लॉक और अंचल कर्मियों ने फरवरी से अप्रैल माह तक का वेतन नहीं मिलने पर दिया धरना



**पालकोट (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अन्तर्गत सोमवार को ब्लॉक गेट के समीप अंचल कर्मी व प्रखंड ब्लॉक कर्मी फरवरी माह से अप्रैल माह 2023 का वेतन नहीं मिलने के कारण उपस्थिति बनाकर धरना पर बैठे। जानकारी के अनुसार इस धरना में प्रखंड और अंचल के सभी कर्मचारी शामिल हुए। इस धरना में झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारी शामिल हुए थे। जिला सचिव भूषण कुमार, संयुक्त सचिव मुरारी प्रसाद, जितवाहन उरांव, कोषाध्यक्ष रामनरेश सिंह, गंगा ठाकुर ने भाग लिया। सभी वक्ताओं ने एक ही बात कहा कि कम करने के बावजूद बीडीओ द्वारा वेतन नहीं दिए जाने से कर्मचारी काफी तनाव व कठिनाई में हैं। कुछ कर्मी को इलाज कराने के लिये बिना वेतन के बाहर जाना पड़ रहा है। सभी वक्ताओं व कर्मियों ने इस तरह वेतन रोकने की कार्रवाई की एकसुर में निंदा की और कहा कि यह बीडीओ तनाशाही रवैया अपना रहे हैं। बाद में बीडीओ द्वारा आश्वासन दिया गया कि सभी का वेतन भुगतान कर दिया जायेगा। इस आश्वासन के बाद सभी कर्मियों ने धरना समाप्त किया।

### बसिया के खटखुरा गांव में जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग के प्रयास से लगा नया ट्रांसफॉर्मर



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बसिया प्रखंड के खटखुरा गांव में जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग के प्रयास से नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन जिप सदस्य बसंती डुंगडुंग द्वारा सोमवार को फीता काटकर किया गया। गांव के पहान पुजार पुनीत डुंगडुंग द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी। मालूम हो कि खटखुरा गांव में विगत लगभग डेढ़ महीने से ट्रांसफॉर्मर खराब था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा जिप सदस्य को दी गयी। जिसके उपरांत जिला परिषद सदस्य की पहल पर बिजली विभाग द्वारा नया ट्रांसफॉर्मर लगाया गया। इस मौके पर पहान पुनीत डुंगडुंग, अशोक गोप, सुमन, अशोक साहू, पीटर डुंगडुंग, बाबू लाल साहू, दिलीप गोप, मुकेश गोप, प्रदीप डुंगडुंग, कारलुस समेत अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

### देवी धाम में नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में मूर्ति स्थापना को लेकर निकाली कलश शोभायात्रा



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत देवी धाम में नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में मूर्ति स्थापना को लेकर पूरे पंचायत क्षेत्र में कलश शोभायात्रा निकाली गई। उल्लेखनीय है कि भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना से पूर्व महारुद्र यज्ञ का आयोजन होगा। कलश शोभायात्रा देवी धाम से महूराई, अमीरगंज, खडार टोला, लामी टोला होते पूरे पंचायत में निकाली गई। कमेटी के सदस्यों ने बताया कि आगामी 6 दिवसीय महारुद्र यज्ञ का प्रारंभ 10 मई को जल यात्रा से होगा। 11 मई की सुबह अग्निस्थापन के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ 15 मई को भगवान भोलेनाथ की मूर्ति स्थापना की जाएगी एवं 16 मई को पूणार्हुति होगी। सदस्यों ने बताया कि यज्ञ के दौरान रात्रि में प्रवचन होगा। कमेटी सदस्यों ने लोगों से यज्ञ में सपरिवार भाग लेने की अपील की। कलश यात्रा के दौरान अध्यक्ष उदय गुप्ता, सचिव आत्मानन्द विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष शम्भू प्रसाद सेठ, डोमन चन्द्रवंशी, पपु राम, अरुण गुप्ता, श्यामलाल बियार, मुना शर्मा, भोला प्रसाद सहित काफी संख्या में भक्तगण शामिल थे।

### नगड़ी प्रखंड कार्यालय में सप्ताह के पहले दिन बहुत कम ग्रामीण पहुंचे, पसरा रहा सन्नाटा

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय समय में खुला, पर अधिकारी निर्धारित समय में नहीं आये। सप्ताह का पहला दिन होने के कारण बहुत कम ग्रामीण प्रखंड कार्यालय आये। नगड़ी प्रखंड में दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। नगड़ी प्रखंड विकास पदाधिकारी नूतन कुमारी के साथ-साथ प्रखंड कर्मी भी कार्यालय में उपस्थित थे। वहीं अंचल कार्यालय में नगड़ी अंचलाधिकारी अवकाश पर थे, पर अंचल कर्मी उपस्थित थे।

# बीडीओ ने तोलरा पंचायत की कई योजनाओं का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम ने सोमवार को तोलरा पंचायत में चल रहे कई योजनाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के प्रगति का भी जायजा लिया। आवास योजना के लाभुकों को निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। कहा कि आवास योजना के जो लाभुक राशि लेकर निर्माण कार्य पूरा नहीं करा रहे हैं उन पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इस दौरान बीडीओ प्रशांत कुमार हेंब्रम कुंडी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में भी गए। जहां उन्हें 40 नामांकित बच्चो के बजाए मात्र आठ बच्चे केंद्र में मिले। जिसके बाद उन्होंने सेविका को कड़ी फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार लाने को कहा। मौके पर अजीत सिंह सहित कई प्रखंड कर्मी और पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।

# साक्षी ने राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** डीएवी प्रबंध कर्तृ समिति नई दिल्ली के प्रधान, आर्यरत्न, पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी एवं आर्यवीर डॉक्टर जेपी शूर डायरेक्टर पीएस-1 के आशीष की छत्रछाया में संचालित एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की दशम ब की छात्रा साक्षी कुमारी अग्रवाल का चयन इंस्पायर अवार्ड 2023 के लिए हुआ है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली एवं स्कूली साक्षरता विभाग झारखंड सरकार के इंस्पायर अवार्ड मानक स्कीम के अंतर्गत 4 मई 2023 को आयोजित झारखंड राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रोजेक्ट प्रतियोगिता 2021-22 में साक्षी कुमारी अग्रवाल ने भाग लिया और प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पूर्व साक्षी ने जिला स्तर पर सफलता प्राप्त किया और ?10000 पुरस्कार भी प्राप्त किया था। यह प्रतियोगिता जैक बोर्ड मुख्यालय परिसर नामकुम रांची में आयोजित थी । साक्षी कुमारी अग्रवाल ने महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एक पदवेश (चप्पल) बनाया था, जो संकट के समय दु र्व्यवहारी व्यक्ति को आहत कर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करता है । इस अवसर पर साक्षी को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य डां जीएन खान ने कहा कि साक्षी की प्रतिभा पर विद्यालय को गर्व है। नवाचार का यह उदाहरण अन्य छात्रों को प्रेरित करेगा, ऐसा विश्वास है। उन्होंने साक्षी एवं उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामना दी। साक्षी को उनके परियोजना कार्य में विद्यालय के विज्ञान शिक्षक विक्रम कुमार चंदेल ने सहायता एवं मार्गदर्शन किया। साक्षी ने विज्ञान शिक्षक एवं प्राचार्य का आभार प्रकट किया।

# परामर्शदात्री सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) सह जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे ने मुद्रा ऋण योजना, पीएमइजीपी, केसीसी, स्वयं सहायता समूह, पीएमएसबीवाइ, पीएमजेजेबीवाइ, एपीवाइ, पीएमजेडीवाई, ऋण प्रवाह, पीएमएसभी निधि सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान एलडीएम अनुकरण तिर्की ने बताया कि पूरे पलामू जिले में मार्च तिमाही 2022- 2023 के तहत मुद्रा लोन 42048 लोगों की बीच 35188.71 लाख रुपया दिया गया। वहीं केसीसी लोन 28448 लोगों के बीच 31382.85 लाख रुपया, स्वयं सहायता समूह के 3023 महिलाओं के बीच 4652.85 लाख रु, पीएमईजीपी के तहत 93 लोगों के बीच 251.90 लाख रु सहित कई अन्य योजनाओं के तहत लोन दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने कहा कि विभिन्न विभागों के सभी पदाधिकारियों व बैंक प्रतिनिधियों को सक्रिय होकर आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम करने की बात कही। पलामू जिले में संचालित सभी बैंकों को स्कूलों में नामांकित बच्चों का खाता खोलने में आने वाली परेशानियों को दूर करने की बात कही ताकि बच्चों को केंद्र एवं राज्य प्रायोजित योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ दिया जा सके। बैठक में उपायुक्त उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे के अलावा उप विकास आयुक्त रवि आनंद, डीडीएम नाबार्ड शालीन लकड़ा, एलडीएम, सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि समेत विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### चार दिन से लापता नाबालिग का मिला शव, पड़ोसी पर ही हत्या करने का आरोप

# परिजनों की आशंका हुई सच साबित, पड़ोसी सपरिवार फरार



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के भोलाटांड रक्साहा गांव के लापता नाबालिक का शव सोमवार को नदी के बीचों बीच दो पत्थरों के बीच दबा मिला। खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। मिली जानकारी के अनुसार भोलाटांड निवासी जिबराइल अंसारी का पुत्र शाहिद अंसारी (15) चार मई की रात को गांव के ही एक बारात में शामिल होने गया था। जिसके बाद वह घर वापस नहीं आया। सभी संभावित जगह खोजबीन के बाद परिजनों ने रेहला थाना में मामला दर्ज कराया था। पुलिस नाबालिक शाहिद के तलास में हर संभावित जगह छापेमारी भी कर रही थी। रेहला पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी कर रही थी। इसी बीच सोमवार के शाम चार बजे गांव किनारे खुंटीसोट नदी के बीचो बीच ग्रामीणों ने एक शव देखा। शव दो विशाल पत्थरों के बीच दबा हुआ था। जिसकी सूचना रेहला पुलिस को दी गई। पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पत्थरो के बीच से निकाला। शव की पहचान पिछले चार दिनों गायब शाहिद अंसारी के रूप में हुई। शव मिलने की खबर मिलते ही आसपास के लोग काफी संख्या में घटनास्थल पर जमा हो गए। शव देखते ही परिजनों की चीत्कार निकलने लगी। शाहिद की मां का तो रो-रो कर बुरा हाल है। परिजनों का आरोप है कि पड़ोसी विकास चौधरी उर्फ बादशाह ने मामूली बात पर शहीद अंसारी को कुछ दिनों पहले जान से मारने की धमकी दी थी। बादशाह ने ही शाहिद का अपहरण कर उसकी हत्या की है।

## परिजनों की आशंका हुई सच साबित

शाहिद अंसारी के परिजनों की आशंका आखिर सच साबित हुई। परिजन पिछले पांच मई से ही पड़ोसी विकास चौधरी उर्फ बादशाह पर अपहरण कर हत्या का आरोप लगा रहे थे। परिजनों के आरोप को बाल तब मिला जब आरोपी बादशाह छह मई को सपरिवार घर छोड़कर भाग गया। बादशाह मूलतः शाहपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पिछले दो वर्षों से वह भोला टांड में घर बनाकर रह रहा था। ग्रामीणों की माने तो वह अपराधी प्रवृति का था।

# सात दुकानों पर चला प्रशासन का बुलडोजर



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** वरिय अधिकारियों के निर्देश पर हरिहरगंज अंचल अधिकारी वांसुदेव राय ने पुलिस के सहयोग से सोमवार को तालाब पर बनी 7 दुकानों पर जेसीबी मशीन लगा कर अतिक्रमण हटाया।बता दें कि हरिहरगंज शहर के बालिका उच्च विद्यालय परिसर में पूर्व से निर्मित तालाब का सुंदरीकरण करीब 78 लाख रुपये की लागत से किया जाना है। तालाब एनएच 98 किनारे होने के कारण सात दुकानदारों ने दुकानें खोल कर बैठे थे और अपने साथ पुरे परिवार का भरण पोषण कर रहे थे। इस बाबत दुकानदारों ने रोजी रोटी बचाने के लिए प्रशासन से गुहार लगाते हुए देखे गए। मौके पर सीओ वांसुदेव राय ने बताया कि तालाब का सुंदरीकरण में इन दुकानों से अड़चने आ रही है।जबकि एक से डेढ़ महीने पहले सभी को अपनी अपनी दुकानें हटा लेने के लिए नोटिस दे दिया गया है। स्वेच्छा पूर्वक दुकाने नहीं हटाने पर प्रशासन द्वारा तलाब को अतिक्रमण मुक्त कराया जा रहा है। ताकि जल्द ही तालाब का सुंदरीकरण का कार्य चालू किया जा सके। इस दौरान पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, एसआइ निर्भय कुमार के साथ पुलिस बल शामिल थे।

# आंगनबाड़ी केंद्र में लटका रहा ताला



आजाद सिपाही संवाददाता

**नौडीहा बाजार (पलामू)।** सरकार के द्वारा कई जनकल्याण योजना के माध्यम तीन वर्ष से पांच वर्ष के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं के लिए तरह तरह पोषाहार वितरण के लिए आंगनबाड़ी केंद्र को दिया जा रहा है, लेकिन आंगनबाड़ी केंद्र जब बंद हो तो कैसे मिलेगा पोषाहार तब बाल विकास परियोजना विभाग नौडीहा बाजार पर सवाल उठना लाजिमी है, क्योंकि अगर बाल विकास परियोजना विभाग में प्रतिनियुक्त महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा क्षेत्र में घुमते तो आंगनबाड़ी केंद्र नियमित रूप से संचालित होता लेकिन ऐसा नहीं है। सोमवार को बीस सूत्री सदस्य मो. परवेज आलम के द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पंचायत तरीडीह के ग्राम रसीदा में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 1 में ताला लटका हुआ देखा गया और यह पहला बार नहीं है। इसके पहले भी कई बार यह आंगनबाड़ी केंद्र बंद देखा गया जिसका सूचना बीस सूत्री ग्रुप में दिया गया था लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ और नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र का हाल लग भग यही है, जबकि बीस सूत्री के बैठक में भी इस मामला को उठाया गया था, लेकिन कोई सुधार नहीं उधर बीस सूत्री अध्यक्ष उदय पासवान ने कहा कि नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत अधिकतर आंगनबाड़ी केंद्र बंद रहता है और बहुत जल्द विभागीय मंत्री के पास इस समस्या से अवगत कराया जायेगा।

## खेल की खबर

### आइपीएल का गणित, प्लेऑफ से एक जीत दूर गुजरात

# 4 पोजिशन के लिए 10 टीमों में रेस



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग में लीग स्टेज के 52 मैच खत्म होने के बाद भी अब तक कोई टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी है। वहीं 10 में से कोई भी टीम अब तक रेस से बाहर भी नहीं हुई है। लीग की सभी टीमों ने 10 से ज्यादा मैच खेल लिए हैं। लीग स्टेज के 18 मैच बाकी हैं। यही मैच टीम के प्लेऑफ क्वालिफिकेशन को कन्फर्म करेंगे। आगे स्टोरी में हम सभी टीमों के पॉइंट्स टेबल की स्थिति देखेंगे, साथ ही जानेंगे कि उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए कितने मैच जीतने होंगे।

## कितने मैच जीतने पर क्वालिफाई होंगी टीमें?

**आइपीएल में पिछले सीजन से 10 टीमें शामिल की गई हैं, लेकिन एक टीम लीग स्टेज में ज्यादा से ज्यादा 14 मैच ही खेलेगी। 16 से ज्यादा पॉइंट हासिल करने वाली टीम क्वालिफाई कर जायेगी। वहीं 14 से कम पॉइंट रखने वाली टीम प्लेऑफ की रेस से बाहर हो जायेगी।**

## एक जीत से प्लेऑफ में पहुंचेगी गुजरात

**गुजरात टाइटंस ने रविवार के पहले मैच में अपने होम ग्राउंड पर लखनऊ सुपरजायंट्स को 56 रन से हराया। टीम ने 11 मैचों में अपनी 8वीं जीत दर्ज की और इस वक्त 16 पॉइंट्स लेकर टेबल में टॉप पर काबिज है। टीम का प्लेऑफ में पहुंचना लगभग तय माना जा रहा है, हालांकि अभी यह पक्का नहीं हुआ है। टाइटंस के 3 मैच बाकी हैं, जो मुंबई, हैदराबाद और बेंगलुरु के खिलाफ होंगे। टीम इनमें से एक भी मैच जीत गयी तो 18 पॉइंट्स के साथ प्लेऑफ में जगह बना लेगी। तीनों मैच हारने की स्थिति में उन्हें बाकी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहना होगा। वहीं सभी मैच जीतने पर टीम पहले नंबर पर रह कर क्वालिफायर-1 में पहुंच सकती है।**

### आठ हजार उपभोक्ताओं के पास लगभग 15 करोड़ का बिजली बिल बकाया

# कनीय अभियंता ने सूद माफी योजना का लाभ उठाने की अपील की



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के आठ हजार उपभोक्ताओं के पास लगभग 15 करोड़ बिजली बिल बकाया है। जिसके वसूली हेतु विद्युत विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसकी जानकारी बीमोड़ विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय अभियंता अभिषेक कुमार ने दी। उन्होंने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे सूद माफी योजना के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कहा कि विभाग को एक फॉर्म भरकर उपभोक्ता जमा करें। उन्हे कुल बकाया बिल के बारे में बताया जायेगा। बिल में जितना राशि सूद का होगा उसे माफ कर दिया जायेगा। मूल राशि को एक मुस्त जमा करना होगा। जेई अभिषेक कुमार ने बताया कि अब तक इस योजना से सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया है। जिसमे सरकार को लगभग 96 लाख रुपया का राजस्व प्राप्त हुआ है। और उपभोक्ताओं को लगभग 50 लाख का सूद माफ किया गया। यह योजना आगामी 30 मई तक लागू रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से इस योजना का लाभ उठाने का अपील किया है।

# हाइवा के धक्के से युवक हुआ घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** एनएच 98 पर हरिहरगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।आये दिन हादसे हो रहे हैं। सोमवार को बालकिशोर सिंह इंटर कॉलेज कौआखोह स्थित एनएच 98 पर हाइवा के धक्के से दो लोग घायल हो गयें। दोनों युवकों की पहचान थाना क्षेत्र के ही कटैया पंचायत अंतर्गत बांसो का बताया गया। जिसमें स्व. सीता राम भुइंया के पुत्र धीरेन्द्र भुइंया (36) विशेष रूप से घायल है। जबकि दिलीप चंद्रवंशी को मामूली चोटें आयी है। जिसे ग्रामीणों की मदद से सीएचसी भेजा गया। वहीं आक्रोशित ग्रामीणों ने हाइवा को रोककर रखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार ने पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझा बुझा कर बीआर 26 जीए 2793 को जब्त कर थाने में ले गये। वहीं हरिहरगंज प्रमुख प्रतिनिधि अनिल पासवान ने सीएचसी पहुंच कर घायल युवक का हाल जाना।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,रामगढ़**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–01/2023-24**

1.कार्य की विवरणी–

| क0 सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य की समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पतरातु | सेलिया ग्राम के पलानी झरना पथ पर RCC Culvert निर्माण। | 24.585 | चौबीस लाख अन्ठावन हजार पांच सौ रू0 मात्र। | 5000/– | 31.07.2023 |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि–15.05.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–22.05.2023 समय– अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉची अथवा (ख) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य अंचल, हजारीबाग अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, रामगढ़ में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क, अग्रधन की राशि, शपथ पत्र की मूल प्रति एवं अपलोड किये गये तकनीकी योग्यता दस्तावेज की एक प्रति जमा करने की तिथि–23.05.2023 पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि–24.05.2023 समय–पूर्वाह्न 11.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, रामगढ़।
7. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0–6207617004
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/ अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निविदाकार के नाम/ अकाउंट से ही निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल ,रामगढ़ के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नही जायेगा। विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **jharkhandtenders.gov.in** में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, रामगढ़

PR 296767 (Rural Work Department)23-24*D



ई–प्रोक्योरमेंट सेल अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग,
भवन अंचल, हजारीबाग
अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0– BCD/BCHZB/DHANBAD/06/2023-24 दिनांकः– **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Construction of Boundary Wall with Main Gate & Concertina Coil Fencing at Urdu M. S. Kanchandih, Block Nirsa, Dhanbad. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0) | Rs.84,27,100/-(Eighty Four Lac Twenty Seven Thousand One Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.05.2023 |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

•किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
•अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय भवन अंचल, हजारीबाग।

PR 296846 Building(23-24)D

## प्रधानखंटा में बारातियों से भरी मैजिक और हाइवा में सीधी टक्कर

# एक की मौत, दर्जन भर लोग हुए घायल, अस्पताल में इलाजरत

**सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच धनबाद इलाज के भर्ती कराया गया है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के गोविंदपुर बलियापुर मुख्य मार्ग के प्रधानखंता में सोमवार की सुबह बारात से लौट रहे मालवाहक टाटा मैजिक की हाईवा वाहन से सीधी टक्कर हो गयी। घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है। वही दर्जन भर लोग घायल हो गये। सभी घायलों को एसएनएमएमसीएच धनबाद इलाज के भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बारातियों से भरी मालवाहक टाटा मैजिक तेज गति से बरमुंडी से लौटकर टुंडी जा रही थी इसी दरम्यान प्रधानखंटा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे हाइवा से जोरदार टक्कर हो गई। जिसके बाद टाटा मैजिक पलट गया। और उसमें सवार लगभग दर्जन भर लोग घायल हो गए। वही एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मालवाहक टाटा मैजिक में 30 से 35 बाराती सवार थे। घटना के बाद चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुंच पुलिस को सूचना दी और घायलों को वाहन से बाहर निकाल अस्पताल को भेजा। घायलों ने बताया की रविवार को बारात टुंडी थाना क्षेत्र के लोधरिया से कालूबथान ओपी क्षेत्र के बरमुड़ी आई थी।

सोमवार को बारात वापस लौट रही थी। उसी दौरान दुर्घटना घट गयी। इलाज के दौरान फूलचंद महली की मौत हो गयी। घायलों में विकास महली, वीरेंद्र महली, संजीत महली, सत्यनारायण महली, गणेश महली, प्रदीप महली, शिवकुमार महली आदि शामिल हैं। विकास महली और वीरेंद्र महली की हालत नाजुक बनी हुई है।

# बीसीसीएल एसएनआरबीएस आउटसोर्सिंग में बमबाजी कर अपराधियों ने फैलायी दहशत

**संचालित एसएनआरबीएस जेबी आउटसोर्सिंग में सोमवार की अहले सुबह अपराधियों ने बमबाजी कर दहशत फैला दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल धनबाद में अपराधियों का मनोबल चरम पर है। आए दिन बमबाजी और गोलीबारी की घटना को अंजाम देकर लोगों को दहशत में डाल दिया है। लोगों का भरोसा अब पुलिस पर से उठता जा रहा है। ताजा तरीन घटना बीसीसीएल पुटकी क्षेत्र में घटी है। जहां संचालित एसएनआरबीएस जेबी आउटसोर्सिंग में सोमवार की अहले सुबह अपराधियों ने बमबाजी कर दहशत फैला दी। हालांकि घटना में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। लेकिन कार्यरत कर्मी खौफजदा है। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गयी। पुलिस को मौके से एक जिंदा बम बरामद हुआ। जिसे पानी के बाल्टी में रखकर थाने परिसर लाया गया। सूचना के अनुसार अपराधियों द्वारा तीन बम ब्लास्ट किए गए। जिसमें दो धमाके हुए वही एक बम नही फटा। कंपनी के कर्मियों ने बताया की धमाका काफी जोरदार था। धमाके से भारी मात्रा में ईट पत्थर उड़कर खड़े वाहनों से टकराया। वही दबी जुबान में बताया की आउटसोर्सिंग में वर्चस्व को लेकर दहशत फैलाने की मंशा से बमबाजी की गयी है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच करने की बात कह मीडिया से बचते दिखी।

## तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**धनसार।** मनईटांड़ भोक्ता मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम को लेकर सोमवार को समिति की एक बैठक की गयी। भोक्ता मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मदन महतो ने बताया कि शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 30 मई से प्रारंभ की जायेगी। जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें लगभग 5000 महिलाएं कलश यात्रा में भाग लेगी। दूसरे दिन 21 मई को बैंड बाजे के साथ शिवलिंग नगर भ्रमण कराया जायेगा। भ्रमण करते हुए पुराना बाजार नवदिश्वर मंदिर पहुंचेंगे। उसके बाद वहां से वापस भोक्ता मंदिर प्रांगण पहुंचकर पूजा अर्चना की जायेगी। अंतिम ल तीसरे दिन 22 मई को शिवलिंग प्राण प्रतिष्ठा एवं हवन के साथ महा भंडारा का आयोजन किया जायेगा। बताया कि 40 वर्षो से लोगों को इस मंदिर से आस्था है।

# मैथन जलापूर्ति का पानी चोरी होने से बना जल संकट



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आंकड़ों के अनुसार मैथन से रोजाना 90 एमएलडी पानी छोड़ा जाता है। लेकिन धनबाद तक सिर्फ 53 एमएलडी पानी ही पहुंचता है। मैथन से निरसा, गोविंदपुर के रास्ते मुख्य राइजिंग पाइपलाइन के जरिए पानी धनबाद के भेलाटांड़ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचता है। पेयजल विभाग के अधिकारियों के अनुसार निरसा से लेकर गोविंदपुर के बीच कई जगहों पर अवैध कनेक्शन है, जिससे रोजाना 35 एमएलडी पानी चोरी हो रही है। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट में 53 एमएलडी (मिलियन लीटर प्रतिदिन) रॉ-वाटर पहुंचता है। प्लांट पहुंचने वाले रॉ-वाटर का ट्रीटमेंट कर उसे पीने योग्य बनाया जाता है। तीन फेज में पानी को स्वच्छ किया जाता है. इसमें करीब तीन एमएलडी पानी बर्बाद हो जाता है। 20 एमएलडी पानी से शहर के 19 जलमीनार के साथ ही गोविंदपुर के एक जलमीनार में पानी सप्लाई किया जा रहा है। शहर की लगभग तीन लाख की आबादी को इससे पानी मिलता है। इसमें वैध व अवैध कनेक्शन शामिल हैं। जलमीनारों से सप्लाई होने वाले पानी में हजारों कनेक्शन अवैध हैं। इसके अलावा जलमीनार से पानी छोड़ने के दौरान मोटर के जरिए शहर के खास लोग भी धड़ल्ले से पानी की चोरी कर रहे हैं. इस पर रोक लगाने की सिर्फ योजना ही बनती रही।

## झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति की बैठक संपन्न

# मजबूती से संगठन विस्तार का लिया संकल्प



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद/चिरकुंडा।** शिवलीबाड़ी स्थित एक निजी कोचिंग संस्थान परिसर में सोमवार को झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति कि बैठक जिला अध्यक्ष लखन लाल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें झारखंड विश्वकर्मा बढ़ई कल्याण समिति जिला और प्रखंड के पदाधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत रहनेवाले बढ़ई समाज के गणमान्य लोगो ने हिस्सा लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य इस क्षेत्र में बढ़ई समाज के संगठन को मजबूती के साथ विस्तार करना है। इसके लिए अरुण शर्मा की अगुआई में समाज का एक दल डोर टू डोर कैम्पेन कर लोगो को जागरूक कर समाज और संगठन की महत्ता के बारे में बताया ताकि लोग एकत्रित होकर संगठन को मजबूती प्रदान करे। इसी कड़ी में इस बैठक में सिबलीबाड़ी पहुँचे समाज के सदस्यों ने अपने-अपने वक्तव्य को रखा।वहीं धनबाद जिला अध्यक्ष और जिला कार्यकारी अध्यक्ष विलायती शर्मा, धनबाद प्रखंड अध्यक्ष विजय शर्मा,प्रखंड सचिव शिवकुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा, तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष विशु शर्मा और झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश कुमार शर्मा, महासचिव बैजू शर्मा सभी पदाधिकारियों ने सांगठनिक दिशा निर्देश दिया। कहा कि हर माह एक बैठक रखा जाय और क्षेत्रीय स्तर पर कमिटी का गठन कर संगठन विस्तार हेतु अहम कदम उठाया जाय। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला अध्यक्ष लखन लाल शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष विलायती शर्मा,कुमारधुबी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष उमेश शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, रामकृपाल शर्मा, राजेश शर्मा, कमलेश शर्मा, अशोक शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, भोला शर्मा, डीएन ठाकुर, अनिल शर्मा, विजय शर्मा, अर्जुन शर्मा, राज नंदन शर्मा, सुनील शर्मा, शिवकुमार शर्मा आदि मौजूद थे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों के समर्थन में जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने निकाला कैंडल मार्च

**दिल्ली के जंतर मंतर पर अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी न्याय पाने के लिए धरना पर बैठी है**

**भाजपा बलात्कार करने वाले सांसद को बचाने का षड्यंत्र कर रही है।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सोमवार को धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना में बैठी अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ियों के समर्थन में केंडल मार्च निकाला गया। मौके पर झारखंड प्रदेश सचिव वैभव सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार में बेटियां सुरक्षित नही है। दिल्ली के जंतर मंतर पर अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी न्याय पाने के लिए धरना पर बैठी है। यह राष्ट्र के लिए शर्मिंदगी की स्थिति है। जब अंतरराष्ट्रीय रेसलर खिलाड़ी भाजपा के एक सांसद बृज भूषण सिंह पर गंभीर आरोप लगा रही है। तो आरोपों की जांच कराने और आरोपी की गिरफ्तारी के बजाय भाजपा देश की बेटियों को कटघरे में खड़ी कर रही है। इससे ज्यादा शर्मिंदगी की अन्य कोई बात नहीं हो सकती है। धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने कहा कि जंतर मंतर पर देश के लिए मेडल लाने वाली खिलाड़ी धरना पर बैठी हुई है। भाजपा को देश मे मेडलिस्ट नही चाहिए बल्कि रेपिस्ट चाहिए। भाजपा बलात्कार करने वाले सांसद को बचाने का षड्यंत्र कर रही है। भाजपा का नारा बेटी बचाओ बेटी बचाओ विकासात्मक नहीं बल्कि देश के लिए चेतावनी थी कि आप हम अपने बेटियों को भाजपा के नेताओ से बचाना है। सीता राणा ने कहा कि यौन हिंसा के आरोपी बृज भूषण को तत्काल भाजपा सरकार बर्खास्त करे और गिरफ्तारी हो। ताकि महिला खिलाड़ियों को न्याय मिल सके। मौके पर धनबाद जिला के प्रवक्ता सतपाल सिंह ब्रोका, पप्पू तिवारी, रूबी खातून, हेमंती जयसवाल, मधु फिलिप्स, गीता सिंह, गुड़िया देवी, रिंकू कुमारी, दुलारी देवी, नूतन विश्वकर्मा, सावित्री कोड़ा, अजमेरी खातून, शाहीना बानो, लक्ष्मी देवी आदि मौजूद थी।

# स्वामी चिन्मयानंद का जन्मोत्सव धूमधाम से मना



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी, अत्यंत मेघावी पत्रकार, क्रांतिदृस्टि वेदांती, जीवन के अंतिम सांस तक राष्ट्र एवम मानव कल्याण को समर्पित परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद महाराज का 107वां जन्म दिवस महोत्सव चिन्मय विद्यालय बोकारो के प्रांगण में पूरी श्रद्धा एवम भक्ति से मनाया गया। 8 मई 1916 को परम पूज्य स्वामी चिन्मयानंद महाराज का जन्म केरल के एनार्कुलम में हुआ था। उनका बचपन का नाम बाल कृष्ण मेनन था। इस अवसर पर चिन्मय विद्यालय बोकारो के छात्रों ने पूरी श्रद्धा के साथ उनके चरण पादुका की पूजा की। एवम उनके 108 नामोच्चारण के साथ आराधना की। चिन्मय मिशन जनर्वत -5 की आचार्या स्वामिनी संयुक्तानंद ने पूरे विधी-विधान के साथ पुजा-अर्चना की। पूजा के पश्चात सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान वृजमोहन लाल दास, नरमेंद्र कुमार, सुप्रिया चौधरी, संजीव सिंह,रश्मि सिंह एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।


## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांक : 13 मई 2023 (शनिवार)

समय : 07:30 बजे पूर्वाह्न से 12:30 बजे अपराह्न तक

स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

**सर्वसाधारण को सूचना**

विदित हो कि **राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार**, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं **झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार** (झालसा) के नेतृत्व में **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा** के द्वारा दिनांक 13/05/2023, दिन शनिवार, **समय 07:30 बजे पूवाह्न से 12:30 बजे** अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

कुमार गौरव
पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

आदित्य रंजन
उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

विरेन्द्र कुमार तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

**नोटः** इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 7:30 बजे पूर्वाहन से 12:30 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

निवेदकः
अभिषेक प्रसाद
मो0 6200937857
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा।

PR 296802 Law(23-24).D



## झारखण्ड सरकार
## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–04/2023–24**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय | :– | 16.05.2023 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय | :– | 17.05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 17.05.2023 को अपराह्न 3.30 बजे। |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थान:– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यो की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Renovation of Electrical work around the Gonda Dam-67 Nos. Pole and 3 Nos. High Mast Light under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 14,56,262.00 | 30,000.00 | 2500.00 | 45 Days |
| 2. | Estimate for Renovation of Spillway Redial Gate and replacing of Rubber seal and accessories of spillway etc. at GONDA DAM under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 19,09,677.00 | 39,000.00 | 5,000.00 | 90 Days |
| 3. | Special repair of 4 Unit one block Officer Grade Quarter in front of Chief Minister's Residence, Kanke Road under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 21,11,769.00 | 43,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 4. | Repairing & Damaged Compound wall at water Tower Campus Ratu Road under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 23,50,425.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 02 Months |
| 5. | Construction of sluice valve Chamber and Mis. Work at Water Tower Campus Ratu Road Ranchi under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 23,57,400.00 | 48,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 6. | Replacement of FRP Plate for Lamella Clarifier Tank No-03 and its allied work at WTP GONDA under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 24,59,650.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |
| 7. | Replacement of FRP Plate for Lamella Clarifier Tank No-04 and its allied work at WTP GONDA under D.W. & S. Division, Gonda, Gonda, Ranchi. | 24,59,650.00 | 50,000.00 | 5,000.00 | 01 Months |

नियम एवं शर्ते सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 296771 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D



## Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.

(CIN: U40108JH2013SGC001704)
(SLDC) Building, Kusai Colony, Ranchi-834002 (Jharkhand)
Tele. No.-0651-2490894, Fax. No.0651-2490486

**1st Time EXTENSION NOTICE**

**NIT NO. 23/ PR/ JUSNL/ 2023-24**

Due to unavoidable circumstances, the Bid submission date against NIT no. 23/ PR/ JUSNL/ 2023-24 for **"Comprehensive Annual Maintenance Contract of 14 Nos. Air Conditioning Machines installed at SLDC Office, Kusai Colony, Doranda, Ranchi for a period of 02 years"** is hereby modified in the following manner:

| | |
|---|---|
| **Name of Work** | Comprehensive Annual Maintenance Contract of 14 nos. of Air Conditioning Machines (Carrier Make) installed at SLDC office, Kusai Colony, Doranda, Ranchi for a period of 02 years. |
| **Completion Period** | 02 years from the date of acceptance of the Work Order. |
| **Price of the Tender documents and BOQ (Non-Refundable)** | Rs. 886.00/- only in the form of DD in favour of SLDC/ULDC, payable at Ranchi. |
| **Earnest Money Deposit (Refundable)** | Rs. 7500/- (Rupees Seven Thousand Five Hundred) only in the form of DD in favour of SLDC/ULDC, payble at Ranchi. |
| **End Date & Time of sale of Tender Document** | 16.05.2023 Up to 05:00 PM |
| **End Date & Time of submission of Tender Document** | 22.05.2023 Up to 05:00 PM |
| **Due Date & Time of opening of Tender Documents** | 23.05.2023 at 11:30 AM |
| **Date & Time of opening of Price Part (Part-II)** | Will be communicated later on |
| **Procurement Officer and address for communication** | General Manager (SLDC), JUSNL, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-834002. Email: uldc.jusnl@gmail.com |

1. Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be purchased from the Office of GENERAL MANAGER (SLDC), JUSNL, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834 002. Any details required in this regard can also be have on mobile number: 9955165070 during office hours.
2. The bid will be received by hand only. Bidders are advised to purchase their bids well in advance to avoid last minute obstacle.
3. Bid document must be submitted on or before given date and time of the tender.

**Note: The submitted tender document shall be properly paginated and must be clearly readable failing which the bidder summarily be rejected.**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager, (SLDC)
Ranchi

PR No.295146 PR 296838 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (23-24)_D

# तीन वरिष्ठ साहित्यकारों को मिला 'अतिबडी जगन्नाथ दास पुरस्कार'

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** ओड़िशा साहित्य अकादमी ने सर्वोच्च सारसत्व सम्मान अतिबडी जगन्नाथ दास पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रख्यात साहित्यकार श्रीनिवास उदगाता, प्रसिद्ध कवि सीताकांत महापात्र और प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रतिभा राय को दिया गया है। वर्ष 2021 के लिए उपन्यासकार प्रतिभा राय, कवि सीताकांत महापात्र को वर्ष 2022 और साहित्यकार श्रीनिवास उदगाता को वर्ष 2023 के लिए पुरस्कृत किया गया है।

अकादमी द्वारा 'अतिबडी पुरस्कार' के साथ विगत तीन वर्षों से 45 सारस्वत साधकों एवं साधिकाओं को सम्मानित किया जायेगा।

इसके अलावा बताया जाता है कि 'ओड़िशा साहित्य अकादमी' पुरस्कार भी विभिन्न श्रेणियों में दिये जायेंगे। ओड़िशा साहित्य अकादमी की ओर से उड़िया भाषा, साहित्य और संस्कृति विभाग के आनुकूल्य में आयोजित एक विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर द्वारा बच्चों के बीच नृत्य, ड्राइंग, पेंटिंग और तैराकी के क्षेत्र में बच्चों के कौशल और ज्ञान को विकसित करने के लिए आठ मई से दो जून तक एक ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

उद्घाटन समारोह में संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक विनीत सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और कहा कि यह शिविर ग्रीष्मकालीन अवकाश में अवकाश के समय का उचित उपयोग करके विभिन्न विधाओं में प्रतिभा को सीखने और विकसित करने के लिए एक नया मंच प्रदान करेगा। आनंद सिंह, अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, संबलपुर की अध्यक्ष अंजनी सिंह, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन के सभी सदस्य और मंडल के अधिकारी उपस्थित थे।

उद्घाटन के दिन करीब 50 बच्चों ने भाग लिया। नृत्य, ड्राइंग, पेंटिंग और तैराकी जैसे विभिन्न कार्यक्रम इस शिविर मे आयोजित किये जा रहे हैं। नामांकन और अन्य विवरण के लिए वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी, संबलपुर (कल्याण अनुभाग) या, कार्यालय मो. नंबर 9777403054 से संपर्क कर सकते हैं।

# एमसीएल जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पदमजा ने ट्यूशन सेंटर का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** एमसीएल जागृति महिला मंडल द्वारा रेगुलेटरी पाड़ा के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से ट्यूशन सेंटर का निर्माण कार्य किया गया है। वहां शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों की सुविधा हेतु ट्यूशन सेंटर अति आवश्यक था, जिसका उद्घाटन जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पदमजा सिंह द्वारा सात मई को किया गया। इस अवसर पर जागृति महिला मंडल की दो उपाध्यक्षाएं अल्पना शुक्ला राव एवं रश्मि बेहुरा, मंडल की कार्यकारिणी समिति तथा सदस्य भी उपस्थित थीं। यह ट्यूशन सेंटर विशेष रूप से उन बच्चों के मदद हेतु चलाया जा रहा है, जिनके अभिभावक आर्थिक रूप से कमजोर हैं। यह सेंटर ग्रीष्म ऋतु में सुबह तथा सर्दियों में बच्चों की सुविधा अनुसार शाम को चलाया जाता है। कक्षा 10वीं तक के बच्चे यहां बहुत ही खुशी पूर्वक ज्ञान अर्जित करते हैं। जागृति महिला मंडल न केवल इन बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा अपितु समय-समय पर जरूरत की शिक्षा सामग्री मुहैया करते आ रहे हैं। बच्चों के लिए एक अध्यापिका को नियुक्त किया गया है, जिसका वेतन मंडल द्वारा ही प्रदान किया जाता है। मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह इन बच्चों के विकास को लेकर हमेशा प्रयत्नशील रही हैं। उनके नेतृत्व में मंडल सदैव नेक कार्यों के लिए समाज में योगदान देने के लिए तत्पर तथा उत्साहित रहता है।

# भुवनेश्वर और कटक रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' स्टालों के माध्यम से 'मिलेट उत्पादों' की बिक्री

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** मिलेट सदियों से हमारे आहार का अभिन्न अंग रहा है। स्वास्थ्य लाभ के अलावा, कम पानी और कम लागत वाले मिलेट पर्यावरण के लिए भी अच्छे हैं। जागरूकता पैदा करने और मिलेट के उत्पादन और खपत को बढ़ाने के उद्देश्य से, भारत सरकार के अनुरोध पर संयुक्त राष्ट्र ने 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष घोषित किया।

इस मिलेट अंतर्राष्ट्रीय वर्ष में, खोरधारोड मंडल ने भुवनेश्वर और कटक रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉलों पर मिलेट उत्पादों की बिक्री के लिए पहल की है। अब यात्री विभिन्न मिलेट अनाज, रागी पाउडर, सत्तू पाउडर, बाजरा पाउडर आदि जैसे उत्पादों तथा इन दो रेलवे स्टेशनों पर और भी विभिन्न मिलेट से तैयार स्नैक आइटम जैसे बिस्कुट, मिक्सचर, केक आदि का लाभ उठा सकते हैं।

हाल के बजट में भारत सरकार द्वारा स्थानीय कारीगरों, कुम्हारों, बुनकरों/हथकरघा बुनकरों, आदिवासियों, किसानों आदि के कल्याण और बेहतर आजीविका प्रदान करने के उद्देश्य से वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना की घोषणा की गयी थी। खोरधा रोड मंडल अपने यात्रियों से भुवनेश्वर और कटक रेलवे स्टेशनों पर उपलब्ध इन मिलेट उत्पादों का लाभ उठाने और स्वयं को स्वस्थ और फिट रखने का आग्रह करता है।

# पश्चिम बंगाल की ममता सरकार ने 'द केरल स्टोरी' पर लगाया प्रतिबंध

**कोलकाता (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को 'द केरल स्टोरी' पर प्रतिबंध लगा दिया। ममता सरकार के मुताबिक राज्य में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचने और शांति बनाये रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। सोमवार को द केरल स्टोरी के मुद्दे पर ममता बनर्जी ने भाजपा और सीपीआइ (एम) पर जम कर निशाना साधा। सीएम बनर्जी ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि बंगाल फाइल तैयार की जा रही है। उन्होंने इसे पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की कोशिश करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, यह केरल फाइल क्या है?






# झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए प्रचार समाप्त कल होगा मतदान

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** झारसुगुड़ा उपचुनाव के लिए चुनाव प्रचार सोमवार शाम समाप्त हो गया। मंगलवार विश्राम का दिन है और बुधवार को मतदान होगा। इस चुनाव को जीतने के लिए बीजेपी, बीजेडी और कांग्रेस के तीन पार्टियों के उम्मीदवार जी-तोड़ कोशिश कर रहे हैं। झारसुगुड़ा में प्रचार को देखते हुए संकेत मिलता है कि मुख्य रूप से भाजपा और बीजेडी के बीच लड़ाई है। दूसरी तरफ झारसुगुड़ा इंजीनियरिंग स्कूल से सभी बूथों पर इवीएम, वीवीपैट व अन्य सामान भेजा जा रहा है। शाम तक 1194 पदाधिकारी चुनाव कराने के लिए अपने-अपने बूथ पर पहुंच जायेंगे। 227 बूथों पर पोलिंग पार्टी रवाना हो गयी। 26 पिंक बूथों पर महिला अधिकारियों को लगाया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वे सुबह 10 बजे तक बूथ पर पहुंच जायेंगे।

# घर में घुस कर 12 साल की बच्ची की गला काट कर हत्या

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** अंगुल शहर के उपनगर कुइयो गांव में सोमवार को सुबह 10 बजे एक नाबालिग की गला काट कर हत्या कर दी गयी। मृतक का नाम नाबालिग भागीरथी साहू की बेटी खुशी साहू है। वे कुइयो गांव में रहते थे, जबकि उनका असली घर तालचेर डअंरा गांव में है। नाबालिग सुबह अपनी मां के साथ घर पर थी, अचानक एक युवक घर में घुस गया और बच्ची की मां को धक्का देकर नाबालिग की गर्दन काट कर भाग गया। घायल अवस्था में नाबालिग को परिजनों ने जिला मुख्य अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन यहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सदर थाना पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**